CMYK

तापमान
अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स
81,721.08
24,853.15

सोना 98,900
चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 26 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 134 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प का एपल के बहाने भारत पर निशाना**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**वापस लौटे हेजलवुड आरसीबी से जुड़ेंगे**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पहलगाम के बाद अमरनाथ यात्रा में हाई सिक्योरिटी

### 60 किमी के रूट पर 35 हजार जवान, 4 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

पहलगाम, वार्ता

- चार लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया

**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद इस साल अमरनाथ यात्रा अपने इतिहास की सबसे कड़ी हाई सिक्योरिटी में होने जा रही है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि 2024 में जहां कुल 40 हजार जवान तैनात थे। वहीं इस बार 35 हजार जवानों की तैनाती 60 किमी वाले दोनों यात्रा रूट पर ही रहेगी। इसके अलावा, जम्मू से पवित्र गुफा तक की सुरक्षा एक लाख जवान संभालेंगे।

दोनों रूट हाई रेजोल्यूशन और फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी वाले 4 हजार सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेंगे। इन्हें 6 कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। बंकर भी बनाए जा रहे हैं। जम्मू से पवित्र गुफा तक दो यात्रा रूट हैं। पहला- 14 किमी लंबा बालटाल रूट, जो बेस कैंप से गुफा तक 14 किमी लंबा है। दूसरा- पहलगाम रूट जो बेसकैंप से गुफा तक 46 किमी लंबा है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली इस तीर्थयात्रा के लिए देशभर से 4 लाख से अधिक श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अधिकारी कई विभागों के साथ पहलगाम और बालटाल के दोनों मार्गों पर ट्रैक को साफ करने और सुविधाओं को लेकर काम कर रहे हैं। बालटाल मार्ग से बालटाल, नीलग्रथ डोमेल, ब्रारी मार्ग, संगम, लोअर गुफा और पवित्र गुफा पर शिविर स्थापित किए जा रहे हैं। पहलगाम मार्ग से नंदीवान, चंदनवाड़ी, पिसु टाप, शेषनाग और पंचतरणी पर भी कैंप बन रहे हैं। बालटाल और नंदीवान बेस कैंप में दो नए यात्री भवन



का निर्माण शामिल है। श्रीनगर के पंथाचौक स्थित 6 मंजिला यात्री निवास की दो और मंजिलें इस साल शुरू होने वाली हैं। इसकी क्षमता 1,000 लोगों की है। स्वच्छता सेवाओं का काम ग्रामीण विकास विभाग को सौंपा गया है। 5,000 शौचालय स्थापित किए जा रहे हैं, 2,000 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सुरक्षा के अलावा, तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए भी तैयारियां चल रही हैं।

## चार राज्यों में पहुंचा मानसून, महाराष्ट्र में तेज बारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- जून के पहले हफ्ते में मप्र में एंट्री संभव, दिल्ली में 49 फ्लाइट्स डायवर्ट, हिमाचल में बादल फटा
- गाजियाबाद में एसीपी ऑफिस में बने कमरे की छत गिरने से एसआई की दबकर मौत

**नई दिल्ली।** केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु के बाद मानसून की एंट्री महाराष्ट्र में हो गई है। रविवार को पश्चिमी महाराष्ट्र के जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा, पुणे, कोल्हापुर सहित पहाड़ी इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई और कोंकण में प्री-मानसून बारिश ने दस्तक दे दी है। मध्य प्रदेश में भी समय से पहले मानसून की एंट्री हो सकती है। जून के पहले हफ्ते में तेज बारिश का दौर शुरू होगा। आमतौर पर राज्य में मानसून की एंट्री 16 जून के आसपास होती है। पिछले साल 21 जून को मानसून आया था। दिल्ली में शनिवार रात आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। इसके चलते 100 से ज्यादा फ्लाइट प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने बताया कि रात 11:30 बजे से सुबह 4:00 बजे तक 49 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। मौसम विभाग ने बताया कि रात 11:30 बजे से सुबह 5:30 बजे तक 82 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चली और 3.2 इंच (81.2 -शेष पृष्ठ दो पर

## तटरक्षक बल और नौसेना ने लाइबेरियाई पोत पर सवार सभी 24 लोगों को बचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना ने खतरनाक सामान से लदे एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत के केरल तट के पास डूबने पर चालक दल के सभी 24 सदस्यों को रविवार को बचा लिया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि लाइबेरियाई कंटेनर पोत एमएससी ईएलएसए 3 रविवार सुबह सात बजकर 50 मिनट पर कोच्चि तट पर बाढ़ के कारण डूब गया। पोत पर सवार चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया, जिनमें से 21 को तटरक्षक बल ने और तीन को नौसेना के पोत आईएनएस सुजाता ने बचाया। यह पोत 640 कंटेनरों के साथ डूब गया। पोत पर 13 में खतरनाक सामान और 12 में कैल्शियम कार्बाइड वाले कंटेनर थे। कंटेनरों में 84.44 टन डीजल और 367.1 टन फर्नेस ऑयल भी भरा हुआ था। केरल के तट पर संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए तटरक्षक बल ने प्रदूषण संबंधित कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। तेल रिसाव का पता लगाने वाली उन्नत प्रणालियों से लैस विमान हवाई निगरानी कर रहा है।

## मणिपुर शब्द हटाने पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प

**इंफाल।** मणिपुर में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। यह झड़प उस वक्त हुई जब प्रदर्शनकारी राज्य परिवहन की एक बस से 'मणिपुर' शब्द हटाए जाने के विरोध में राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे थे। कोआर्डिनेटिंग कमेटी आन मणिपुर इंटेग्रिटी (सीओसीओएमआई) के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग ख्वैराम्बंद बाजार में एकत्र हुए और वहां से लगभग 500 मीटर की रैली निकाल कर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि राज्यपाल अजय कुमार भल्ला इस अपमानजनक कृत्य के लिए माफी मांगें।

## राजग के मुख्यमंत्रियों ने किया जातीय जनगणना का समर्थन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को यहां हुई बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गई और जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का पूरी तरह समर्थन किया गया। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजग शासित राज्यों के सभी 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों के अलावा भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद श्री नड्डा ने कहा कि बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव 'ऑपरेशन सिंदूर' पर था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और हमारी सेना के काम की प्रशंसा की गई तथा सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की अत्यधिक सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## 'मन की बात' में मोदी का दावा

## सिर्फ सैन्य अभियान ही नहीं, बदलते भारत की तस्वीर है ऑपरेशन सिंदूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिये लोगों से बात की। कार्यक्रम का रविवार को 122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की।

उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, नमस्कार! आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी



- बोले- देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है आतंकवाद को हर हाल में खत्म करना ही है

सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा, देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए और हमने देखा कि चंडीगढ़ के वीडियो तो काफी वायरल हुए थे। पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाए जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे, जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। मैं अभी तीन दिन पहले बीकानेर गया था। वहां बच्चों ने मुझे ऐसी ही एक पेंटिंग भेंट की थी। ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता अनिवार्य: भागवत

**नागपुर।** आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता की अनिवार्यता पर जोर दिया और कहा कि भारत को किसी भी खतरे से स्वतंत्र रूप से अपनी रक्षा करने में सक्षम होना चाहिए, भले ही देश के खिलाफ कई शक्तियां एकजुट हों। आरएसएस की शताब्दी के अवसर पर 'ऑर्गनाइजर' के साथ विस्तृत साक्षात्कार में श्री भागवत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें दूसरों पर निर्भर नहीं होना चाहिए। हमें अपनी रक्षा करने में सक्षम होना चाहिए। कोई भी हमें जीतने में सक्षम नहीं होना चाहिए, भले ही कई शक्तियां एक साथ आ जाएं। उन्होंने जोर दिया कि सच्ची ताकत भीतर से आती है और इसे गलत दिशा में हिंसा से बचने के लिए सद्गुणों के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। एक सद्गुणी व्यक्ति सिर्फ अपने सद्गुणों के कारण सुरक्षित नहीं है, इसलिए सदगुणों को शक्ति के साथ जोड़ा जाना चाहिए। केवल क्रूर शक्ति दिशाहीन हो सकती है, जिससे स्पष्ट हिंसा हो सकती है। इसलिए शक्ति को धर्म के साथ जोड़ा जाना चाहिए। श्री भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ की शक्ति की दृष्टि वैश्विक प्रभुत्व के उद्देश्य से नहीं है, बल्कि सभी के लिए शांति और सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से है।

## पाक एजेंट अदिति के शिकंजे में गुजरात का सहदेव

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात एटीएस** ने कच्छ से एक पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को अरेस्ट किया है। सहदेव कच्छ जिले के लखपत तालुका में संविदा पर तैनात था। वह बीएसएफ व नेवी की मौजूदा सैन्य इकाइयों की फोटो-वीडियो व्हाट्सएप के जरिये पाकिस्तानी एजेंट को भेज रहा था।

एटीएस के मुताबिक, इसके लिए जून 2023 में एक महिला ने खुद को अदिति भारद्वाज बताकर गोहिल से व्हाट्सएप पर संपर्क किया था। बताया जा रहा है कि पहली बार उसे संवेदनशील सूचनाएं भेजने पर 40 हजार रुपये नकद मिले थे। इससे पहले एटीएस ने 7 जुलाई 2023 को भी कच्छ के एक युवक को अदिति नाम की लड़की के लिए ही जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। भारत से गद्दारी कर दुश्मन देश पाकिस्तान के लिए भारत में रहकर जासूसी करने वाला सहदेव पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी के संपर्क में कैसे आया और कितने समय तक संपर्क में रहा?



- एटीएस ने कच्छ से पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को किया गिरफ्तार
- पाकिस्तानी एजेंसी को भेज रहा था कच्छ के बीएसएफ व नेवी की फोटो और वीडियो

सहदेव सिंह को किस तरह की सूचनाएं देने का काम सौंपा गया था।

## लालू ने तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से किया बेदखल

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निष्कासित कर दिया है। श्री यादव ने एक महिला के साथ तेजप्रताप यादव का फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर पोस्ट करके अपने बड़े पुत्र को पार्टी और परिवार से निष्कासित किए जाने की जानकारी दी।

उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएवं उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी

- कहा: तेजप्रताप ने सामाजिक न्याय को किया कमजोर

भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। राजद प्रमुख ने आगे लिखा कि अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद। तेजप्रताप यादव के फेसबुक अकाउंट से एक लड़की के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा गया था, 'मैं तेजप्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते है।

## चार राज्यों की पांच विस सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुजरात की दो और केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को कराने की रविवार को घोषणा की। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात विधानसभा की कादी (अनुसूचित जाति) और विसावदार, केरल की निलम्बूर, पंजाब की लुधियाना (पश्चिम) और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना सोमवार 26 मई को जारी की जाएगी। इन उपचुनावों के लिए नामांकन दो जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच तीन जून को की जाएगी और नामांकन पांच जून तक वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर मतदान 19 जून को कराया जाएगा और मतगणना 23 जून को कराई जाएगी। आयोग ने कहा है कि इन रिक्त पड़ी सीटों के उपचुनाव की पूरी प्रक्रिया 25 जून तक सम्पन्न हो जाएगी। उपचुनाव की घोषणा के साथ वहां आदर्श चुनाव संहिता लागू कर दी गई है। ये सीटें निर्वाचित प्रतिनिधियों के निधन या इस्तीफे के कारण रिक्त है।

## श्री हेमकुंड साहिब के कपाट खुले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गोपेश्वर।** सिख धर्म की आस्था के प्रमुख केंद्र और पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब जी के कपाट रविवार को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसी के साथ श्री हेमकुंड साहिब की वार्षिक यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार को गोविन्दघाट गुरुद्वारे से पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था भारी पुलिस सुरक्षा, बैंड-बाजों की धुन और पवित्र निशान साहिब के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। इस जत्थे ने रात्रि विश्राम घांघरिया गुरुद्वारे में किया। रविवार प्रात: यह जत्था जयकारों के साथ हेमकुंड साहिब के लिए आगे बढ़ा और प्रात: शुभ मुहूर्त में श्री हेमकुंड साहिब के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। सिख आस्था के इस प्रमुख स्थल के साथ ही हिंदुओं की आस्था के प्रतीक लोकपाल मंदिर (लक्ष्मण मंदिर) के कपाट भी विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम



- पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था पवित्र निशान साहिब के साथ हुआ रवाना

यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जनपद चमोली पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ावों पर विशेष रूप से एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं।

## विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

### इकोनॉमिक पॉलिसी के चलते हासिल की उपलब्धि, जापान को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, वार्ता

**भारत अब** आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने यह उपलब्धि अपनी इकोनॉमिक पॉलिसी के कारण हासिल की है। नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने देश की अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी की है।

नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हम दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। इंटरनेशनल मानेटरी फंड यानी आईएमएफ के आंकड़ों का हवाला देते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं और यह मेरा डेटा नहीं है। यह आईएमएफ का डेटा है। भारत आज जापान से बड़ा है। केवल



संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो अगले 2.5 से 3 वर्षों की बात है, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए

- भारत आज जापान से बड़ा है, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हैं हमसे बड़े

जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही दिख रहा है। नीति आयोग के प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने राज्यों से विकसित भारत का आह्वान इसलिए किया है, क्योंकि यह एक लंबी यात्रा है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी कहा कि भारत जापान से आगे निकलकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली वाले परेशान मंत्री यूएस में: आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 25 मई की रात आए तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई, जिसकी वजह से रविवार को लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि लोग वॉटर लॉगिंग और पानी की कमी से परेशान हो रहे हैं और मंत्री अमेरिका में हैं। आप नेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर किसी मंत्री को विदेश यात्रा करनी है, तो उसे गृह मंत्रालय से अनुमति लेनी पड़ती है और फाइल सीएम और एलजी के माध्यम से जाती है। इसलिए सभी जानते हैं कि प्रवेश वर्मा भारत में नहीं है। इसके आगे उन्होंने कहा कि भाजपा और उसका नेतृत्व इस तथ्य को क्यों छिपा रहा है कि इस संकट के समय दिल्ली में पानी की कमी और जलभराव में उनके पीडब्ल्यूडी मंत्री अमेरिका में हैं?

### भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**बहराइच।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, क्योंकि खुफिया रिपोर्ट में 30 से अधिक पाकिस्तानी और बंगलादेशी नागरिकों द्वारा भारत में घुसपैठ की फिराक में होने की सूचना है। इस सूचना के बाद सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को उच्च सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच इन संदिग्ध व्यक्तियों के नेपाल पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। एसएसबी की 42वीं वाहिनी के सेनानायक गंगा सिंह उदावत ने बताया कि 35 से 37 बंगलादेशी और पाकिस्तानी नागरिक अपने देशों से सीमा पार कर नेपाल आ गए हैं। उनकी योजना खुली सीमा के जरिए भारत में घुसपैठ करने की है, लेकिन सुरक्षा बल उन्हें तुरंत पकड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कमांडेंट उदावत ने बताया कि एसएसबी ने गश्त तेज कर दी है और चौबीसों घंटे जांच अभियान चलाया जा रहा है। जवान सड़कों, जंगलों और सीमा के समीप गांवों में पैदल और वाहनों से गश्त कर रहे हैं।

### सरकार बेरोजगारी पर भी ध्यान दे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर को लेकर एक ओर भाजपा नेता इसका श्रेय पीएम मोदी को दे रहे है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस इसको लेकर भाजपा पर निशाना साध रही है। कांग्रेस का कहना है कि सरकार को बेरोजगार और मध्य वर्ग की परेशानियों पर भी ध्यान देना चाहिए। विपक्षी नेताओं ने नीति आयोग के इस ऐलान के बाद मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि सरकार मध्यम वर्ग की परेशानी और बेरोजगारी पर कितना ध्यान दिया गया। आरजेडी नेता मनोज झा ने सरकार से कहा कि क्या अर्थव्यवस्था बढ़ने से आम आदमी पर कुछ असर पड़ेगा? कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि सरकार को यह देखना चाहिए कि इससे आम नागरिकों को कितना फायदा हो रहा है। सरकार को प्रति व्यक्ति आय, अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई, ईएमआई चुकाने में संघर्ष कर रहे मध्यम वर्ग, एमएसएमई क्षेत्र, बेरोजगारी जो 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ रही है।

# मदरसों के खिलाफ कार्रवाई कोर्ट की अवमानना

नई दिल्ली, वार्ता



■ सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच ने लगाई थी रोक: मदनी

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर पिछले साल 21 अक्टूबर 2024 को पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में 3 सदस्यीय बेंच ने इस्लामी मदरसों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई और उन सभी नोटिसों पर रोक लगा दी थी, जो विभिन्न राज्यों खासतौर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मदरसों को जारी किए गए थे। उसमें कहा गया था कि कोर्ट द्वारा नोटिस जारी किए जाने के समय तक इस संबंध में अगर कोई नोटिस या आदेश केंद्र या राज्य सरकार की ओर से जारी होता है तो उस पर भी विधिवत रोक जारी रहेगी।

मौलाना अरशद मदनी कहा कहना है कि सुप्रीमकोर्ट की इस रोक के बावजूद उत्तर प्रदेश के उन सभी मुस्लिम बहुल ज़िलों में जिनकी सीमाएं नेपाल से मिलती हैं, मदरसों ही नहीं दरगाहों, ईदगाहों और कब्रिस्तानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई धड़ल्ले से न केवल जारी है, बल्कि अब तक सैकड़ों मदरसों को असंवैधानिक घोषित करके सील किया जा चुका है। कई मदरसों को ध्वस्त भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुख की बात तो यह है कि वैध दस्तावेज़ होने के बावजूद यह अभियान जारी है, जिसको लेकर मुसलमानों में डर का माहौल पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखि़ल की गई याचिका पर ही सुप्रीमकोर्ट ने मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई थी और अब मदरसों के खिलाफ जो नया अभियान शुरू हुआ है, जमीअत उलमा-ए-हिंद उसके खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराने और मदरसों के ज़िम्मेदारों की सलाह और परामर्श की रणनीति तय करने के उद्देश्य से 1 जून 2025 को आजमगढ़ के सराय मीर में स्थित जामिया सुरैया फैजुल उलूम में मदरसा सुरक्षा सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। बताया जा रहा है कि इस सम्मेलन में सभी मदरसों के जिम्मेदारों और संबंधित लोगों को बुलाया गया है। सम्मेलन के आयोजन और प्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मौलाना अशहद रशीदी को सौंपी गई है।

# मन की बात: मोदी ने की यूपी के युवाओं की तारीफ

नई दिल्ली, वार्ता



■ खेल के मैदान से शहद उत्पादन तक की सराहना

पीएम मोदी ने अपने कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड में यूपी के युवाओं की तारीफ की। उन्होंने खेल के मैदान से लेकर शहद उत्पादन तक में यूपी के युवाओं की मेहनत और उपलब्धियों को पूरे देश के सामने रखा। बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी जैसे युवाओं के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन की पीएम मोदी ने खुले दिल से सराहना की।

नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में शामिल होने पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी पीएम का यह कार्यक्रम सुना और युवाओं को बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'खेलो इंडिया' मिशन को नई ऊर्जा मिली है और आज यूपी के खिलाड़ी देश के लिए गर्व बन रहे हैं। कादिर खान ने 400 मीटर दौड़ में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। बरेली के एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कादिर का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करें। वहीं शेख जीशान वाराणसी के रहने वाले हैं। ट्रिपल जंप में उन्होंने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। उनके पिता ऑटो चलाते हैं, लेकिन जीशान ने कभी हार नहीं मानी। इनके अलावा तुषार चौधरी बिजनौर के किसान परिवार से हैं। उन्होंने वेटलिफ्टिंग (102 किलोग्राम वर्ग) में 289 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। इन युवाओं ने हाल ही में बिहार में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश में शहद उत्पादन में हो रही प्रगति की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि यूपी में हनी उद्यमियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सीएम योगी ने इसे 'मधुमय अभियान' का नाम दिया और कहा कि यह मिशन सिर्फ शहद उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि यह स्वास्थ्य, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का भी जरिया बन चुका है।

### माओवादी हिंसा की सफलता के बाद प्रभावित जगहों पर सामान्य सुविधाएं पहुंचने लगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि माओवादी हिंसा के खिलाफ सामूहिक लड़ाई की सफलता बाद अब हिंसा से प्रभावित जगहों पर सामान्य सुविधाएं पहुंचने लगी हैं और दंतेवाड़ा जैसे जिले खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाई हासिल कर रहे हैं। मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें अंक में कहा कि बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है। लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे और जब गांव में पहली बार बस पहुंची, तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया।

## यूपी के गांवों के लोगों को नई तकनीक से दक्ष बनाया जाएगा: योगी

# ग्राम पंचायतों में डिजिटल क्रांति लाएगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 278 करोड़ से बनेगा वर्कफोर्स और लर्निंग सेंटर
■ राष्ट्रीय ग्राम अभियान के तहत चलाई जा रही है योजना

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार अब गांवों को डिजिटल रूप से और मजबूत बनाने जा रही है। सरकार की योजना है कि ग्राम पंचायतों को तकनीक से जोड़कर न सिर्फ जन सुविधाएं बेहतर की जाएं, बल्कि गांव के लोगों को भी नई तकनीकों के इस्तेमाल में दक्ष बनाया जाए।

इसी उद्देश्य से प्रदेश में 278 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ी योजना शुरू की जा रही है, जिसमें डिजिटल वर्कफोर्स तैयार की जाएगी और जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर तथा पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह पूरी योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत चल रही है, जिसका मकसद गांवों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ाना है। सीएम योगी के निर्देश पर पंचायती राज विभाग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत राज्य, जिले और विकास खंड स्तर पर कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे डिजिटल प्लेटफार्मों पर बेहतर काम कर सकें और सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक सही तरीके से पहुंचा सकें। प्रदेश सरकार की इस योजना का फोकस पंचायत कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने और तकनीकी प्रशिक्षण पर है। पंचायत लर्निंग सेंटरों के जरिए कर्मचारियों को कंप्यूटर, मोबाइल ऐप्स और अन्य डिजिटल टूल्स के इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए अलग-अलग स्तरों पर मानव संसाधनों की तैनाती की जाएगी। इससे योजनाओं को लागू करने की रफ्तार भी बढ़ेगी और ग्राम पंचायतें पहले से अधिक सक्षम हो सकेंगी। योगी सरकार ने हाल ही में प्रदेश में एआई प्रज्ञा कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत 10 लाख लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपकरणों और तकनीकों में दक्ष बनाया जाएगा। अब यह योजना गांवों तक भी पहुंचेगी। ग्राम पंचायतों, ब्लॉकों और जिलों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी एआई टूल्स की जानकारी दी जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी समझ बढ़ेगी और काम की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस योजना को सुचारु रूप से लागू करने के लिए चार स्तरों पर समितियां बनाई जाएंगी।

इनमें राज्य स्तर पर पंचायती राज मंत्री की अध्यक्षता में सलाहकार समिति, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संचालन समिति, प्रमुख सचिव पंचायती राज की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति और निदेशक पंचायती राज की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति कार्य करेंगी। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों को सशक्त, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इसकी शुरुआत वर्ष 2018 में की गई थी और इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में स्थानीय शासन प्रणाली को मजबूत करना है। उत्तर प्रदेश में इस योजना के तहत पहले भी कई तरह के प्रशिक्षण और डिजिटल पहलें चलाई जा चुकी हैं।


### यूपी के प्रमुख शहरों में बनेंगे रिंग रोड बाईपास और फ्लाईओवर: पीडब्ल्यूडी

■ एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर को मिलेगा फायदा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जनता को यातायात जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए प्रदेश के प्रमुख शहरों में रिंग रोड, बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, जिससे जाम से निजात मिलेगी और यातायात पहले से ज्यादा बेहतर और सुगम हो सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इसकी विस्तृत योजना तैयार कर ली है। इस काम के लिए 6,124 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और वित्तीय वर्ष 2025-26 में 62 परियोजनाओं पर काम शुरू होगा। यह योजना खासतौर पर उन शहरों के लिए है, जहां की आबादी एक लाख से ज्यादा है और जहां ट्रैफिक का दबाव बहुत अधिक रहता है। लोक निर्माण विभाग ने बताया है कि इस परियोजना में यातायात के दबाव और जनसंख्या को आधार बनाकर प्राथमिकता तय की गई है। इस समस्या को देखते हुए सरकार ने फैसला लिया है कि बड़े और व्यस्त इलाकों में बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, ताकि भारी वाहनों को शहरों में न आना पड़े और शहर के अंदरूनी रास्तों पर दबाव कम हो। योगी सरकार का सपना है कि उत्तर प्रदेश को देश की पहली 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाया जाए। इसके लिए सड़क और परिवहन नेटवर्क को मजबूत करना जरूरी है। प्रदेश में औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक्स हब और एक्सप्रेस-वे पहले से ही बनाए जा रहे हैं। अब रिंग रोड और बाईपास जैसी परियोजनाओं से फ्रंट मूवमेंट भी आसान होगा और व्यवसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के तहत सिर्फ उन्हीं शहरों में काम होगा जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं गुजरता। जिन शहरों में राजमार्ग हैं, वहां राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण खुद रिंग रोड और बाईपास बनाएगा। लोक निर्माण विभाग ने साफ किया है कि एक लाख से ज्यादा आबादी वाले नगर निकाय अगर प्रस्ताव भेजते हैं, तो आबादी और ट्रैफिक की प्राथमिकता के अनुसार उन्हें योजना में शामिल किया जाएगा। इससे छोटे शहरों में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

# सीएम अब्दुल्ला घाटी में करेंगे सरकारी बैठकें

श्रीनगर, वार्ता



■ जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों का भरोसा जगाने के लिए उमर की पहल

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है, इसको लेकर जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर्यटकों में विश्वास पैदा करने के लिए घाटी के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर आधिकारिक बैठक करेंगे। बैठक के लिए सबसे पहले गुलमर्ग को चुना गया है। 28 मई बुधवार को सीएम की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक होगी।


जम्मू-कश्मीर सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नोटिस जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री 28 मई को दोपहर 12 बजे गुलमर्ग में एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। तदनुसार अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। उमर के अलावा उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी और कैबिनेट मंत्री तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी भी बैठक में शामिल होंगे। शीर्ष अधिकारियों में जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव, 30 से अधिक विभागों के सभी प्रशासनिक सचिव, कश्मीर के संभागीय आयुक्त, कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी कश्मीर के डीआईजी, पंद्रह विभागों के निदेशक, बारामुल्ला के उपायुक्त तथा दर्जनों अन्य अधीनस्थ अधिकारी बैठक में शामिल होंगे। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक और मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला दरवाजे पर शासन पहल के तहत गुलमर्ग और पहलगाम सहित विभिन्न स्थानों पर कैबिनेट बैठकों का नेतृत्व करेंगे।

सादिक ने रविवार 25 मई को श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री गुलमर्ग, पहलगाम और अन्य क्षेत्रों में भी बैठकें करेंगे और व्यक्तिगत रूप से विकास कार्यों की निगरानी करेंगे। वह सभी सार्वजनिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए हर दरवाजे तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अर्थ व्यापार

# जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता



दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा।

वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक तनाव और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल से हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अमेरिका के बजट घाटे, मुद्रास्फीति आंकड़े और बेरोजगारी दावों के साथ ही समाप्त वित्त वर्ष के भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों पर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.51 अंक अर्थात 0.74 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24853.15 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा।

इससे मिडकैप 144.42 अंक अर्थात 0.32 प्रतिशत कमजोर होकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस को 44861.42 अंक पर आ गया, जबकि स्मॉलकैप 475.68 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 51521.42 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। इसका मुख्य कारण वैश्विक बॉन्ड बाजारों में उथल.पुथल और भू.राजनीतिक तनाव रहे। सप्ताह की शुरुआत मजबूत रही, लेकिन अमेरिका में कमजोर ट्रेजरी नीलामी और बॉन्ड ईल्ड में बढ़ोतरी ने वैश्विक जोखिम, मुक्त धारणा को प्रबल किया, जिससे सप्ताह के मध्य में सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली देखने को मिली।

अमेरिका और जापान दोनों में बढ़ते बॉन्ड ईल्ड से निवेशकों की चिंता गहराई क्योंकि इससे उभरते बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर पलायन हो सकता है। इस बीच अमेरिका द्वारा कंपनियों को चीन खासकर हुवेई टेक्नोलॉजीज के निर्मित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चिप्स को इस्तेमाल से रोकने के फैसले ने चीन के साथ व्यापार तनाव को और बढ़ा दिया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम को 'एकतरफा बदमाशी' बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया और सख्त प्रतिशोध की चेतावनी दी।

### विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 685.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 16 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 690.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 16 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 27.9 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 5.1 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, चावल-दाल महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सामान्य रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि उठाव बढ़ने से चावल और अरहर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 12 रिंगिट फिसलकर 3825 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.47 सेंट की तेजी के साथ 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये, मूंगफली तेल 512 रुपये, सोया रिफाइंड 73 रुपये और वनस्पति तेल 439 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपये और पाम ऑयल 147 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 15385 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17802 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14652 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 14066 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन:** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सत्र के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

### सिक्किम और उत्तराखंड में स्थानीय कलाओं को संवारना जीवन को सच्चा अर्थ देना: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर में सिक्किम और उत्तराखंड में स्थानीय कलाओं को संवारने को जीवन को सच्चा अर्थ देना करार दिया है। मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें अंक में कहा कि दो-तीन दिन पहले ही मैं पहली उभरता पूर्वोत्तर शिखर सम्मेलन में गया था। उससे पहले हमने पूर्वोत्तर के सामर्थ्य को समर्पित 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' भी मनाया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**चार राज्यों में...**

एमएम) तक बारिश हुई। मिंटो रोड, मोती बाग और दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 की सड़कों पर पानी भर गया। यूपी के गाजियाबाद में एसीपी ऑफिस में बने कमरे की छत गिरी, जिसमें एसआई वीरेंद्र मिश्रा की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में शनिवार शाम बादल फटने के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई। इससे 25 से ज्यादा वाहनों को नुकसान पहुंचा। पहाड़ों से गिर रहे मलबे से हिंदुस्तान-तिब्बत रोड और नेशनल हाईवे-5 बंद हो गया। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में घर की दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। बीकानेर, सीकर और झुंझुनू में शनिवार देर रात आंधी की वजह से इलेक्ट्रिक पोल और पेड़ उखड़ गए। 24 मई को मानसून की एंट्री के बाद से केरल के सभी जिलों में भारी बारिश जारी है। 25 मई को भी तेज हवा और बारिश हुई है। इसके कारण कई पेड़ उखड़ गए, घर क्षतिग्रस्त हो गए, कई नदियों के उफान पर होने के चलते बांध ओवरफ्लो हो गए। इसके चलते कुछ बांधों के शटर खोले गए। वायनाड के लैंडस्लाइड प्रभावित इलाके चूरलमाला में 24 मई की रात से तेज बारिश हुई है। लोगों को दोबारा लैंडस्लाइड का डर सता रहा है। चूरलमाला-मुंडक्कई इलाके से गुजरने वाली पुन्नपुझा नदी का वाटर लेवल बढ़ा है। वहीं, मौसम विभाग ने रविवार को देश के 21 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तराखंड में ओले गिरने और राजस्थान में धूल भरी आंधी-हीटवेव की चेतावनी दी है। वहीं रविवार से नौतपा की भी शुरुआत हो गई है, जो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान भीषण गर्मी होती है।

# पीएम मोदी बदजुबान नेताओं पर नहीं करते कार्रवाई: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ भाजपा के नेता और मंत्री सेना का कर रहे अपमान: कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी नेता और मंत्री पहलगाम मुद्दे पर सेना और शहीदों का अपमान कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय खामोश हैं।

खड़गे ने कहा कि भाजपा के नेताओं में पहलगाम के पीड़ितों और बहादुर सेना पर लांछन लगाने की होड़ चल रही है। भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान से एक बार फिर आरएसएस भाजपा की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हमारी जांबाज़ सेना का अपमान किया पर मोदी ने कोई कार्रवाई नहीं की। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने हमारी वीर कर्नल पर भद्दी टिप्पणी की पर आज तक बर्खास्त नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम में शहीद नौसेना ऑफ़िसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था, तब भी मोदी जी चुप थे। मोदी आप कहते हैं कि आपकी रगों में सिंदूर है, अगर ऐसा है, तो आपको महिलाओं के सम्मान के लिए अपने इन बदज़ुबानी नेताओं को बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा नेता लगातार सेना और शहीदों का अपमान कर रहे हैं, जो उनकी ओछी मानसिकता को उजागर करते हैं। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा का यह शर्मनाक बयान बताता है कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा इतनी संवेदनहीन हो चुकी है कि पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों के बलिदान के लिए सुरक्षा चूक को जिम्मेदार ठहराने के बजाय भाजपा सांसद शहीदों एवं उनकी पत्नियों पर ही सवाल उठा रहे हैं। विजय शाह और देवड़ा जैसे नेताओं पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, अब ये नया बयान घोर आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व की चुप्पी को इन बयानों की मौन स्वीकृति क्यों न माना जाए। हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री इस शर्मनाक बयान पर माफी मांगें और सांसद रामचंद्र जांगड़ा को पार्टी से बाहर करें।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय मोदी को देने की होड़ में जुटे भाजपा नेता: अलका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता नैतिकता को ताक पर रखकर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने की होड़ में बहादुर सेना तथा हमले के पीड़ितों को अपमानित कर रहे हैं, लेकिन उन पर कोई करवाई नहीं हो रही है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा नेता एक के बाद एक पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे हैं लेकिन श्री मोदी और भाजपा नेतृत्व उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। लांबा ने कहा कि भाजपा नेता 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय मोदी को देते हुए उनका गुणगान करके सेना और पीड़ितों को जिस तरह से अपमानित कर रहे हैं, ऐसा लगता है कि शीर्ष नेतृत्व से आदेश पाकर वे जहां मौका मिले 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय प्रधानमंत्री को दे रहे हैं और इस होड़ में भाजपा नेताओं की जुबान बिगड़ गई है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्रेय देने की होड़ में भाजपा यानी बदजुबान पार्टी के नेता संयम खोते हुए अपनी भाषा भूल गए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# जयपुर से हरिद्वार जा रही बस ट्रक से टकराई

## नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा, 11 श्रद्धालु घायल



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रविवार सुबह खतौली थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-58 स्थित साक्षी होटल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जयपुर से हरिद्वार जा रही राजस्थान रोडवेज की एक बस अनियंत्रित होकर सडक किनारे खडे एक ट्रक से जा टकराई। इस दुर्घटना में करीब 11 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक की हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है।

रविवार को जयपुर रोडवेज डिपो की बस, जिसमें 25 श्रद्धालुओ को लेकर दिल्ली से हरिद्वार की ओर जा रही थी। जब बस खतौली हाइवे स्तिथ साक्षी होटल के पास पहुँची तो तभी हाइवे किनारे खड़े ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और हादसे के दौरान यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। इस हादसे ने घायल होने वाले श्रद्धालुओं में गोरंग पुत्र बलदेव निवासी बी/17, अनसुया नगर, महिसाना जिला, गुजरात, कुलदीप पुत्र असविन बाई निवासी तालुका बचाव, जिला कच्छ, गुजरात, अशोक कुमार पुत्र दाऊदियार निवासीरू मोहल्ला डिस्पेंसरी रोड, देहरादून, सरिता गुप्ता पत्नी अशोक निवासी मोहल्ला साट, डिस्पेंसरी रोड, देहरादून और आवेश पुत्र जोगिंदर सिंह निवासी ग्राम नरा जडोदा गम्भीर घायल हो गए।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को खतौली सीएचसी पहुंचाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों की पुष्टि की जा रही है।

# व्यापारियों ने जागकर काटी रात, दिया पहरा

**मुजफ्फरनगर।** लोहिया बाजार जो की शहर का दिल कहा जाता है यहाँ पर काफी संख्या में व्यापारिक गतिविधियां दिन भर रहती है व शहर के व्यस्तम क्षेत्रो में से एक है यहाँ 23-मई-2025 की सुबह एक व्यापारी सुबह जब अपनी दुकान खोलने आया तो दुकान का दरवाजा अंदर से बंद मिला जो कि काफी प्रयास करने पर भी नही खुला जिसे छत से प्रवेश कर किसी तरह खुलवाया गया व एक सामान्य घटना समझ अनदेखा कर दिया गया परन्तु शाम के समय जब गेट बंद करने लगे तो वह बन्द नही हुआ व पता लगा की दरवाजे को अंदर से तोड़ने का प्रयास किया गया है जब व्यापारी ने घटना का जिक्र देर शाम आसपास के लोगो से किया तब कड़ियाँ जुड़ी व क्षेत्रिय निवासियों ने बताया कि रात में 12 से 4 बजे के बीच मोहल्ले में 8 से दस असामाजिक तत्व लाठी-डंडो के साथ घूमते हुए देखे गये हैं जिसकी पुष्टि आसपास के कि सीसीटीवी कैमरों से भी हुई है। प्रकरण के कारण क्षेत्रवासियों में डर का माहौल है । समस्त मोहल्ला निवासियों ने रात भर पहरा दिया व सभी ने एकजुटता से कहा कि वह किसी भी चुनोती से निपटने के लिये तैयार हैं व किसी भी प्रकार मौका मिलने पर ऐसे असामाजिक लोगो को सबक सिखा कर ही रहेंगे। लोहिया बाजार निवासियों ने निवेदन भी किया कि पुलिस प्रशासन उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें।

# दोस्त के साथ नहाने गया युवक डूबा, परिजन और पुलिस तलाश में जुटे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली गंगनहर पर अपने दोस्त के साथ नहाने गया एक युवक के लापता हो जाने का मामला सामने आया है। युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उसके दोस्त पर गुमराह करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने युवक की नहर में डूबने की आशंका जताई है। परिजनों के साथ पुलिस युवक की गंगनहर खलासी में तलाश कर रही है।

देवीदास निवासी उमेश पुत्र हीरालाल ने कोतवाली पहुंचकर अपने भतीजे अनिकेत पुत्र दिनेश की गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजनों का कहना है कि अनिकेत को उसका दोस्त शनिवार को घर से बुलाकर गंगनहर पर ले गया था। देर शाम तक घर न लौटने पर जब परिजनों ने तलाश शुरू की, तो नहर किनारे अनिकेत की स्कूटी खडघ़ी मिली, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला। परिजनों ने आशंका जताई है कि अनिकेत के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। उन्होंने युवक के दोस्त पर घटना को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों ने पुलिस से युवक की तलाश करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर युवक की तलाश कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। रविवार की देर शाम पुलिस जांच में पता चला है कि नहर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में दोनों दोस्त स्कूटी पर आते हुए दिखाई दे रहे थे लेकिन वापिस जाते हुय नही दिखाई दिए। वही उस समय नहर पर मौजूद लोगों और परिजनों द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई कि दोनों दोस्त घाट पर नाह रहे थे तभी अचानक अनिकेत गहरे पानी के बीच फस जाने के कारण डूब गया अनिकेत को डूबते देख उसके साथी दोस्त ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह कामयाब नही हो पाया। बताया गया है कि अनिकेत नहर से निकली खलासी की और बहता हुआ गया है। वही परिजनों का कहना था कि अनिकेत तैराक नही था। घटना के बाद अनिकेत के परिजन नहर खलासी में पुलिस और गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कर रहे थे। समचार लिखे जाने तक युवक का सुराग नही लग पाया था। नहर में युवक के डूबने की सूचना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ था।



बीएड पुरातन छात्र सम्मेलन में पूर्व विभागाध्यक्ष सुनीता शर्मा का स्वागत करते संजीव चौधरी।



मुजफ्फरनगर: डीएवी कॉलेज में उपस्थित पुरातन छात्र।

# पुरातन छात्र सम्मेलन मे वर्षों की स्मृतियों मे खोए विद्यार्थी

## बीएड विभाग अध्यक्ष सुनीता शर्मा के 37 साल सेवा पूर्ण करने पर किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को डीएवी कालेज कालेज के सभागार मे बीएड किये छात्र छाताओं का देश के कोने कोने से यहा आकर जमावडा लगा मौका था पुरातन छात्रो के मिलन का ओर गुरुओ सेआर्शीवाद लेने का सभी ने डीएवी कालेज शिक्षा विभाग की साल दर साल की स्मृतियो को ताजा कर माहौल को खुशनुमा बनाकर स्मृति को एक माला मे पिरोया जिससे कार्यक्रम यादगार बन अमिट छाप छोड गया

कार्यक्रम का शुभारम्भ कालेज प्रबंध समिति सचिव डॉ. एम के बसल व अध्यक्ष अमित कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया प्राचार्य डा गरिमा जैन ने सभी का स्वागत किया। डा.एम के बंसल ने अपने सम्बोधन मे कहा कि स्मृतिया चिरकाल तक संदेश देती है खासकर छात्र जीवन की स्मृतिया हमेशा सहज कर मस्तिस्क रखता है।

सम्मेलन में विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वर्षों बाद अपने शिक्षकों और सहपाठियों से मिलकर सभी ने अतीत की सुनहरी यादों को पुनर्जीवित किया। इस आयोजन ने न केवल पुराने संबंधों को पुन: जोडा, बल्कि शैक्षिक और व्यावसायिक अनुभवों को साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान किया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने अपने विचार साझा किए और पूर्व छात्रों ने भी अपने अनुभव सुनाए, जिससे वातावरण भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया। आयोजन का उद्देश्य पुराने छात्रों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखना और शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर योगदान देना रहा। डा रेखा ने कहा कि बीएड विभाग इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, गुरुजनों और आयोजन समिति का आभार जताया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन व खेल कूद हसी मजाक से भरे खेल व संवाद कार्यक्रम हुए व बीएड विभाग अध्यक्षा डॉ. प्रोफेसर सुनीता शर्मा का सम्मान ओढाकर व स्मृति चिह्न व पौधे देकर सम्मानित किया गया उन्होने कहा कि 37 साल की नौकरी कर सेवा निवृत होने पर मे गर्व महसूस कर रही हूं। उन्होने कहा कि डीएवी संस्था पर मुझे बेहद प्यारे छात्र मिले। कार्यक्रम का संचालन अविनाश त्यागी, प्रीतवर्धन शर्मा व मैडम किरण ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम मे अतिथि अमित कुमार एमके बसल प्रो गरिमा जैन स्वदेश कोशिक, सुनील गोयल, डॉ. साजिद, डॉ. संजीव, डॉ. वशिष्ठ रामरतन बालियान अमित मलिक संगीता मैडम डॉ. रेखाअमन जैन सुनील गोयल, अर्चना आर्य, सोनिया, प्रदीप पाडेय, किरण शर्मा, अतुल कुमार, सार्थक शर्मा, स्वदेश कौशिक, डॉ. प्रभात कुमार, ममता माधुरी, मीरा शर्मा, राजश्री वीरेन्द अग्रवाल, मुकेश वर्मा, राजमोहन, क्षितिज नेगी, सत्यव्रत सहित बडी संख्या मे पुरातन कालेज के प्रोफेसर व स्टाफ छात्र उपस्थित रहे।

# चेयरमैन जहीर फारूकी की मेहनत से पुरकाजी स्मार्ट क्लास में चयनित

**मुख्यमंत्री प्रिंसिपल मुकेश शर्मा को करेंगे सम्मानित**

**पुरकाजी।** कस्बा के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और तकनीकी नवाचारों को लागू लागू करने प्रयासों का असर अब प्रदेश स्तर पर दिखाई देने लगा है। पुरकाजी जूनियर हाई स्कूल के प्रिंसिपल मुकेश शर्मा को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों विशेष सम्मान मिलने जा रहा है।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उन पांच विद्यालयों का चयन किया गया, जिन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का उत्कृष्ट संचालन हो रहा है। इस चयन में पुरका. जी जूनियर हाई स्कूल का नाम भी शामिल है, जो पूरे प्रदेश में पुरकाजी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह सफलता पुरकाजी के चेयरमैन जहीर फारुकी की दूरदर्शिता और शिक्षा क्षेत्र में उनके अथक प्रयासों का प्रतिफल है।

उन्होंने सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। पुरका. जी के कंपोजिट विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड देकर स्मार्ट क्लास की शुरुआत इसी दिशा में एक बडा कदम था, जिससे बच्चों को आधुनिक तकनीकी साधनों से पढाई करने का अवसर मिला। इस सम्मान के तहत प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा को प्रदेश स्तरीय मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह अवसर न केवल पुरकाजी बल्कि पूरे मुजफ्फरनगर जिले के लिए गर्व की बात है। स्थानीय निवासियों और अभिभावकों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और चेयरमैन जहीर फारुकी की सराहना की, जिनके प्रयासों ने क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की तस्वीर बदल दी है। इस उपलब्धि पर जहीर फारुकी नेश सच्चाई अभी तकश से बात करते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी विकास और गुणवत्ता सुधार ही उनकी प्राथमिकता है। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहे है और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

# शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा शोभायात्रा निकाली

**मुजफ्फरनगर।** शहर में शिव परिवार की मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा करने के लिए शोभायात्रा निकाली, जिसमें शामिल अतिथियों और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और मां पार्वती की महिमा का गुणगान किया। भजनों की धुनों पर भक्तजन झूमते और नाचते चल रहे थे। मंदिर परिसर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के लिए रविवार को शहर में शिव चौक से पाल धर्मशाला मंदिर समिति के द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शिव चौक पर पूजा अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं ने रथ पर सवार शिव परिवार की प्रतिमाओं के साथ भगवान शिव और मां पार्वती तथा भगवान गणेश की महिमा का गुणगान किया और पैदल ही जिला अस्पताल के पास पाल धर्मशाला में पहुंचे। यहां पर मंदिर में भगवान शिव परिवार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनको स्थापित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया और भगवान शिव के भजनों पर झूमते नजर आये। यहां पर प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भक्तों के लिए भण्डारा हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से मंदिर समिति के अध्यक्ष आशीष चन्देल, महामंत्री सभासद हनी पाल चन्देल, कोषाध्यक्ष संदीप पाल डिम्पल, नंद गोपाल, सुरेन्द्र प्रकाश, रमेश चन्देल, बाबूराम पाल, युगल किशोर भारती, देवपाल, मूलचंद पाल, ओमपाल और शिवकुमार पाल सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# चेयरपर्सन ने भाजपाइयों संग सुनी मोदी के मन की बात

**पार्टी के प्रति जनभागीदारी में योगदान का संकल्प लिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ने करोड़ो देशवासियों को जोड़ने के लिए एक मजबूत आधार देने के साथ साथ सेतु का काम किया है। इसके सहारे प्रधानमंत्री ने उन अनछुए पहलुओं को देश के सामने लाने का काम किया, जो लाखों युवाओं की प्रेरणा बने। छिपी प्रतिभाओं को देश में एक पहचान मिली और वो निखर कर विश्व पटल पर चमके। वरिष्ठ भाजपा नेता और आरएसएस कार्यकर्ता अरूण खंडेलवाल के आवास पर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिभाग किया और पीएम नरेन्द्र मोदी की मन की बात को सुना। कार्यकम में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेशों को आत्मसात किया, संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय रहने और पार्टी के प्रति जनभागीदारी सुनिश्चित करने में योगदान का संकल्प लिया। इस दौरान मुख्यअरूण खंडेलवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, पंकज महेश्वरी, पूर्व सभासद विपुल भटनागर, श्रीमोहन तायल व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मुजफ्फरनगर: शिव प्राण प्रतिष्ठा के दौरान निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग।

# अहिल्याबाई जन्म शताब्दी पर सम्मेलन आयोजित



**मुजफ्फरनगर।** पचैण्डा रोड स्थित पंजाबी बारात घर में पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत एक भव्य विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का वन त्याग, सेवा, न्याय और सुशासन की वंत मिसाल है। एक साधारण कृषक परिवार से निकलकर उन्होंने मालवा राज्य की बागडोर संभाली और उसे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामा. जिक उत्थान का केन्द्र बना दिया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर, गंगा घाट, अयोध्या, हरिद्वार और मथुरा जैसे पवित्र स्थलों पर कराए गए निर्माण कार्यों से यह सिद्ध होता है कि उन्होंने सम्पूर्ण भारतवर्ष को अपनी कर्मभूमि माना। क्षेत्रीय संयोजक, प्रशिक्षण विभाग हेमंत अरोडा ने कहा कि नारी शक्ति जब संकल्प लेती है, तो वह न केवल एक घर, बल्कि सम्पूर्ण समाज को दिशा दे सकती है। आज के युग में उनकी दूरदर्शिता और संवेदनशीलता एक आदर्श बन सकती है। उन्होंने इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं से आह्वान किया कि वे राजमाता के वन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा, सुशासन और संस्कृति-संरक्षण की दिशा में कार्य करें। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि सभी ने एक स्वर में राजमाता के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, सदर प्रमुख वर्षा चौधरी, भाजपा नेता अमित चौधरी , कार्यक्रम संयोजक देशबंधु तोमर, विधानसभा संयोजक संजय गर्ग, पूर्व सांसद सो. हनवीर सिंह, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेडा, अमित शास्त्री, नंदकिशोर, दीपक मित्तल, पंकज महेश्वरी, पवन अरोडा, मोहन तायल, रमेश खुराना, नरेश मित्तल, संदीप शर्मा,हरेंद्र पाल, पवन छाबडा, अशोक, विकास गुप्ता, प्रेम गुप्ता, सुभाष चौहान, सभासद मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, रविकांत, रजत धीमान, महिपाल, प्रियंक, महेश्वर चौधरी, गीता जैन, सीमा शर्मा, रोशनी पांचाल मती रेणुका विश्वकर्मा अंजलि चौधरी, नीरज गौतम, अंजू शर्मा, मतिमिता चौधरी, अनीता भटनागर, सोनिया तायल आदि सैकड़ो की संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिनटों की आंधी में घंटों बिजली ठप्प, पानी की किल्लत से जूझे लोग



**मुजफ्फरनगर।** भले ही आंधी और ओलावृष्टि को 96 घंटे बीत चुके हो, लेकिन आंधी-तूफान और बारिश से बिगडी पूरे जनपद की बिजली आपूर्ति व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई थी कि रविवार की सुबह अचानक मौसम ने फिर करवट ली और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। जिससे तापमान गिरा और गर्मी से लोगों को राहत तो मिली, लेकिन बारिश एवं आंधी के चलते जहां जनजीवन पूरी तरह से अस्तव्यस्त हो गया, वहीं दूसरी तरफ विद्युत विभाग के 300 से ज्यादा विद्युत पोल टूट गए। यहां तक कि सडक व खेतों के किनारे हरे पेड उखड कर हाइटेंशन लाइनों पर जा गिरे। आधे शहर और 260 से अधिक गांव की बत्ती गुल रही। करीब 16 घंटे से अधिक समय तक बिजली की सप्लाई बाधित रही। ओवरहेड टैंक में पेयजल एवं नलकूप चलाने के लिए जनरेटर का सहारा लेना पडा। फिर भी पूरे दिन बिजली व पानी की समस्या बनी रही। बिजली आपूर्ति ठप्प होने के कारण लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पडा है, आसपास के नलों पर पानी भरने के लिए लोगों की भीड लगी रही। शहाबुद्दीनपुर रोड पर पेड टूटने के कारण यातायात बांधित हो गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा टूटे पेडो को हटवाकर रास्ते को सुचारू रूप से चालू करवाया गया।

UPADHYAY NAYAN SAGAR JAIN DEGREE COLLEGE
JAMALPUR JHINJHANA SHAMLI DISTT SHAMLI
(To be affiliated NCTE, Maa Shakumbhari University Saharanpur)
Invite applications for qualified & experienced candidates for the following post.
Applications are invited of faculty members of BA & B.Com. Course.
BA Drawing & Painting, BA Education
B.Com.
Note: Norms & Standards as per NCTE/UGC, UP Govt & Maa Shakumbhari University Saharanpur.
Secretary:
Vaibhav Jain
Mob: 9568498861
Apply through email with CV, Photo and photocopies of all certificates or Post within 7 Days
EMAIL: - VAIBHAVJAINUP12@GMAIL.COM

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# ससुराल के बाहर धरने पर बैठी महिला, मांग रही इंसाफ

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के अवध विहार में एक महिला अपने ससुरालियों के खिलाफ धरने पर बैठ गई है। महिला का आरोप है कि उसके ससुरालियों ने उसकी घर में एंट्री पर रोक लगा दी है और उसे घर से बाहर कर दरवाजा बंद कर लिया है।

देवबंद निवासी महिला पूजा पाल का आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। उसने बेटे को जन्म दिया, जिसके बाद वह पति के साथ किराए के मकान में रहने लगी। लेकिन उसके पति को ससुर ने जायदाद से बेदखल कर दिया। जब वह ससुर के अवध विहार के मकान में पहुंची, तो ससुरालियों ने उसके तीन वर्ष के बच्चे को छीनकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया।

महिला के पक्ष में अखिल भारतीय पाल महासभा सहित समाज के जिम्मेदार लोग खड़े हो गए हैं। बसपा नेता पुष्पांकर पाल, रमेश पाल, पवित्र पाल, पवन पाल आदि लोग धरने पर बैठ गए हैं।

महिला के समर्थन में बैठे समाज के लोगों के साथ पुलिस भी तैनात की गई है। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश बघेल ने बताया कि मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़िता पूर्व में भी पुलिस से उत्पीड़न की शिकायत कर चुकी है। पत्नी के साथ पारिवारिक विवाद का मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। महिला का कहना है कि जब तक उसे इंसाफ नहीं मिलेगा, तब तक वह धरने पर बैठी रहेगी। समाज के लोगों का भी यही कहना है कि महिला को इंसाफ मिलना चाहिए और उसका घर बसना चाहिए।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन लुटेरे किए गिरफ्तार

मंसूरपुर। थाना पुलिस ने शनिवार देर रात मुठभेड़ के दौरान लूट की कई घटनाओं में वांछित तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में तीनों लुटेरे घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने मौके से लूट में प्रयुक्त वैगनआर कार समेत नकदी, मोबाइल फोन, पीली धातु की चेन, अवैध असलहे और दर्जनों फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं। गिरफ्तार लुटेरों की पहचान राजेश पुत्र रामकिशोर, अभि कुमार पुत्र रामकुमार, व साहिल पुत्र इशाक तीनों निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17,900 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन, एक पीली धातु की चेन, 13 आधार कार्ड, चार पैन कार्ड, कई एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, अवैध असलहे व कारतूस, तथा लूट की घटनाओं में प्रयुक्त एक वैगनआर कार बरामद की है। थाना प्रभारी सुभाष अत्री ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ लूट व फर्जी दस्तावेजों के प्रयोग के कई मामले पहले से दर्ज हैं। इनकी गिरफ्तारी से कई घटनाओं के खुलासे की उम्मीद है।

# पुरकाजी में भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

शाह टाइम्स संवाददाता

पुरकाजी। कस्बे में बूथ संख्या 74 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 122 व कार्यक्रम भाजपा व्यापार मंडल के अध्यक्ष निर्दोष जैन के आवास पर सुना गया जिसमें मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अजय पवार रहे हैं मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जानकारी दी गई की ड्रोन से स्प्रे कर महिलाएं भी कृषि क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रही है वही पेड़ों की छाल से आकर्षक आकृतियां बनाकर प्रतिभाशाली लोग देश का नाम रोशन कर रहे हैं उन्होंने योग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर वरिष्ठ भाजपा नेता



संजय वर्मा समाज सुधार समिति के अध्यक्ष संदीप गोयल वरिष्ठ भाजपा नेता हरिराम सक्सेना पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील वर्मा, नवीन गोयल, केपी सिंह, कपिल मित्तल सजीव गोयल विपुल विक्रम नीरज जैन बीनू बंसल आदेश सिंघल सन्दीप जैन ऋषभ जैन सुनील माहेश्वरी आदि भाजपा कार्य कर्ता मोजूद रहे

## दबंगों ने की दलित युवकों की जमकर पिटाई

छपार। बसेड़ा नन्हेडा मार्ग पर शाम के समय घूमने गए दो दलित युवको को तीन यवकों ने जाति पूछकर उनकी पिटाई की और फरार हो गए। पीड़ितो ने एक नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

गांव बसेड़ा निवासी कार्तिक व आयुष ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार को शाम के समय नन्हेंडा मार्ग पर घुमने गये थे रास्ते में उन्हें तीन युवक मिले उन्होंने रोककर उनकी जाति पूछकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की हमलावर मौके से फरार हो गए।पीडीतो ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर थाना भोपा क्षेत्र के गांव नन्हेडा निवासी सारांश व दो अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है।

# अनुमति के बिना हो रहे मस्जिद निर्माण पर प्रशासन ने लगाई सील

शाह टाइम्स संवाददाता

मोरना। मोरना मे बस रही नई आबादी के मध्य हो रहे मस्जिद के निर्माण कार्य को अनुमति के बिना पाए जाने की गोपनीय शिकायत पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर वहां सील लगा दी है। तथा मस्जिद के संरक्षक सहित प्लाट स्वामी को हिरासत मे लिया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना मे सब्जी मंडी - दरियाबाद मार्ग पर स्थित नई आबादी के मध्य मस्जिद का निर्माण कराये जाने की शिकायत पर पुलिस व तहसील प्रशासन ने संज्ञान लिया। जहां मस्जिद का निर्माण बिना अनुमति के पाया गया। रविवार को जानसठ तहसील के नायब तहसीलदार बृजेश सिंह, कानून गो सुरेशचंद थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी मोरना ललित राजपूत शुक्रताल चौकी प्रभारी रणवीर सिंह, हलका प्रभारी शिव कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वहां हो रहे निर्माण कार्य का स्थलीय निरिक्षण किया। निर्माणधीन मस्जिद मे हो प्लास्टर आदि के कार्य को रुकवा दिया तथा मुख्य द्वार सहित दीवार पर यलो टेप लगाकर सील लगा दी। नायब तहसीलदार बृजेश सिंह ने बताया की खसरा नम्बर 366 मे स्थित क्षेत्रफल 178.48 वर्ग मीटर मे मस्जिद का निर्माण किया जा रहा था। मस्जिद निर्माण कार्य की कोई अनुमति शासन प्रशासन द्वारा नहीं प्रदान की गयी है।

इसलिए सील लगाई गयी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया की तहसील अधिक. ारियो की उपस्थिति मे निर्माणधीन मस्जिद पर सील लगाई गयी है। आवासीय भूमि पर निर्माणधीन मदीना मस्जिद के मुतवल्ली निजामुद्दीन निवासी मोरना व प्लाट स्वामी यूनुस को हिरासत मे लेकर पूछताछ की गयी है। उच्चाधिकारियो के आदेश पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।



मोरना: मोरना मे निर्माणधीन मस्जिद पर टेप लगाकर सील करते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी ।

# छात्रा के आज कोर्ट में बयान दर्ज कराएगी पुलिस

मुजफ्फरनगर। चौधरी छोटूराम पीजी कालेज की छात्रा से अश्लील बातें करने के आरोप में जेल गए असिस्टेंट प्रोफेसर पर पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया। इस मामले में सोमवार को पुलिस कोर्ट में पीड़ित छात्रा के बयान दर्ज कराएगी।

चौधरी छोटूराम पीजी कालेज की बीएसएसी की छात्रा ने शनिवार को कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर दुष्यंत कुमार पर आरोप लगाया था कि प्रथम वर्ष में असिस्टेंट प्रोफेसर दुष्यंत कुमार ने वाह्य रोग विज्ञान पढ़ाने के दौरान उसके साथ छेड़खानी की थी। तभी से प्रोफेसर उसका यौन शोषण करने के प्रयास में था। विरोध करने पर वह प्रयोगात्मक परीक्षा में फेल करने की धमकी देता था। छात्रा की शिकायत पर कालेज पहुंच कर जनपद जाट महासभा के पदाधिकारी और छात्रों ने भी कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने कालेज परिसर से आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया था और छात्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था। सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को छात्रा के थाने पर बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने उसे घर भेज दिया था। सोमवार को छात्रा के कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे।

# परासौली में हुआ खाटू श्याम का जागरण

बुढ़ाना। ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली में काफी वर्षो से चला आ रहा खाटू श्याम जी का भव्य जागरण इस बार भी आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्यामलाल सैनी उर्फ बच्ची शामिल हुए और खाटू श्याम जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। जागरण में खाटू श्याम जी के बारे मे बताया गया कि खाटू श्याम जी की कहानी महाभारत काल से जुड़ी है। जहां उन्हें पांडु पुत्र भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक के रूप में जाना जाता है। बर्बरीक ने महाभारत युद्ध में कौरवों से हारते हुए पक्ष की ओर से लड़ने का वचन दिया था लेकिन भगवान कृष्ण ने उनसे शीश दान में माँगा और बर्बरीक ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपना शीश दान कर दिया। श्री कृष्ण ने उन्हें वरदान दिया कि कलियुग में वे श्याम नाम से पूजे जाएंगे और आज खाटू श्याम जी को भगवान कृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। इस दौरानघ यहां पर सैंकड़ों श्रदालुओं की



उपस्थिति देखने को मिली। जिन्होंने पूरी रात खाटू श्याम जी का गुणगान किया और संगीत की धुन पर जमकर नाचे।

## अनियंत्रित कार विद्युत पोल से टकराई, विद्युत पोल टूटकर कार के ऊपर गिरा

जानसठ। जनपद बिजनौर शहर कोतवाली में तैनात दरोगा बिजनौर से मेरठ जातें हुए जानसठ खतौली मार्ग पर स्थित किसान फार्म हाउस के सामने उनकी कार बिजली के पोल से अनियंत्रित होकर टकरा गयी जिससे वह घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर जनपद बागपत निवासी सुरेश पाल सिंह जो जनपद बिजनौर के शहर कोतवाली में दरोगा के पद पर तैनात हैं वह जनपद बिजनौर से मेरठ अपनी कार क्रेटा से जा रहे थे जैसे ही वह जानसठ खतौली मार्ग पर गांव भलेड़ी किसान फार्म हाउस के निकट पहुंचे तभी अचानक से कार के सामने एक साइकिल सवार आना बताया गया जिसको बचाने के चक्कर में उनका कार से नियंत्रण हट गया और कार अनियंत्रित होकर किसान फॉर्म हाउस के सामने खड़े बिजली के पोल से जा टकराई टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार की टक्कर लगने से बिजली का पोल टूट गया और बंफर व बोनट छतिग्रस्त कर कार कि छत पर गिर गया। जिसके कारण कार सवार दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गया। गणिमत यह रही कि कोई जन हानि नहीं हुई क्योंकि वह ग्यारह हजार विद्युत लाइन बताई जा रही थी और तारों से चिंगारी मे निकल रही थी तभी किसी ने विद्युत विभाग मे फोन कर बिजली बंद कराई। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दरोगा को जानसठ सीएचसी पर उपचार के लिए भर्ती कराया।

# चोटी बेधक कीट से फ़सल की सुरक्षा का करें उपाय : डॉ.अशोक कुमार

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। त्रिवेणी शुगर मिल खतौली में गन्ना फसल सुरक्षा के लिए कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। ओ पी सिंह उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर मुख्य अतिथ रहे डॉ अशोक कुमार यूनिट हेड ने उप गन्ना आयुक्त का गोष्ठी में पधसरने पर बुके देकर स्वागत किया।

ओ पी सिंह ने कृषकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस समय गन्ने में जड बेधक एवं चोटी बेधक कीट से अधिक नुकसान हो सकता है इसके लिए लाईटट्रैप तथा फेरोमान ट्रैप खेत मे प्रयाप्त मात्रा मे लगाए तथा आवश्यकतानुसार कीटनाशको का छिड़काव करके चोटी बेधक के प्रौढ़ को नियंत्रित करें खेत मे त्रिछोडर्मा का ठीक प्रकार प्रयोग करें इससे विल्ट एवं रेडरॉट बीमारियों के नियंत्रण में मदद मिलता है, डॉ विकास मालिक वरिषठ वैज्ञानिक ने कृषकों से कीट बीमारियों कि पहचान करके कीट नाशको एवं पानी की संसतुत मात्रा को मिलाकर प्रयोग करने को कहा डॉ विकास मालिक ने जड बेधक से फ़सल को बचाने के लिए कीट नाशको का ड्रेंचिंग करने को बताया, डॉ अशोक कुमार यूनिट हेड ने चीनी मिल द्वारा देश में सबसे अधिक गन्ना पेराई करने के लिए कृषकों को उनके द्वारा किए गये परिश्रम एवं सहयोग के लिए धन्यवाद किया और तथा आगामी वर्ष में अच्छी पैदावार प्राप्त करने के लिए जड बेधक एवं चोटी बेधक कीट से फ़सल को बचाने पर जोर दिया। इस मौके पर कुलदीप राठी महाप्रबंधक ए के सिंह अपर महाप्र. बंधक ने उप गन्ना आयुक्त महोदय का चीनी मिल मे पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, अरविंद कुमार सचिव तथा चीनी मिल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। गोष्ठी में 500 से अधिक कृषकों ने उपस्थित होकर फ़सल सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानक. ारीया प्राप्त किया।

## संविधान बचाने को एकजुट हों: सतपाल कटारिया

खतौली। कांग्रेस पार्टी पदा. धिकारियों द्वारा बड़सू गांव में एक संगठन सर्जन सभा का आयोजन किया गया, जिसमें संविधान बचाओष अभियोजन के अंतर्गत विचार-विमर्श किया गया।इस सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल कटारिया ने की, जबकि कार्यक्रम का आयोजन एवं संच. ालन योगेश खारी एडवोकेट द्वारा किया गया। सभा में कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से मुर्तजा सलमानी, धर्मवीर, मुकेश कुमार, जफर महमूद, ओमी सिंह और राजेन्द्र सैनी, नितिन बड़सू, अरविंद प्रजा. पति मौजूद रहे। बैठक में देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, लोकतंत्र की मजबूती, और संविधान की रक्षा हेतु जनजागरूकता फैलाने की दिशा में पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई। सभी वक्ताओं ने एकजुट होकर संविधान की मूल भावना को बचाने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# इंडियन पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र छात्राएं सम्मानित

## कक्षा 5 में छात्रा अलफिशा जफरयाब प्रथम आई



बुढ़ाना। शिक्षण संस्था इंडियन पब्लिक स्कूल जौला में मेधावी छात्र छात्राओं को संस्था की तरफ से एक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। जिसमें जौला यूथ क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद गुलरेज राणा एडवोकेट ने जौला यूथ क्लब की तरफ से संस्था को परीक्षाफल में बेहतर प्रदर्शन करने पर बधाई दी ओर पास आए सभी छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया।

इस मौके पर बाबा ठाकुर ठाठ सिंह और जीशान अहमद सहित अन्य सैंकड़ों अभिभावक भी मौजूद रहे।

कक्षा एलकेजी में प्रथम छात्र अफसा माजिद, द्वितीय जीशान शहजाद, तृतीय उजमा रहीस, कक्षा यूकेजी में प्रथम अमन, द्वितीय अलीशा, तृतीय सुमायला, कक्षा एक में प्रथम अलीशा माजिद, द्वितीय इकरा खालिद, तृतीय अक्शा मुकम्मिल, कक्षा 2 में प्रथम सेम जावेद, द्वितीय इनस मुकम्मिल, तृतीय फरहाना रहीस व उवेस जावेद, कक्षा 3 में प्रथम मिस्बाह हारुन, द्वितीय बुशरा नौशाद, तृतीय सानिया नौशाद, कक्षा 04 मे प्रथम तूबा कुर्बान अली, द्वितीय बुशरा इरफान, तृतीय निखिल दीपक और कक्षा 5 में प्रथम अलफिशा जफरयाब, द्वितीय रुखसार रहीस और तृतीय अक्शा अतिकुर्रहमान आए। जौला यूथ क्लब के अध्यक्ष मौहम्मद गुलरेज राणा एडवोकेट ने पास हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना अल्लाह से की।

# डिग्री कॉलेज की भूमि बेचने के मामले ने तूल पकड़ा

मोरना। शिक्षा ऋषि वीतराग स्वामी कल्याणदेव की बघरा स्थित शिक्षण संस्थाओं के उचित प्रबंधन तथा डिग्री कालेज की भूमि लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये में बिक्री करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। बघरा क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने श्री शुकदेव आश्रम पहुँचकर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

बघरा ब्लाक के गांवों से पहुँचे लोगों ने पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज से वीतराग स्वामी कल्याणदेव के स्कूल और कॉलेजों की व्यवस्था पारदर्शी तथा ईमानदार हाथों में सौंपने की मांग की। अधिवक्ता प्रिंस चौधरी ने कहा कि शिक्षा ऋषि ने तप, त्याग और परिश्रम से बघरा को शिक्षा का मुख्य केंद्र बनाया है। स्वामी कल्याणदेव डिग्री कालेज की 17-18 बीघा प्रबंध समिति द्वारा करीब 3.50 करोड़ में बेची गई है।काजीखेड़ा के किसान नेता रमेश मलिक ने कहा कि वीतराग संत ने गांव-गांव से दान जुटाकर संस्थाए खड़ी की, ताकि किसान और मजदूरों के बच्चें पढ़ सके। बेची गई जमीन में कौशल विकास केंद्र, बीएससी कृषि फार्म तथा मिनी खेल स्टेडियम बनाया जा सकता था। बिक्री से मिली करोड़ो रुपये की रकम से नई जमीन खरीदी जाये, ताकि डिग्री कालेज की मान्यता बची रहे।तितावी के विजेन्द्र सिंह तथा ढिंढावली के चैन सिंह ने कहा कि मौजूद प्रबंध समिति ने कॉलेजों की पत्रावलियां कब्जे में ले रखी है। वर्तमान कमेटी भंग की जाए। क्षेत्र के लोगों को समिति में रखा जाये। पिन्ना के पंडित राज किशोर ने कहा कि वर्ष 1956 में स्वामी कल्याणदेव ने जब बघरा में शिक्षण संस्था खड़ी की, तब शादियों में दस-दस रुपये कालेज के नाम से ग्रामीण दान करते थे। दान से खड़ी कालेज की जमीन गुपचुप तरीके से बिक्री करना पाप है। हैदर नगर के जयवीर सिंह ने अपने पिता स्वर्गीय परख लाल के स्थान पर उन्हें समिति सदस्य बनाने का पत्र स्वामी ओमानन्द को दिया।



जाट महासभा के जिलाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह ने कहा कि स्वामी कल्याणदेव की कोई संस्था उजड़ने नहीं देंगे। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह स्वामीजी को शिक्षा ऋषि कहते थे।जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र प्रधान, जिला पंचायत सदस्य जोगेंद्र काला, बघरा गन्ना समिति चेयरमैन अशोक, इंद्रपाल प्रधान कबीरपुर, अशोक प्रधान, सुधीर पिन्ना, मंटू मांडी, बबलू, विजेंद्र कुटबा, बॉबी खाटियान, प्रदीप बरवाला, सुभाष मलिक, रामपाल सिंह, कँवरपाल प्रधान नसीरपुर, ओमपाल चेयरमैन, कुणाल खटियान, जितेन्द्र बालियान , रोहित बालियान, छोटू कुटबी, अशोक बुडीना, योगेश प्रधान लालूखेड़ी, पारुल बालियान , बिटू बरवाला, अक्षय, विक्की, अमरपाल प्रधान, आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम कॉलेज में एक दिवसीय योग महोत्सव शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए आज श्रीराम कॉलेज में योग महोत्सव शिविर के अंतर्गत एक दिवसीय दूसरा योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नेशनल योगासन खिलाडी अर्चना सिंह योग शिक्षक के रूप में उपस्थित रही। योग महोत्सव शिविर में श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज एकीकृत परिसर के निदेशक डा एसएन चौहान, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार, ललित कला विभाग के निदेशक डा मनोज धीमान, डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा, प्राचार्य श्रीराम पालिटैक्निक, डा अवनीशारीरिक शिक्षा विभाग के विभगााध्यक्ष प्रमोद कुमार, पत्रका. रिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम, भूपेन्द्र कुमार, संदीप, अमरदीप, प्रशांत, आदि उपस्थित रहें।

इस योग शिविर की शुरूआत सर्वप्रथम नेशनल योगासन खिलाडी अर्चना सिंह द्वारा प्रार्थना का आयोजन करके की गई। उसके बाद सुक्ष्म व्यायाम, योगासन, प्राणायाम, ध्यान योग जैसी अनेक प्रकार की योग क्रियाऐं सरल ढंग से करायी गयी। साथ ही जीवन में योग के महत्व को समझाते हुए उपस्थित व्यक्तियों को प्राणायाम एवं योगा. सन सिखाये तथा ध्यान केन्द्रित कराया गया।

इस अवसर पर नेशनल योगा. सन खिलाडी अर्चना सिंह ने कहा कि मनुष्य का शरीर पंचतत्वों से मिलकर बना है अत: मनुष्य को रोगमुक्त रहना है तो पूरे तरीके से जीवन को शुद्ध वायु, धरती, आक. ाश, अग्नि, जल के साथ जुडते हुए प्रकृति के करीब रहना चाहिए। उन्होने बताया कि मनुष्य अगर अपनी जीवन शैली को अनुशासित करे और खान-पान में संतुलित भोजन का प्रयोग करते हुए जीवन को योग से जोडे तो निश्चित ही शरीर को अनेक रोगो से मुक्त बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर नेशनल योगा. सन खिलाडी अर्चना सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस योग शिविर में श्रीराम समूह के सभी महाविद्यालय के निदेशक, प्राचार्या, डीन/विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने योग का लाभ प्राप्त किया।

# राजवीर सिंह का विधायक मदन भैया ने जाना हाल

खतौली। लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह वर्मा पर 19 मई को स्कूल स्टाफ के सात हमलावरों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। इस हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद खतौली विधायक मदन भैया सुभारती अस्पताल पहुंचे और घायल राजवीर सिंह वर्मा तथा उनके पुत्र कर्मवीर सिंह से मुलाकात की। विधायक ने घटना की पूरी जानकारी ली और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।विधायक मदन भैया ने इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में इस प्रकार की हिंसा अक्षम्य है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।



# डेंगू का खतरा बढ़ा, 72 हजार ने कराई मलेरिया की जांच

■ जिला अस्पताल में रोजाना बढ़ रही है मरीजों की संख्या

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। मई में गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच संक्रमण लोगों को जकड़ रहा है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की ओपीडी एक हजार मरीजों के पार पहुंच रही है, जिसमें ज्यादातर मरीज संक्रमण के साथ बुखार के हैं। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ संदिग्ध मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है।

दो दिनों से तेज आंधी के साथ हुई बरसात के बाद जिला मलेरिया विभाग ने डेंगू के लार्वा की जांच के लिए निरीक्षण टीम भेजने की तैयारी की है। हालांकि अभी तक जिले में 72 हजार लोगों ने मलेरिया की जांच कराई है और डेंगू को लेकर भी जांच बढ़ाई जाएगी।जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या गर्मी बढ़ने के साथ फिर से बढ़नी शुरू हो गई है। इमरजेंसी सहित वार्डों में चिकित्सकों से परामर्श लेने के लिए पहुंचने वाले मरीजों में बुखार, जुकाम सहित शरीर में दर्द के मरीज पहुंच रहे हैं।

वरिष्ठ परामर्शदाता डा. योगेंद्र त्रिखा बताते हैं कि इन दिनों बुखार और संक्रमण रोगी ज्यादा हैं। अधिक परेशानी वाले मरीजों को भर्ती किया जा रहा है, जबकि अधिकतर को परामर्श के साथ दवाइयों देकर ठीक होने की सलाह दी गई है। बाल रोग विभाग में भी अधिक भीड़ है। बाल रोगियों की ओपीडी 100 से अधिक है। बाल रोग विशेषज्ञ डा. गरिमा अग्रवाल बच्चों को परामर्श देकर उन्हें स्वास्थ्य होने की सलाह दे रही हैं।

**'सीएमएस का बयान**

सीएमएस डा. संजय कुमार वर्मा ने बताया कि ओपीडी एक हजार तक पहुंची रही है। बुखार के मरीजों की डेंगू जांच भी लिखी जा रही है। पिछले एक महीने में 100 से ज्यादा ने डेंगू की जांच कराई है, जिसमें डेंगू नहीं निकला है। जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह ने बताया कि जिले में 17 मई तक 72 हजार से ज्यादा मरीजों की मलेरिया की जांच हुई है। आगे भी जांच जारी रहेगी। वर्तमान में कोई मलेरिया का मरीज नहीं है। बरसात होने पर दोबारा से निरीक्षण कर डेंगू के लार्वा का नष्ट कराएंगे।

# गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान का डीएम ने किया निरीक्षण

■ प्रत्येक रविवार को चलाया जाता है स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में गंगा घाट पर प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले स्वच्छता अभियान में पहुंचे जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने साफ सफाई का गहनता से निरीक्षण किया तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को गंगा व गंगा घाट को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों व साधु संतों से शुकतीर्थ के विकास को लेकर चर्चा की।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि गंगा सफाई अभियान के लिए लोगों का उत्साह मां गंगा के लिए बड़ा लाभकारी है। स्वच्छता की प्रतिबद्धता के लिए संकल्प, साफ-सफाई और जागरूकता से गंगा नित निर्मलीकरण की ओर अग्रसर होंगी। आमजन की सहभागिता एवं तत्परता से ही गंगा को निर्मल व स्वच्छ बनाया जा सकता है। गंगा घाट पर अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी, जो दिन भर घाट पर साफ सफाई करेंगे। वहीं उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य घाट यदि कहीं से टूटा हुआ है तो उसकी मरम्मत कराएं। घाट पर किसी प्रकार की कोई भी गंदगी नहीं होनी चाहिए तथा घाट के पूर्वी छोर के किनारे वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिससे गंगा के दोनों घाट पर सुन्दरता दिखाई देगी। एसडीएम जानसठ जयेन्द्र सिंह ने कहा कि रविवार को स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत गंगा से जलकुंभी निकाल कर साफ सफाई की गई। उन्होंने गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया और संकल्प के साथ सभी को मां गंगा को निर्मल व स्वच्छ रखने के लिए आग्रह किया। तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि आगामी ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान मेले को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा है तथा तीर्थनगरी के सभी धर्मशाला संचालकों के साथ बैठक कर ज्येष्ठ गंगा स्नान मेले के दौरान धर्मशाला और आश्रमों के बाहर शीतल पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था करने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। वहीं नगर पंचायत भोकरहेड़ी व मोरना ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों ने गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई की तथा गंगा घाट पर गंगा से कपड़े, पॉलिथीन, कचरा आदि निकाला। इस दौरान नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा, महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज, श्री गंगा सेवा समिति के महामंत्री डॉ. महकार सिंह, मैनेजर देवेन्द्र आर्य, पं0 विनोद शर्मा, चौ. सुरेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान राजपाल सैनी, प्रेमशंकर मिश्रा, लेखपाल प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।



मोरना: गंगा घाट पर संतों की बात सुनते जिलाधिकारी उमेश मिश्रा।

## शनि जयंती व वट अमावस्या पर शनिधाम पर होंगे विशेष कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल मोड़ स्थित सिद्ध पीठ श्री शनि धाम मंदिर में प्रबंध समिति की बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शरद कपूर ने बताया कि 27 मई को भगवान शनि देव की जयंती समारोह कार्यक्रम के तहत प्रातः 8 बजे सुंदरकांड महायज्ञ का पाठ होगा। तत्पश्चात 9:30 बजे 31 यजमानों द्वारा भगवान शनि देव का अभिषेक नील, दूध, दही इत्यादि के द्वारा किया जाएगा तत्पश्चात महाआरती संपन्न होगी और भगवान शनि देव को 56 भोग का प्रसाद लगाया जाएगा। बाद में विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वट अमावस्या सोमवार को दोपहर 12:00 के बाद आ रही है लेकिन जो तिथि सूर्योदय के समय होती है वही पूजन पाठ और व्रत के लिए उपयुक्त मानी जाती है इसलिए शनि जयंती और वट मावस का पर्व 27 मई को आयोजित किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, लक्ष्मी नारायण, मुकेश चौहान, सिद्ध पीठ वाले गुरु जी पंडित संजय कुमार, पंडित संतोष मिश्रा, नरेंद्र पवार आदि उपस्थित रहे।

# बीआईटी में मनाई गई शकुन्तला देवी की 20वी पुण्यतिथि

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डा0 अनिल सिहं की माता शकुन्तला देवी पत्नी स्व0 भगवंत सिहॅं की 20 वी पुण्यतिथि के अवसर पर यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवंतग्रुप के समस्त शिक्षण संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस दौरान उनकी माता शकुन्तला देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए संस्थान के निदेशक डा0 अनुराग विजय अग्रवाल जी ने कहा की उनके प्रेरणदायक विचार और कार्य हमारे लिए सदैव प्रोत्साहन एवं पथप्रर्दशक का कार्य करते रहेगें। शकुन्तला देवी की शिक्षा दीक्षा से प्रभावित होकर डा0 अनिल सिहं ने अपने माता पिता जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अनेक शिक्षण संस्थानों, ब्विविद्यालयों एवं प्रतिष्ठानों की स्थापना अपने माता-पिता के नाम से की जिनसे अनेकों छात्र एवं छात्राएं शिक्षा पाकर देश विदेशों में सेवाएं दे रहे है। डा0 अनिल सिहं के इस कार्य से समाज में एक नवीन उर्जा और समर्पण का संदेश गया। डा0 अनिल सिंह समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर संस्थान की सचिव डा0 आशा सिहॅं ने शकुन्तला देवी महिला छात्रवृत्ति की घोषणा की। उन्होने बताया कि माता शकुन्तला देवी महिला सशद्रिकरण की पुरजोर समर्थक थी। डा0 आशा सिहॅं ने शकुन्तला देवी महिला छात्रवृत्ति के तहत प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओ को मुफ्त बस सेवा तथा प्रोफेशनल कोर्स मे 75 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। उन्होनें कहा कि प्रति वर्ष संस्थान में शकुन्तला देवी के नाम पर अध्यापको एवं कर्मचारियो को शकुन्तला देवी बेस्ट टीचर अवार्ड, शकुन्तला देवी बेस्ट डेडीकेशन अवार्ड एंव छात्रों के लिए शकुन्तला देवी प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिसमें विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया जाता है। प्रतिवर्ष संस्थानो मे 35 लाख से अधिक की शकुन्तला देवी छात्रवृत्ति से अनेकों छात्र-छात्राए लाभान्वित होते है। कार्यक्रम में डायरेक्टर डा0 अनुराग विजय गोयल, उपनिदेशक डा0 अजय गुप्ता, सहनिदेशक डा0 पुष्पनील वर्मा, जीएम सी0ए0 दुष्यंत कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार डा0 आदित्य शर्मा, डीन डा0 अजय सिहं, डॉ विजया डी, डॉ अजय कुमार शर्मा,डा0 कावेन्द्र यादव, इंजि. निकुल चौधरी ,डॉ सचिन सिंघल, डॉ शीतल राजपूत, उर्वशी, अनामिका अंकुर चंद्रा, राहुल चौधरी, विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न बीमारियों के फ्री कैंप में आए कुल 99 मरीज

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकेत गुट बुढ़ाना के तहसील उपाध्यक्ष शहजाद अहमद के आवास पर विभिन्न बीमारियों का एक निशुल्क शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 99 मरीजों ने अपना चेकअप कराया और फी में दवाईयां प्राप्त की। शिविर का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया और कहा कि इस तरह के कैंप समय समय पर लगने चाहिएं क्योंकि इन कैंपों का लाभ गरीब वर्ग के लोगों को मिलता है। यहां एमबीबीएस एमएस डॉक्टर अभिषेक सांगवान, एमबीबीएस डॉक्टर तनुज यादव और एमबीबीएस एमडी डाक्टर पलक सांगवान ने मरीजों को देखा और उनको दवाईयां दी। यहां पर महिला संबंधी बीमारी, बच्चों के रोग, हार्ट और फैफडे आदि के मरीज आए। जिन्होंने शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान शिविर में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, सुलेहदीन चौधरी, भाकियू तहसील उपाध्यक्ष मुहम्मद शहजाद, भाकियू ब्लाक अध्यक्ष प्रधान सुधीर सहरावत बिटावदा, नसीम प्रधान, लाला सुरेश कुमार, कारी युनूस, यासीन राणा जोगियाखेडा आदि मौजूद रहे। यह शिविर लगातार छह घंटे तक चला।

# रालोद नेता को जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** एक व्यक्ति द्वारा राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के युवा नेता को अपशब्द कहने और जान से मारने की धमकी दिए जाने के प्रकरण में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चलान कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम शाहबपुरा रतन सिंह निवासी चौधरी शोएब पुत्र मोहम्मद मोनिस ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह राष्ट्रीय लोकदल व एनडीए गठबंधन सहयोगी पार्टी में क्षेत्रीय मंत्री रूहेलखंड क्षेत्र युवा राष्ट्रीय लोकदल के पद पर है। चौधरी शोएब कहना है कि उन्होंने रालोद एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी लोकसभा 4 बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान का बीते वर्ष 2024 में चुनाव लड़ाया था, जिससे अजीम पुत्र इरशाद अंसारी उनसे राजनीतिक मतभेद रखता है। उसने कई बार अभद्र व्यवहार, गाली गलौच व जाने मारने की धमकी दी थी और आरोपी अजीम ने पार्टी को लेकर अपशब्दों का प्रयोग किया था। अजीम के पिता इरशाद अहमद किरतपुर से बीते 2 वर्ष पूर्व AIMIM ओवैसी की पार्टी से चेयरमैन प्रत्याशी भी रह चुका है। उसने 20 मई को नगर के एक मौहल्ले के चौराहा पर खड़े होकर फिर से अपशब्द बोलने शुरू कर दिए तथा गंदी गंदी गालियां फिर से देने लगा और छुट भैय्या नेता बताया। प्रार्थना पत्र में आगे कहा गया है की यदि मुझे कोई हानि पहुंचती है या मेरी हत्या होती है तो उसका जिम्मेदार अजीम होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 27 मई से टेट पास शिक्षामित्र लखनऊ के ईको गार्डन में करेंगे शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर शिक्षामित्रों के संगठन शिक्षक/शिक्षामित्र उत्थान समिति उप्र के तत्वाधान में जनपद के शिक्षामित्रों ने 27 मई 2025 को लखनऊ के इको गार्डन में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करना सुनिश्चित किया है ।यह धरना प्रदर्शन सरकार द्वारा नजरअंदाजी के चलते किया जा रहा है जिसमें टेट सीटेट उत्तीर्ण शिक्षामित्रों के संगठन शिक्षक/शिक्षामित्र उत्थान समिति उप्र द्वारा पिछले 8 वर्षो से लगातार अपनी मांग रखी जा रही है , जिस पर किसी भी प्रकार की सरकार द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया है जबकि आज की इस भीषण महंगाई में मात्र 10000 में शिक्षामित्र अपने पूरे परिवार को बमुश्किल पाल रहा है । जनपद के शिक्षामित्रों ने आपस में विचार विमर्श किया और बैठक की तथा उन्होंने लखनऊ जाने के लिए तन मन धन से सहयोग करने का निर्णय करते हुए बैठक में उपस्थित ने प्रतिभाग करते हुए लखनऊ में लगातार धरने में उपस्थित रहने के लिए कमर कसी ।

### महिला के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

**मोरना।** रविवार को महिला के साथ मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसे ककरौली थाना क्षेत्र के गांव का बताया गया। जिसके बाद हरकत मे आई पुलिस ने घटना मे शामिल दोनों पक्षों को थाने ला बैठाया। महिला ने ग्राम प्रधान पति पर मारपीट व छेड़छाड़ करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं ग्राम प्रधान पति ने परिवार पर उधार की रकम को न लौटाने तथा आरोपों को निराधार बताया है। स्थानीय थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की दोपहर वह अपने घर पर सो रहा था तभी ग्राम प्रधान पति उसके घर आया और गाली गलौज करने लगा जब गाली गलौज का विरोध किया तो ग्राम प्रधान पति व उसके साथियों ने पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी शोर सुनकर बीच बचाव में आई नाबालिग पुत्री के साथ भी आरोपी ने पेट में लात घुसे मारते हुए मारपीट की व उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट करते हुए उसके कानो से एक लाख रूपये की कीमत के कुंडल खींच लिए तथा पुत्री के साथ छेड़छाड कर दुष्कर्म का प्रयास भी किया। पीड़ित ने आरोपी ग्राम प्रधान पति व उसके साथियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है वहीं घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। थानाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में रूपये के लेनदेन का मामला है दोनों पक्षों को थाने पर बैठा लिया गया है तहरीर आने पर विधि संगत कार्रवाई की जायेगी।ग्राम प्रधान ने एक लाख रूपये न लौटाने व आरोपों को निराधार बताया है।

### पुलिस ने चोरी की वारदात का किया खुलासा

**रामराज।** रामराज पुलिस चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर चोरो को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। रामराज थानाध्यक्ष सुनील कसाना ने बताया कि पुलिस एसबीआई बैंक, रामराज मेरठ बॉर्डर के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जमालपुर नहर पुल के पास से दो युवको को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान शेखर उर्फ राड़ा पुत्र चन्द्रवीर सिंह निवासी नई बस्ती समाना उर्फ रामराज और अमरदीप सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम जमालपुर, थाना रामराज के रूप में हुई है। पुलिस चोरो से एक बाईक चोरी की गई मोटर के तांबे के तार बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

### शराब की सरकारी कैंटीन में तोड़फोड

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव अंतवाड़ा स्थित सरकारी शराब की कैंटीन में देर शाम उस समय हंगामा हो गया जब कुछ युवक मुफ्त में सामान मांगने लगे। सेल्समैन द्वारा इनकार करने पर युवकों ने कैंटीन में तोड़फोड़ कर दी और गल्ले से नकदी चोरी कर ली। घटना में कैंटीन सेल्समैन कंवरपाल पुत्र मनसाराम ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि आरोपियों ने मारपीट करते हुए गल्ले से करीब 2500 रुपये निकाल लिए, वहीं तोड़फोड़ से लगभग 4000 रुपये का नुकसान हुआ है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सपा नेता सत्येंद्र पाल का दिल्ली में सम्मान

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल को दिल्ली में उनकी निस्वार्थ समाज सेवा के लिए सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। बुढ़ाना विधान सभा क्षेत्र के निवासी समाजसेवी सपा नेता सत्येन्द्र पाल को जन जन की निस्वार्थ समाज सेवा करने के लिए अति पिछड़ा वर्ग महा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी सिंह चेयरमैन पुरी ठाकुर शोध संस्थान द्वारा शाल उढ़ाकर कृपुरी ठाकुर के छाया चित्र से सम्मानित किया गया। जिसमें सीपी सिंह ने कहा कि शिक्षा संस्थान, धार्मिक और सामाजिक कार्यों द्वारा निस्वार्थ सेवा करने का जज्बा हर किसी में नहीं होता। आज सपा नेता सत्येंद्र पाल को इन सामाजिक कार्यों को देखते हुए ख्रपुरी ठाकुर शोध संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया है। जो कि इनकी सच्ची समाज सेवा का पुरस्कार है। सपा जिला सचिव अनेश निर्वाल ने सीपी सिंह को आगामी 31 मई के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कस्बा शाहपुर में स्थित शिक्षण संस्था कल्पना चावला इंटर कॉलेज मे राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में निमंत्रण दिया जिसे उन्होनें सहर्ष स्वीकार किया। यहां इस्लाम मलिक, लटूरी सिंह सैन, रविन्द्र प्रधान जोगी, सोफ़िया, नफिश सलमानी और हेमलता दलित साहित्य राजस्थान आदि लोग मौजूद थे।

### प्रधानाध्यापक मुकेश शर्मा को मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पूरे प्रदेश से स्मार्ट क्लास संचालन वाले सिर्फ 5 स्कूलों को चिन्हित किया गया है। इसमें जनपद के कस्बा पुरकाजी का पीएम श्री कंपोजिट स्कूल को चुना गया है। चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारूकी कस्बे के सरकारी स्कूलों की दशा बदलने में लगे हैं। उन्होंने कंपोजिट विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड देकर स्मार्ट क्लास शुरू कराई है। चेयरमैन पुरकाजी की मेहनत रंग लाई और कस्बे में स्मार्ट क्लास संचालन के लिए जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा को लखनऊ के लोकभवन में होने वाले कार्यक्रम में बुलाया गया है, जहां आज मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानाचार्य को सम्मानित किया जाएगा।

# लापता बच्ची का शव तालाब में मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** गांव तुल्हेड़ी निवासी लापता 7 वर्षीय बच्ची का शव गांव के तालाब में मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मीरापुर थानाक्षेत्र के ग्राम तुल्हेड़ी निवासी शकील की 7 वर्षीया पुत्री खुशबू शनिवार की सुबह सन्दिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। तभी से उसके परिजन खुशबू की हर सम्भव स्थान पर तलाश किया, किन्तु बच्ची का कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में सूचना दी। भूम्मा चौकी इंचार्ज अनुज चौधरी ने सीसीटीवी फुटेज के सहारे बच्ची की तलाश की। इस दौरान रविवार की सुबह करीब 9 बजे ग्रामीणों को खुशबू का शव गांव के तालाब में पड़ा हुआ मिला।

परिजनों में कोहराम मच गया। जिस पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर बच्ची के शव को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की गहनता से जांच-पड़ताल की तथा परिजनों की मांग पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची की मौत तालाब में डूबने से आई है।

# मलिक नर्सिंग होम में 62 लोगों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे के मौहल्ला दयानंदनगर में स्थित मलिक नर्सिंग होम में रविवार के दिन विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 62 लोगों ने ही अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया तो बदले में उनको कोफी मग व टी-शर्ट उपहार स्वरुप दी गयी। एमबीबीएस एमडी डाक्टर स्वीटी मलिक ने बताया कि रक्तदान के कारण कुछ बीमारियां जैसे एचआईवी, हैपैटाइटिस बी सी, सिफलिस और मलेरिया आदि की जाँच नि:शुल्क हो जाती है।

रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर नियन्त्रित रहता है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान करने से बोन मेरो में आरबीसी का निर्माण तीव्र हो जाता है और शरीर मे नये रक्त का संचार होता है। सेहत पर सकारात्मक असर होता है। एक रिसर्च के अनुसार ब्लड डोनेट करने से हार्ट अटैक और केंसर व अन्य बिमारी की आशंका कम हो जाती है। शरीर में कोलस्ट्रोल की मात्रा घटती है। शिविर सुबह नौ बजे से शुरु होकर सायं 5 बजे तक चला। शिविर में सरधना से टाउन हाल रोड पर आईसीआईसीआई बैंक के समीप स्थित प्रोमेड चौरीटेबल ब्लड सेन्टर से गौरव, आकांक्षा, पूजा और रोहित आदि आए हुए थे। जिन्होंने रक्तदाताओं के रक्त के नमूने लिए। यहां पर मलिक नर्सिंग होम के आनर डाक्टर ओमबीर सिंह मलिक, डाक्टर राजेश मलिक, आदेश कश्यप मदीनपुर, संदीप, धीरज, आकाश, सुहैल, शबाना, विशाखा, अमरेश, इकरा, समरीन और सबीना आदि मौजूद रहा।



# हमलावरों की गिरफ्तारी न होने पर भड़का रवा राजपूत समाज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह पर जानलेवा हमले के आठ दिन बीत जाने के बावजूद हमलावरों की गिरफ्तारी न होने पर रवा राजपूत समन्वय समिति ने कड़ा आक्रोश जताया है।

समिति ने घोषणा की है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो रवाराजपुत सत्ताईस वाडा के लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

बता दे कि 19 मई को स्कूल प्रांगण में पूजा के दौरान राजवीर सिंह पर सात लोगों ने जान लेवा हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल राजवीर सिंह का उपचार अभी भी मेरठ के सुभारती अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद से अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे समाज में आक्रोश फैल गया है। रविवार को रवा राजपूत समन्वय समिति सत्ताईस वाडा की एक अहम बैठक मीरापुर रोड राजेश फार्म हाउस पर आयोजित की गई। बैठक में समाज के प्रमुख लोगों ने पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता की निंदा की और पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की।

इस बैठक में सुधीर चौहान, अध्यक्ष मनोज चौहान, प्रमोद कुमार, सुनील प्रधान, बाल मुकुंद, सुरेंद्र सिंह, अनिल पुंडीर, सोनू दुधली, अश्वनी मास्टर, दीपक ठाकुर, प्रदीप राणा, संजय उर्फ बिटू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो समिति सड़कों पर उतर जर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को सजा दिलाकर ही दम लिया जाएगा।



### लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक के हमलावर फरार

लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला किया था। हमले के बाद सभी हमलावर मौके से फरार है। पुलिस प्रशासन ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में तेजी लाते हुए क्राइम ब्रांच की विशेष टीमों को अलर्ट कर दिया है। टीमों ने हमलावरों की तलाश में कई शहरों में दबिश देना शुरू कर दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। राजवीर सिंह की हालत स्थिर बताई जा रही है और वे इलाज के लिए मेरठ अस्पताल में भर्ती हैं।

# जौला में बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है नकली दूध

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** पूर्व में अवैध तमंचे बनाए जाने के नाम से ब्विव भर मे मशहूर हुए गांव जौला में कुछ लोग अब नकली दूध बनाकर लोगों को धीमी मौत देने का काम बड़े ही जोरों शोरों से कर रहे हैं। इन दूध माफियाओं की वजह से जौला गांव के लोग जहरीला दूध पीकर धीरे धीरे मौत की तरफ बढ़ रहे हैं। गांव जौला में जितनी भैंसें और गाय हैं और वे जितना दूध दे रहे हैं उससे कई गुणा दूध गांव में सफ्लाई हो रहा है।

बाकी दूध कहीं बाहर से नहीं आ रहा है बल्कि गांव में ही बनाया जा रहा है जो कि जहरीले केमिकल से बनाया जा रहा है। इस गांव का दूध पूरे गांव ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों के अलावा यूपी और हरियाणा सीमा में भी प्रवेश कर रहा है। काफी लोग नकली दूध बनाकर अपने मुफाद के लिये लोगों को धीमा जहर बैंच रहे हैं। जिसके सेवन से इंसान धीमी गति से विभिन्न बीमारियों को गले लगाकर मौत के मुंह में समा रहा है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सीमा पर नकली दूध का खतरनाक कारोबार दिनों दिन विकराल होता जा रहा है। बुढ़ाना क्षेत्र के जौला गांव से लेकर शामली के चौसाना, मेरठ के हर्रा गांव और सहारनपुर के नया कुंडा तक फैले इस नेटवर्क ने असली दूध बेचने वालों की कमर तोड़ दी है। सुत्रों के अनुसार करनाल हरियाणा से लेकर मेरठ उत्तर प्रदेश तक एक संगठित गिरोह हर रोज़ हजारों लीटर दूध में यूरिया, डिटर्जेंट और अन्य ज़हरीले कैमिकल मिलाकर बाजारों में सप्लाई कर रहा है। इस नकली दूध का सेवन लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। विशेष रूप से जौला गांव को इस अवैध कारोबार का केंद्र माना जा रहा है। जहां से दूध के कई टैंकर पश्चिमी यूपी के विभिन्न इलाकों में भेजे जाते हैं। स्थानीय लोग भी डर के साए में जी रहे हैं लेकिन शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पहले बुढ़ाना क्षेत्र का चर्चित जौला गांव अवैध तमंचे बनाने की फैक्ट्री के लिए ब्विव भर में मशहूर था लेकिन अब जहरीला दूध बनाने के कारण भी खूब चर्चाओं में आ गया है। क्या बुढ़ाना एसडीएम इस और ध्यान देंगे?

# बच्चों को अपनी संस्कृति को अपनाना चाहिए

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जैन संस्कृति एवम नैतिक संस्कार के द्वितीय दिन चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर पीसनोपाडा खतौली में अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन खतौली व संयुक्त तत्वावधान उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान उत्तर प्रदेश सरकार के सान्निध्य में आयोजितशिविर में बच्चों ने जिनेन्द्र भगवान की पूजन सीखी उसके बाद जैन संस्कारो की कक्षा इंदौर से पधारे सुमित शास्त्री ने ली । बच्चों को बताया गया कि उन्हें अपनी संस्कृति को अपनाना चाहिए।उसके बाद हैदराबाद से पधारे डॉ पुनीत जैन का प्रवचन हुआ उन्होंने बताया जीवन मे यदि सच्चा सुख प्राप्त करना है तो निजस्वरूप में लीन होना होगा।उन्होंने बताया कि जैन मुनि मन वचन काय से सभी प्रकार की हिंसा के त्यागी होते हैं वे वीतरागी व हितोपदेशी होते हैं सभी शिविरार्थियों को सुंदर किट का वितरण प्रेमलता जैन धर्मपत्नि सुरेन्द्र कुमार जैन पूर्व चेयरमैन नगरपालिका खतौली के परिवार की ओर से किया गया। शाम को प्रवचन के बाद वीतराग विज्ञान पाठशाला के बच्चों द्वारा चंद्रगुप्त के 16 सपने नामक नृत्य नाटिका का सफल मंचन किया गया जिसमें विशेष सहयोग रीतू जैन सोनम जैन विदेह जैन का रहा कार्यक्रम में , कलपेंद्र जैन,राजकुमार जैन,राहुल जैन,मुकेश जैन हितेश जैन मनोज आढ़ती अनन्त वीर्य जैन मदन जैन निशांत जैन, विनय जैन,सुशील जैन मंडी संजय दादरी, अंकित अशोक संजय, सुरेन्द्र घड़ी वाले ,सुनील ठेकेदार ,हरिश्चंद्र जैन कुलदीप, रजनी,शैलबाला,रीतू शिल्पी, संगीता, अंजू, अंजलि मृदुला जैन आदि सैंकड़ो की संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# नारद जयंती पर हुआ एसडी कॉलेज में पत्रकार सम्मान समारोह

■ एजेंडा आधारित पत्रकारिता का चलन देश व समाज के लिए खतरनाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विश्व संवाद केंद्र मेरठ की और से महर्षि नारद जयंती हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष मे 25 मई 2025 रविवार को एस डी डिग्री कॉलेज भोपा रोड के सभागार मे पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमे प्रान्त सोशल मिडिया प्रमुख पंकज शर्मा ने महर्षि नारद व आज की पत्रकारिता पर अपने विचार रखे उन्होंने बताया की एक एजेंडा आधारित पत्रकारिता का चलन बढ़ा है समाचारो के साथ विचारों की लड़ाई भी चल रही है महर्षि नारद जी के विचारों पर चलने की प्रेरणा दी नारद जी पर तीनो लोक व पूरा विश्व विश्वास करता था हर वर्ग की बात वे करते थें पुरे निष्पक्ष के साथ समाचारो का आदान प्रदान निष्ठां के साथ करते थें और उनकी बातो व समाचारो पर सब विश्वास करते थें उसी प्रकार आज पत्रकारिता होनी चाहिए

कार्यक्रम के अध्यक्ष अरविन्द भारद्वाज वरिष्ठ पत्रकार ने अपने अनुभव व पत्रकारिता पर विचार रखे।उन्होंने कहा पहले पत्रकारिता अपने हाथ से लिखकर किया करते थें समय बदलता गया और आज हम सब कहा खड़े है सोशल मिडिया का जमाना आ गया है और आज तो ए आई का जमाना है कुछ भी समाचार बनाकर सोशल मिडिया पर डाल देते है उसका कोई आधार नहीं लोगो का पत्रकारिता पर भरोसा उठने लगा है इसलिए पत्रकारों को चाहिए वे नारद जी के जीवन से प्रेरणा ले और निष्पक्ष होकर अपने समाचारो को दे हर वर्ग के लिए कार्य करें आज भी लोग अखबारों से ही समचार पर विस्वास करते है।

कार्यक्रम मे विभाग प्रचार प्रमुख विकास भार्गव ने अपने विचार व्यक्त किये और कार्यक्रम मे आये सभी पत्रकारों व प्रबुद्ध जन व मिडिया के लोगो का धन्यवाद दिया कार्यक्रम का संचालन हेमू विक्रम दित्य सोशल मिडिया प्रमुख लश्मी नगर ने किया।

कार्यक्रम मे मेहमानो का स्वागत सीताराम सह प्रचार प्रमुख लक्ष्मी नगर व उपेंद्र सह प्रचार प्रमुख लक्ष्मीनागर ने किया कार्यक्रम मे सहयोग राकेश, हिमनाशू, संजयशिवम,अंकित , अजय, मुकेश, सहदेव ने किया।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस पर आरोप: चौकी पर किन्नरों ने किया हंगामा

## मुकदमा दर्ज करने के एवज में डेढ़ लाख की मांग के साथ, जेठ और ससुर पर बलात्कार का लगाया आरोप, पुलिस जांच की बात कहकर बचती नजर आई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** विवाहिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर किन्नर समाज के लोगों ने शनिवार को चौसाना पुलिस चौकी पर जमकर हंगामा किया। आरोप है कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। उल्टा मुकदमा दर्ज करने के बदले में डेढ़ लाख रूपए की मांग कर रही है। प्रदर्शन के दौरान किन्नरों ने चौकी पर नारेबाजी करते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए, जिससे पुलिसकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई।



चौसाना। अपनी मांग को लेकर हंगामा करते किन्नर।

पीड़िता नस्तईम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी कुछ वर्ष पूर्व बसी गांव, जिला सहारनपुर निवासी युवक से हुई थी। दोनों की एक बेटी भी है और वह वर्तमान में गर्भवती है। कुछ समय से ससुराल में दहेज को लेकर विवाद चल रहा था, जिस कारण वह अपने मायके चौसाना में रह रही थी। इस बीच उसके पति ने दूसरी शादी कर ली। जब इस बात की शिकायत पुलिस चौकी पर की गई तो कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्रदर्शन कर रहे किन्नरों ने दावा किया कि पीड़िता का पालन-पोषण उन्होंने ही किया है और अब जब उसकी जिंदगी बर्बाद हो रही है, तो पुलिस आंख मूंदे बैठी है। किन्नरों ने आरोप लगाया कि जब नस्तईम ने दूसरी शादी और उत्पीड़न को लेकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की तो पुलिस ने डेढ़ लाख रूपए की मांग की। पीड़िता इतने पैसे देने में सक्षम नहीं है।

### जेठ और ससुर पर लगाया बलात्कार का आरोप

नस्तईम ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि शादी के समय 50 लाख रूपए खर्च किए गए थे, लेकिन इसके बाद लगातार दहेज की मांग की जाने लगी। जब उसने पैसे देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की गई। विरोध करने पर जेठ और ससुर ने उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने यह मामला भी पुलिस को बताया, तब भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

.....................................

चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने किन्नरों द्वारा लगाए गए पैसों की मांग के आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### लोगों में रोष, बोले- भ्रष्टाचार और लापरवाही की इंतिहा

चौकी के सामने जुटी भीड़ में लोगों ने भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि अगर कोई महिला और उसका पूरा समुदाय न्याय की गुहार लेकर आ रहा है और पुलिस सुनवाई नहीं कर रही, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### न्याय न मिला तो होगा बड़ा आंदोलन: किन्नर समाज

किन्नर समाज ने चेतावनी दी है कि अगर पीड़िता को जल्द न्याय नहीं मिला और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो चौसाना में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। किन्नरों ने कहा कि समाज में जब भी अन्याय होता है, वे पीछे नहीं हटते और इस बार भी पीछे नहीं हटेंगे।

# जानलेवा हमले का तीसरा आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने एक माह पूर्व ऊंचागांव में बुजुर्ग दम्पत्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस इससे पूर्व मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

विगत 23 अप्रैल को क्षेत्र के ऊंचागांव में बाइक चोरी का विरोध करने पर रामपाल व उसकी पत्नी सुदेश पर गांव के ही ऋतिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग कर दी थी, जिसमें गोली लगने से दोनों पति-पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। घायल दम्पत्ति को उपचार के लिए पहले पानीपत तथा बाद में चंडीगढ़ भर्ती कराया गया था। घायल रामपाल के भाई सुंदर चौहान ने कोतवाली कैराना पर घटना का मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी शामली ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को घटना में लिप्त आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजने के निर्देश दिए थे।

इसी क्रम में रविवार को वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग दम्पत्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी नवीन निवासी ऊंच. ागांव को पीएसी कैम्प के निकट स्थित मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। पुलिस इससे पूर्व घटना में लिप्त आरोपी ऋतिक व गौरव को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# गांव ख्यावड़ी में पहुंचा आशुतोष का शव, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव ख्यावडी निवासी आशुतोष पुत्र सतीश की जनपद सहारनपुर के नागल में गोली मारकर कर हत्या कर दी गई थी। मृतक आशुतोष सहारनपुर स्थित देवभूमि यूनिवर्सिटी का बी।फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र था।शनिवार को अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई।रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब उसका शव पैतृक गांव ख्यावड़ी पहुंचा, तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गमगीन माहौल में आशुतोष का अंतिम संस्कार किया गया।



गांव ख्यावड़ी निवासी सतीश कुमार का बेटा आशुतोष देवभूमि यूनिवर्सिटी, सहारनपुर में बी।फार्मा प्रथम वर्ष का छात्र था। शनिवार को वह नागल के आईएमटी कॉलेज में परीक्षा देने गया था। दोपहर करीब 12रू30 बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद जब सभी छात्र बाहर निकले, तभी गागलहेड़ी की ओर से एक सफेद ब्रेजा कार और एक बाइक पर सवार छह नकाबपोश युवक पहुंचे। हमलावरों ने एक छात्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। छात्रों द्वारा विरोध करने पर हमलावर भागने लगे। इसी दौरान कार सवार एक युवक ने फायरिंग की, जिसकी एक गोली आशुतोष के माथे पर लग गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रविवार को आशुतोष का शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतक की मां बार-बार बेहोश हो रही थीं, वहीं पिता सतीश कुमार और भाई विशाल का भी रो-रोकर बुरा हाल था। दो छोटी बहनें निशा और मानसी बिलख-बिलख कर रो रही थीं। पूरे गांव में शोक का माहौल था और बड़ी संख्या में लोग आशुतोष के अंतिम दर्शन और परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। इस दर्दनाक घटना ने न केवल एक परिवार को, बल्कि पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

# कार में नशीले पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेश पर चलाए गए चे. कंग अभियान के दौरान शीतल गढ़ी रोड बांध के ऊपर से पुलिस ने सेंट्रो कार मे नशीले पदार्थ के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ चालानी करवाई की। बिडौली चौकी इंचार्ज पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशनुसार वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तो शीतल गाड़ी की ओर से बांध पर आती है सेंट्रो कर संख्या को रोक कर जब उसकी तलाशी ली तो उसमें सवार युवक के पास से 4 किलो अवैध डोडा चूर्ण बरामद हुआ पकड़े गए युवक ने अपना नाम तसीम पुत्र मंजूर निवासी पटनी प्रतापपुर बताया है पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

## एक नजर

### अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नशा विरोधी अभियान चलाते हुए अहमदगढ़ पुलिस ने एक युवक को अवैध कच्ची शराब सहित पड़कर उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। पुलिस से अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम की आदेश अनुसार क्षेत्र में नशा विरोधी अभियान चलाते हुए अहमदगढ़ पुलिस ने अवैध कच्ची शराब ले जाते हुए गणेश पुत्र कृष्ण निवासी खोकसा को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस में चालानी कार्रवाई की है।

### वैश्य महासम्मेलन के प्रतिनिधिमंडल ने किया थाना प्रभारी का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का एक प्रतिनिधिमंडल शामली महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान से मुलाकात कर स्वागत किया। उन्होने शामली जिले की महिला थाने प्रभारी बनने पर मोनिका चौहान को बुके भेट किया और उम्मीद की कि महिलाओं को सुलभ और आसानी से न्याय मिल सकेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश गोयल, जिला उपाध्यक्ष अनिल गोयल, संजय बंसल, जिला महामंत्री प्रमोद मित्तल, आयुष्मान सिंगल, जिला कोषाध्यक्ष राजेश बंसल, नगर अध्यक्ष मयंक बंसल, नगर महामंत्री वैभव संगल, गौरव गर्ग, वैभव सिंगल आदि मौजूद रहे।

### सड़क के पैचिंग कार्य पर फिरा बारिश का पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** लोक निर्माण विभाग द्वारा कस्बे की टूटी सड़क का पैचिंग कार्य शुरू होते ही रात में आई जोरदार बारिश ने कस्बे वासियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कर्मचारियों द्वारा रोड़ी के साथ डाला गया डेस्ट बह गया। चार वर्षों बाद सड़क के गढ्ढे भरने शुरू होते ही बारिश से सभी कुछ बह गया। दूसरी ओर रात करीब साढ़े बारह बजे आई तेज हवा के साथ बारिश आने से सुबह सात बजे तक बिजली गुल रही। तेज हवा से डेरी चौक के निकट एक स्ट्रीट लाइट का पोल टूट गया। हालाकि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

### वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एसपी शामली राम सेवक गौतम के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने रविवार को एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी का नाम व पता राशिद निवासी मोहल्ला आलखुर्द कस्बा कैराना बताया गया है। पकड़े गए वारंटी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दिया है।

# मृतक मुकेश की रस्म तेरहवीं पर गांव एवं क्षेत्रवासियों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव पेलखा में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब जंगल में एक पेड़ से लकड़ी ठेकेदार मुकेश कुमार (उम्र 40) का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। देर शाम गांव में गमगीन माहौल के बीच मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मामले में मृतक के भाई देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि मुकेश लकड़ी खरीदने और बेचने का काम करता था।

उसने गांव गंदेवड़ा के पूर्व प्रधान सुरेश से 34 लाख रूपए में पेड़ खरीदे थे, जिसमें से 32 लाख रूपए चुका दिए गए थे। केवल दो लाख रूपए बकाया थे। देवेंद्र का आरोप है कि इसी बकाया रकम को लेकर पूर्व प्रधान ने एक सप्ताह पहले मुकेश की ट्रैक्टर-ट्रॉली को जबरन अपने घर में खड़ा करवा लिया था और लगातार मानसिक दबाव बना रहा था। इसी मानसिक तनाव के चलते मुकेश ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने पूर्व प्रधान सुरेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देश पर मामले में हत्या और एससीध्एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जांच की जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार को सौंपी गई है। रविवार को मृतक मुकेश की तेरहवीं रस्म अदा की गई। इस दौरान भाई देवेंद्र ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद गढ़ीपुख्ता पुलिस ने अभी तक आरोपी के घर पर दबिश नहीं दी और न ही कोई गिरफ्तारी की गई है।

## उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ओम प्रकाश शर्मा के कार्यालय पर हुई कांग्रेसियों की बैठक

# पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर दिया बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा के कैंप कार्यालय पर जिला व शहर कांग्रेस कमैटी के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूर करने पर बल दिया गया।

रविवार को जिला व शहर कांग्रेस कमैटी शामली के कॉर्डिनेटर नवनीत भारद्वाज, गुफरान काजमी व ज्ञानेन्द्र सिंह राघव ने शहर के विश्वकर्मानगर स्थित ओमप्रकाश शर्मा के कैंप कार्यालय कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

उन्होने कहा कि जिले में कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने का काम करे। गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए। कांग्रेस की नीतियों से युवाओं को अवगत कराया जाए।



यही नही बूथ कमैटियों का गठन कर बूथों को मजबूत करे ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटे हासिल कर सरकार बनाने का काम करे। उन्होने कहा कि पार्टी के सांसद राहुल गांधी जनता के बीच जाकर उनको दुख दर्द समझ रहे है। उन्होने भारत जोडा पैदल यात्रा की। यही नही विभिन्न राज्यों में जाकर गरीब, असहाय और वंचितों का हाल जाना। यही कार्य पार्टी का हर कार्यकर्ता करे, जिससे पार्टी मजबूत हो सके। ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्र प्रेमी पार्टी है। कांग्रेस ने देश के लिए अनेकों कुर्बानी दी है। पार्टी के हर कार्यकर्ता को कांग्रेस पार्टी पर गर्व है और कांग्रेस पार्टी आने वाले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से उभरकर सामने आएगी। इस अवसर पर वैभव गर्ग, प्रवीण तरार, बाबू खान,ओमवीर उपाध्याय,ठाकुर लाखन सिंह,आलम चौधरी, बिजेन्द्रपाल वर्मा, सुरेन्द्र सरोहा, शेखरपाल, पुनीत शर्मा, डा। पाल सिंह, सोहिल धीमान, रविन्द्र आर्य,सुरेश पाल सैनी,विक्रम सिंह एवं अन्य सम्मानित कांग्रेसजन आदि मौजूद रहे।

# प्रांतीय खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रान्तीय खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह आयोजित किया गया। रविवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष चन्द्र देव ने की। बताया कि सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज शामली में पांच दिवसीय प्रान्तीय खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग 21 मई से 25 मई तक सम्पन्न हुआ। उक्त वर्ग में मेरठ प्रान्त के 14 जनपदों के विद्या भारती से सम्बद्ध रखने वाले सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज के 56 शारीरिक शिक्षकों व शिक्षिका बहनों ने योजनाबद्ध प्रशिक्षण प्राप्त किया।



इस प्रशिक्षण वर्ग में तीन खेलों ऐथेलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो का प्रशिक्षण प्राप्त कराया गया। उक्त वर्ग के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सम्भाग निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने वर्ग के उद्देश्य एवं आगामी लक्ष्यों को दो. हराते हुए बताया कि छात्र शिक्षा जगत में खेलो के माध्यम से अपना कैरियर विकसित कर सकते है तथा अपनी बहुमुखी प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय पटल पर विशेष पहचान स्थापित कर सकते है। हम सभी को ऐसे मेधावियों का चयन कर उनके सर्वांगीण विकास का संकल्प लेकर यहां से प्रस्थान करना है। गुलशन राय ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें शारीरिक और मानसिक दोनों पहलू शामिल है। यह शिविर आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग और सामूहिक जीवन जैसे मूल्यों को बढ़ावा देते है। इस अवसर पर वर्ग में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट शिक्षार्थी को प्रबंध समिति के द्वारा प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद, गौरव सिंघल, पंकज गुप्ता, किशनवीर सिंह, अशोक कुमार, धर्मेन्द्र, नीरज कुमार, पूर्णिमा, आशीष, नितिन कुमार, धीरज कुमार, अशोक सोम, नीटू कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पोल के स्थान परिवर्तन का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला दरबारकलां निवासी आहद ने विद्युत उपखंड अधिकारी कैराना अमित कुमार गुप्ता को एक प्रार्थना-पत्र दिया है। बताया कि उसका पिता इदरीश मोहल्ले में ही हलवाई की दुकान करता है। उनकी दुकान के सामने सड़क के दूसरी ओर विगत 40 वर्षों से एक विद्युत पोल लगा हुआ है। यहां एक व्यक्ति अपने मकान का निर्माण करा रहा है। उक्त व्यक्ति इस विद्युत पोल को उसके वास्तविक स्थान से हटवाकर सड़क के दूसरी ओर उनकी दुकान के सामने स्थापित कराना चाहता है। यह व्यक्ति विभाग के अधिकारियों तथा कुछ दबंग लोगो के लगातार सम्पर्क में है। विद्युत पोल के स्थान परिवर्तन का मोहल्ले के लोग भी पुरजोर विरा. ेध करते है। विद्युत पोल का स्थान बदले जाने से मोहल्ले में झगड़ा तथा आपसी सौहार्द भंग होने की प्रबल आशंका है। पत्र में एसडीओ से विद्युत पोल को यथा स्थान रखे जाने का आग्रह किया गया है।

# ऐरटी में परशुराम के जन्मोत्सव पर निकाली यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रविवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव ऐरटी में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गांव में स्थित भारद्वाज दण्डि आश्रम में हवन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। शुभारंभ आश्रम के पीठाधीश्वर दण्डि स्वामी ललितानंद तीर्थ के कुशल मार्गदर्शन में पंडित सचिन भारद्वाज व वीशू शर्मा आदि के द्वारा मंत्रोच्चारण करके किया गया। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवं कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा (सींगरा) ने कहा कि परशुराम सबके भगवान है। गोरक्षा सभा के जिलाध्यक्ष वीशू शर्मा ने कहा कि अत्याचारियों के विरुद्ध भगवान परशुराम ने फरसा उठाया था। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अखिलेश भारद्वाज के द्वारा सराहनीय योगदान दिया गया। सुरक्षा की दृष्टि से औद्योगिक क्षेत्र चौकी प्रभारी एसआई राजकुमार बघेल भी पुलिस बल के साथ में कलश यात्रा के दौरान मुस्तैद रहे। अंशुल शर्मा, आशु शर्मा, रोहित चौधरी, भाकियू (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष सोनू शर्मा रामडा, लोकेंद्र शर्मा, एडवोकेट सुमित शर्मा समेत सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।



# थाना समाधान दिवस में शिकायतों का समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा ने की।

थाना कोतवाली नगीना प्रांगण में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा ने की। इस मौके पर फरियादियों द्वारा लिखित व मौखिक रूप से शिकायतें की गई। जिनमें चार लिखित शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से एक पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शेष तीन राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु भेज दिया गया। नायब तहसीलदार ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय सीमा के भीतर निस्तारित करें। संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन करें। अधिकारियों ने शिकायतों के हाथों हाथ हल करने के प्रयास किए। आमजन को न्याय दिलाने के लिए सरकार लगातार थाना समाधान दिवस का आयोजन करा रही है।

इस मौके पर नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, एसएस आई दीपक कुमार, एसआई सोहन सिंह पुंडीर, एसआई सर्वेज खान, एसआई सुभाष तोमर, कई कानूनगो व लेखपाल, नगर पालिका कर्मचारी मौहम्मद असलम सहित फरियादी पहुंचे।

# बीएसएम में कत्थक कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में आयोजित सात दिवसीय कत्थक कार्यशाला का समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का अद्‍भुत प्रदर्शन किया।

रविवार को समापन समारोह का शुभारंभ पारंपरिक तिलक और पुष्प भेंट के साथ हुआ। अतिथि रुचि बलूनी और उनकी सहायक वंदिता का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी। इसके उपरांत वरिष्ठ वर्ग के छात्रों द्वारा भगवान गणेश को समर्पित एक पारंपरिक कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्तुति ताल, भाव और लय की त्रिवेणी से परिपूर्ण थी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाव-भंगिमा और पद संचालन में छात्रों की मेहनत और अभ्यास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने सभा में स्वागत भाषण देते हुए अपने प्रेरणास्पद शब्दों से सभी का स्वागत किया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत को आत्मसात करना आवश्यक है और कत्थक जैसे शास्त्रीय नृत्य रूपों से विद्यार्थियों में अनुशासन, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास का विकास होता है। मैनेजर छाया सिंह और चौयरमेन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि विद्यालय का प्रयास हमेशा विद्यार्थियों को पाठड क्रम के साथ - साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रवीण बनाना है। इस कार्यशाला ने छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक सुंदर अवसर दिया है। तदुपरांत जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा एक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने कथा की मूलभूत मुद्राओं और हस्त विन्यास का सुंदर परिचय दिया। उनकी यह प्रस्तुति न केवल रोचक थी बल्कि शास्त्रीय नृत्य की बुनियादी समझ को सरल भाषा में सभासदों तक पहुंचाने का एक सशक्त प्रयास भी था। समारोह के अंत में विशेष अतिथि रुचि बलूनी ने मंच पर आकर अपने भावपूर्ण भाषण में कथक के प्रति अपने प्रेम, अपनी कला यात्रा और अनुभव साझा किया।



# अहिल्याबाई ने दिखाई धर्म की राह: वाजपेयी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने समाज को धर्म की राह पर चलाने का काम किया।

भाजपा द्वारा मनाए जा रहे रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दि स्मृति अभियान के अंतर्गत आज भाजपा कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर सुशासन की प्रतीक हैं। उन्होंने अपने राज में धर्म की स्थापना की, सोमनाथ मंदिर सहित बारह ज्योतिर्लिंगों का पुनर्निर्माण किया। समाज सुधार की दिशा में अनेक काम किये। उन्होंने दहेज के विरोध में कानून बनाने का काम किया, नशे के विरुद्ध कानून बना कर समाज को नशामुक्त करने की दिशा में काम किया। उन्होंने धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यो को बढ़ावा दिया, अपने राज्य में विकास एवं स्वच्छता को बढ़ावा दिया।

लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के पदचिन्हों पर चलते हुए काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण कराया, चार धाम सर्किट का निर्माण कराया जा रहा है, स्वच्छता अभियान, हर गांव हर शहर को सड़क नेटवर्क से जोड़ने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किये। विधवा विवाह को मान्यता दी, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रेरित किया और उनसे प्रेरणा लेते हुए मोदी सरकार ने लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम किया गया है और देश को सशक्त एवं समृद्ध बनाने का काम किया जा रहा है। इससे पहले भाजपा कार्यालय पर रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से संवंधित प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने किया।

संगोष्ठी में प्रमुख रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, विधायक राजीव गुम्बर, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, पूर्व महापौर संजीव वालिया, पूर्व विधायक जगपाल, के एल अरोड़ा, सुरेंद्र शर्मा, अमित गगनेजा, प्रेमपाल कटारिया, गौरव गर्ग, नूतन शर्मा, मनोज ठाकुर, बबिता सैनी, मनीष साहनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अन्याय के खिलाफ है जमीअत: मौलाना आरिफ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** जमीयत उलेमा ए हिंद के तहसील अध्यक्ष मुफ्ती आरिफ मजाहिरी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम ढाकाढेइ में जमीयत उलेमा ए हिंद तहसील अध्यक्ष मुफ्ती आरिफ मजाहिरी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुर तहसील अध्यक्ष नें कहा कि ने कहा है की जमीयत उलेमा ए हिंद का इतिहास देश प्रेम और देश सेवा का रहा है। आजादी की जंग में 50 हजार उलेमा हजरात नें अपनी जान की कुर्बानी पेश कि थी। संगठन बिना भेदभाव के गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करता है अन्याय के खिलाफ जमीयत उलेमा हिंद सदैव खड़ी रही। जमीयत उलेमा ए हिंद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मौलाना शमशीर कासमी नें अपने सम्बोधन में जमीयत उलेमा ए हिंद के इतिहास पर रौशनी डालते हुए कहां है की इस संगठन का देश कि स्वतंत्रता आन्दोलन में अहम योगदान रहा है। जमीयत उलेमा ए हिंद ने सर्व समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और दहेज जुआ सट्टा आदि बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया हुआ है मौलाना शमशीर कासमी ने कहा है कि जमीयत उलमा-ए-हिंद सदस्य अभियान चल रहा है इस अभियान से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा संगठन के सदस्य बने ओर जमीयत को मजबूत करें।

इस अवसर पर मौलाना रशीद कारी शौकीन जाकिर फैजान मास्टर इकराम राठी हाफिज अरशद रियाज चौधरी रियासत आदि मौजूद रहे।

# बाइकर्स नियमों की उडा रहे धज्जियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** कस्बे में बाइक सवारों द्वारा यातायात व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए दिनदहाड़े देखा जा सकता है। लेकिन यहां की कानूनी व्यवस्था भगवान भरोसे ही चलती दिखाई दे रही है।

तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे में एक ही बाइक पर बैखोफ चार चार युवक बिना किसी सुरक्षा तंत्र के सवार होकर यातायात व्यवस्था को तार तार करते हुए नजर आ रहे है। लेकिन ऐसे तत्वों पर प्रशासन द्वारा कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से कस्बे में ऐसी कोई कानूनी प्रक्रिया देखने को नहीं मिली है जिससे यातायात व्यवस्था को ठेंगा दिखाने वाले शरारती तत्वों पर नकेल कसी जा सकें।आपका ध्यान आकर्षित करते हुए बताते चलें की तल्हेडी बुजुर्ग कस्बा एक भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है जहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होती रहती है। विगत समय में हुई कुछ दुर्घटनाओं में कई लोग अपनी जान तक गंवा चुके हैं तो कुछ लोग पगडंडियों के भरोसे चल रहे हैं। उसके बावजूद भी प्रशासन मौन साधे हुए हैं आखिर यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने और बेलगाम शरारती तत्वों पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है।

## पांच वारंटी जेल भेजे

**सहारनपुर।** थाना नानौता पुलिस ने पांच वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना नानौता पुलिस ने थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार व उपनिरीक्षक अनुज कुमार, उपनिरीक्षक नीरज कुमार, उपनिरीक्षक लोकेश कुमार, उपनिरीक्षक सतीश कुमार व उपनि. रीक्षक जयवीर सिंह के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही करते हुए पांच वारंटी आरोपियों अनुज व अरूण पुत्रगण ऋषि निवासीगण ग्राम फतेहपुर थाना नानौता, इनाम पुत्र नवाब निवासी ढाकादेई, महेंद्र पुत्र मामचंद निवासी ग्राम तिलफरा ऐनाबाद व शोभित कुमार पुत्र पाल्लाराम निवासी ग्राम जंधेड़ी थाना नानौता को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि दबोचे गए आरोपी अलग-अलग मामलों में न्यायालय से चालानी प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किए गए हैं।

# भारी बारिश से मजदूर का गिरा कच्चा मकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** भारी बारिश के कारण गांव ध्याना में एक मजदूर परिवार का कच्चा मकान धराशाई हो गया जिसके कारण पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र में हुई भारी बरसात के दौरान गांव ध्याना निवासी बालेन्द्र सैनी पुत्र इलमचन्द अपनी पत्नी सुनीता व दो लड़कियों नीतू और तनु के साथ अपने कच्चे मकान में बैठे थे। इसी बीच उन्हें मकान की छत गिरने का आभास हुआ।जिसे देखकर बालेन्द्र घबरा गया और अपने परिवार को लेकर मकान से बाहर निकलने लगा, तभी मकान की कच्ची छत भरभराकर गिर पड़ी जिसके कारण उन्हें मामूली चोटें आई। गनीमत रही कि वह मकान के मलबे की चपेट में नहीं आए अन्यथा एक बड़ी दुर्दांत दुर्घटना घटित हो सकती थी। मकान गिरने और परिवार के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के सैकड़ों ग्रामीण लोग मौके पर एकत्रित हो गए जिन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना देकर शांत कराया। तत्पश्चात ग्रामीणों ने घटना की जानकारी देवबंद नायब तहसीलदार देवेन्द्र प्रजापति और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल व स्थानीय पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए जिन्होंने घटना की छानबीन कर पीड़ित को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। मौके पर मौजूद गांव के ही राहुल त्यागी व शुभम वत्स ने बताया कि बालेन्द्र मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पोषण करता है। बरसात के कारण उसका मकान गिरने से उसकी आर्थिक स्थिति पर संकट छा गया है। उन्होंने शासन से पीड़ित परिवार की सहायता के लिए गुहार लगाई है।उधर देवबंद नायब तहसीलदार देवेन्द्र प्रजापति ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि पीड़ित परिवार को शासन द्वारा निर्धारित हरसंभव आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए बताया कि मकान गिरने की घटना से ग्राम प्रधान नीरज सैनी को अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने काम का बहाना बनाकर मौके पर पहुंचने से इंकार कर दिया। जिससे समस्त ग्रामवासियों में ग्राम प्रधान के प्रति रोष दिखाई दे रहा है। आपको बता दें कि विगत दिनों इसी गांव में अनिल पुत्र शंकर का मकान धराशाई हो गया था जिसमें उसके पन्द्रह वर्षीय एकलोते पुत्र निहाल की मौत हो गई थी।

# वन गुर्जरों की समस्याओं व अधिकारों पर की चर्चा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** अखिल भारतीय वन-जन श्रमजीवी यूनियन के बैनर तले जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कॉविड काल में वन अधिकार एवं जन अधिकारो पर मानव अधिकार हनन एवं वन गुर्जर समुदाय की समस्याओ को लेकर विस्तार पूर्वक बताया गया।

रविवार को जनता इंटर कालेज के सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वन आश्रित समुदाय कोविड -19 लॉकडाउन के दौरान अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी भारी संख्या में मौते हुई है। लेकिन जो मौतो के आंकड़े शासन द्वारा जारी किए गए थे उन आंकड़ों के पीछे गहरी प्रशास. निक विफलता छिपी रही जिसने संवैधानिक सुरक्षा को कमजोर किया है। वक्ताओ ने कहा कि महामारी के दौरान बंद हुए स्कूल आज तक नहीं खुले हैं। वन श्रमिकों को ठेके पर रखा जाने लगा जिससे पारंपरिक अधिकार और स्थिरता कमजोर हुई। वक्ताओं ने कहा कि वन क्षेत्र में फायरिंग रेंज क्षेत्र बढ़ा दिए गए हैं जिससे मृत्यु एवं विस्थापन हुआ है और वन गुर्जर समुदाय को खलनायक के रूप में चिन्हित किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैराना से लोकसभा सांसद चौधरी इकरा हसन ने कहा कि उनके सामने वक्ताओं ने जो समस्याएं रखी हैं वह मजबूती के साथ उनको सदन में उठाने का काम करेगी उन्होंने आश्वासन दिया कि वन गुर्जर समुदाय की समस्याओं को दूर कराने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने का काम करेंगी। कार्यक्रम को नगर पंचायत बेहट अध्यक्ष अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया वरिष्ठ अधिकवक्ता चौधरी जानिसार, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता दिलनिसार चौधरी,अधिवक्ता फवाज, स्वतंत्र पत्रकार भाषा सिंह, मोहम्मद अहमद काजमी आदी ने सम्बोधित करते हुए वन गुर्जर समुदाय कि समस्याओ के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान मुनी लाल, दिशा संगठन के मैनेजिंग डायरेक्टर केशवानंद तिवारी पीरु मियाँ, नईम अहमद, जमुर्रत हुसैन, मुकर्रम हुसैन, अलीजान मलिक, फैसल मिर्जा मौजूद रहे।

## कर्तव्यों से विमुख होने के कारण घटा सम्मान: लक्ष्मीकांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में मुख्य अतिथि वाजपेई ने कहा कि आज ब्राह्मण अपने कर्तव्य से विमुख हो गया है इसीलिए समाज में ब्राह्मण का सम्मान घट गया है तथा समाज बट गया है।

शिव चौक स्थित पंचायती धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि अपने कार्य को मजबूती से करों तथा समाज को आगे बढ़ाओ। उन्होने कहा कि हम अपने संस्कार व संस्कृति को भूल रहे हैं जो ठीक नहीं है। उन्होने बड़ों का सम्मान करने की सीख दी। वाजपेई ने कहा कि हम सब भगवान परशुराम के वंशज है। उन्होने धर्म की रक्षा के लिए आताताईयों का संहार किया था।

# पोल में करंट आने से भैंसे की मौत, एक झुलसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** शनिवार की सुबह नकुड़ के मौहल्ला बंजारान गंगोह सहारनपुर मार्ग पर तेज हवाओं और बारिश के कारण एक दर्दनाक हादसा हो गया। वर्षों पुराने जर्जर हालत में पड़े विद्युत पोल से करंट फेल गया। जिसकी चपेट में आकर मुर्सलीन पुत्र जहूर का भैंसा मौके पर ही तड़पकर मर गया। उसे बचाने की कोशिश में इब्राहिम पुत्र इरफान झुलस गया।

उक्त हादसा लापरवाही का परिणाम है। जिसकी शिकायतें नगर वासी वर्षों से करते आ रहे हैं। मौहल्ले वासियों ने बताया कि विद्युत पोल जर्जर स्थिति में है। जबकि विभाग को कई बार अवगत कराने के बावजूद आजतक कोई कार्यवाही नही हुई। पीड़ित मुर्सलीन ने बताया कि उसका भैंसा ही परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन था। वह मेहनत मजदूरी कर उसी के सहारे अपने बच्चों का पेट पालता था। भैंसे की मौत के बाद उसका जीवन यापन संकट में पड़ गया।

बताया जाता है कि यह पहला हादसा नहीं है। बल्कि दो वर्ष पूर्व भी इसी मौहल्ले में आठ वर्षीय उमेर पुत्र रहमान की करंट लगने से मौत हो गई थी। बावजूद इसके विद्युत विभाग ने अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं खोजा। मौके पर पहुंचे सभासद पति हाजी दिलशाद कुरैशी व सभासद अमीर आलम ने तत्काल पशु चिकित्सक को बुलवाकर पोस्टमार्टम की प्रकिया कराई। आजाद कुरैशी, सरफराज कुरैशी, अहसान निजामी, रहमान कुरैशी, शाहनवाज, हाजी बिलाल कुरैशी, सरवर कुरैशी, इकराम, मुबीन समेत कई लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने व पीड़ित को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# हत्या मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार



**नागल।** शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव उमाही हाइवे स्थित आइ आइ एम टी कॉलेज मे परीक्षा देकर बाहर निकले देवभूमि कॉलेज गागलहेडी के बी फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र आशुतोष पुत्र सतीश कुमार की छात्रों की आपसी रंजिश को लेकर कई गयी मारपीट व फायरिंग की घटना मे गोली लगने से हुई हत्या के मामले मे पुलिस ने रविवार को दूसरे आरोपी छात्र आयुष पुत्र सचिन कुमार निवासी गांव कलसी थाना तीतरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। जबकि घटना के मुख्य आरोपी उदित चौधरी पुत्र विजय कुमार को पुलिस ने कल ही एक मुठभेड मे घायल कर गिरफ्तार कर लिया था। इस घटना मे मृतक के पिता सतीश कुमार निवासी ख्यावडी थानाभवन, शामली ने तीन नामजद सहित छह युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# रक्तदान महादान जो बचाता है दूसरों की जान: जसवंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मानिहारन।** राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि रक्तदान ऐसा महान दान है जो दूसरों का जीवन बचा सकता है। रक्तदान से रक्तदाता को कोई परेशानी भी नहीं होती। स्वस्थ लोगों को रक्तदान करते रहना चाहिए।



भारत सूर्योदय सेवा ट्रस्ट व परवाह स्पोर्ट्स एवं चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हाइवे स्थित अशोका बैंकट हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने संयुक्त रूप से किया।शिविर में रक्तदान करने के लिए सुबह से ही लोगों में उत्साह दिखाई दिया।शिविर में 55 लोगों ने रक्तदान किया।संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि रक्तदान ऐसा महान दान है जो आपात स्थिति में किसी दूसरे की जान बचा सकता है।उन्होंने कहा कि रक्त कोई कम्पनी नहीं बनाती ये ईश्वर मनुष्य के शरीर मे बनाता है इसलिए प्रत्येक स्वस्थ मनुष्य को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

मंत्री प्रतिनिधि कृष्णचंद सैनी ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है।जो किसी भी जाति और धर्म से ऊपर उठकर है।उन्होंने कहा कि रक्तदाता को रक्तदान करने से कोई भी परेशानी नहीं होती। शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। शिविर आयोजक सन्नी अग्रवाल व चौधरी हैदर अली पँवार ने कहा कि मानवता की सेवा श्रेष्ठ पुण्य कार्य है।हम सदैव जनता की सेवा करते रहेंगे।

इस प्रमोद कौशिक,सुंदर चौहान, रविंद्र चौधरी, बृजेश सैनी, डॉ सुखबीर सिंह, संदीप सैनी, पदम सिंह, विनय कुमार, अनिरुद्ध सैनी, सतीश अग्रवाल, मुनेश सैनी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मारपीट करने का लगाया आरोप

**चिलकाना।** सीकरी खुर्द निवासी बुजुर्ग किसान ने अपने विपक्षी किसान पर उसके खेत की डोल काटे जाने व उसके द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर उसे घायल करने का आरोप लगाया है।

शनिवार को देर रात्रि के समय थाना पहुँचे पीड़ित बुजुर्ग किसान रागिब पुत्र मतलूब निवासी ग्राम सीकरी खुर्द थाना चिलकाना ने तहरीर देकर बताया है कि उसके ही गांव निवासी उसके पड़ोसी किसान अब्दुल रऊफ, अमीर खान व अब्दुस्सलाम पुत्र महबूब ने उसकी गैर मौजूदगी में उसके खेत की डोल काट ली। जब उसके द्वारा डोल काटे जाने का विरोध किया गया तो विपक्षीगण उपरोक्त ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसमे उसके सिर व कान पर चोट आई है।उसके शोर शराबे की आवाज सुनकर आस पास के लोगो ने उसे किसी तरह उनसे बचाया है। विपक्षीगण जाते जाते भी उसे जान से मारने की धमकी देकर गए हैं।

### कुरीतियों व दुर्व्यसन से दूर रहने का आह्वान

**चिलकाना।** डिंडोलीखेडा गांव में आयोजित आर्य समाज के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन महर्षि दयानन्द सरस्वती की समाज सुधारक नितियों के बारे में बताते हुए कुरीतियों व दुर्व्यसन से दूर रहने का आग्रह किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पंडित शिवकुमार शास्त्री ने महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा लगाये गये नारे वेदों की ओर लौटो से शुरूआत करते हुए उनके द्वारा समाज सुधारक के रूप में किये गये कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महर्षि ने अलग से कोई धर्म, मत या साम्प्रदाय नही बनाया। मंच संचालक योगाचार्य डॉ संदीप आनन्द ने कहा कि हमारे बच्चो में शिक्षा के साथ साथ संस्कारों का होना भी बहुत जरूरी है। उन्होने कहा कि हमें अपने बच्चो को शिक्षा के लिए गुरूकुल में भेजना चाहिए। संस्कारों के अभाव में बच्चे नशे व अन्य दुर्व्यसनों की ओर जा रहे हैं।

भजनोपदेशिका संगीता आर्य ने भजनों के माध्यम से सभी को अंधविश्वास व पाखंड से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जयपाल आर्य, डॉ. अशोक आर्य, उमेश आर्य, गुरूकुल कांगडी हरिद्वार से आये ब्रह्मचारी प्रशान्त आर्य, प्रवेश आर्य, ब्रजपाल आर्य, अंकित, प्रिंस, सुमित व अमित सहित जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के सभी वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

### साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

**गंगोह।** 86 यू पी बटालियन एनसीसी कैडिटों ने प्रशिक्षण शिविर के पां. चवे दिन कैडेट्स को साइबर अपराध और उनसे बचाव की विस्तृत जानकारी दी गई। हिंदू राष्ट्रीय इंटर कालेज में आयोजित शिविर में सब इंस्पेक्टर साबिर अली व सब इंस्पेक्टर अलका राठी ने कैडेट्स को साइबर अपराध के खतरे के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि किसी भी दशा में अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा ओटीपी भी किसी को ना बताएं। कैडेट्स ने अपनी जिज्ञासाएं भी प्रस्तुत की जिनका समाधान किया गया। शिविर में एडजूटेंट कैप्टन मेघेंद्र गॉड ने कैडेट्स को प्राकृतिक और मनुष्य निर्मित आपदाओं के प्रबंधन से अवगत कराया। भाषण प्रतियोगिता में कैडेट शिवी गुप्ता ने प्रथम, कैडेट वंश मित्तल द्वितीय व कैडेट अनुराग सिंह बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कैप्टन अखिलेश श्रीवास्तव, सूबेदार मेजर नीरज सिंह चौहान, सूबेदार संजय भट्ट, गुरनाम सिंह, हरनेक सिंह, जगदीप सिंह, सुहेल अहमद, संजय, नवीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बारिश ने फूंके दो ट्रांसफार्मर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बीती देर रात तेज हवा और बारिश के कारण क्षेत्र के दो ट्रांसफार्मर फुँक गए जिससे लगभग आधा कस्बा अँधेरे में डूब गया विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर बदले जाने का कार्य किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीती देर रात को आई तेज हवा और बारिश के कारण पीठ बाजार स्थित प्रदीप चौधरी के आरामशीन के पास व देवबंद रोड पर रखा ट्रांसफार्मर फुँक गया जिससे लगभग आधा कस्बा अँधेरे में डूब गया।गनीमत ये रही कि बारिश के बाद मौसम में उतनी उमस नहीं वरना जनता का बुरा हाल हो जाता।विद्युत विभाग जेई बिजय प्रताप सिंह का कहना है कि विभाग के तौफीक उमर, सोनू आदि कर्मचारी दोनों ट्रांसफार्मर्स को बदलने में लगे हुए हैं।हमारा प्रयास है कि शीघ्र ही कार्य पूर्ण कर विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी जाए।

शुभम चौधरी, सभासद नफीस सैफी,अमन वाल्मिकी, रहमान इदरीसी, आस मोहम्मद सैफी, एडवोकेट तय्यब मंसूरी आदि गणमान्य लोग भी विभाग के कर्मचारियों को सहयोग कर रहे हैं।

# समाज की कुरीतियों पर विराम लगाने का आह्वान

**नागल।** वैश्य समाज की एक बैठक में कुरीतियों पर विराम लगाने, आपसी समन्वय मजबूत करने के साथ-साथ महाराजा अग्रसेन जयंती मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

वैश्य समाज नागल के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को समाज के प्रति समर्पित रहना होगा। तभी संगठन मजबूत होगा और हम बड़े से बड़ा आयोजन कर सकते हैं। युवा वैश्य समाज के अध्यक्ष कपिल तायल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती को इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा और अधिक भव्यता के साथ मनाया जाए।

बैठक में मुख्य रूप से मुकेश माहेश्वरी, मनोज गर्ग, मोहित गोयल, प्रवीण गुप्ता, मनोज गर्ग, विपिन तायल, विजय बंसल, विभु राठी, सत्यम गोयल, गौरव गोयल, सुगम माहेश्वरी, शैंकी तायल, गौरव तायल, प्रवीण गर्ग, मोहनलाल तायल, कुलदीप सिंघल, मुकेश बंसल आदेश बंसल, प्रदीप कुमार, अक्षय गुप्ता, तुषार गर्ग, अजीत बंसल, पंकज अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, कपिल तायल, पुनीत महेश्वरी, उदय गोयल, प्रवीण कुमार, नवनीत बंसल, पवन गोयल आदि उपस्थित रहे।

# सत्संग से होता है परमात्मा का मिलन: जसबीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सतगुरु योगी महाराज के परम शिष्य महात्मा जसबीर दास ने कहा है कि सत्संग सुनने से आत्मा का मिलन परमात्मा से होता है। यह बात उन्होंने सुल्तानपुर नगर में आयोजित विशाल सत्संग में कही है।

सुल्तानपुर नगर के पीठ मैदान स्थित नवीन सभागर में आयोजित सत्संग में महात्मा जसबीर दास ने कहा कि सतगुरु व माता पिता की सेवा कर अपने जीवन को सफल बनायें। महिलाएं सदैव अपने पति व परिजनों के साथ सत्संग को सुने। हम सभी को संत शिरोमणि श्री गुरु रविद. ास के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाते हुए शिक्षित बने संगठित रहे व संघर्ष करें। महिलाएं अपने बच्चो को संस्कारी बनाये।

बच्चो को संस्कारी बनाने में एक माँ ही अहम भूमिका निभा सकती है। एक माँ ने यदि अपना एक बच्चा भी संस्कारी बना दिया तो उसका व पूरे परिवार का जीवन सुखमयी हो जायेगा। सत्संग में कृष्ण दास, रामद. ास व सोना दास ने भी अपने विचार रखे।

इस दौरान राजेश, गौतम प्रसाद, लेखराज, आकाश काशी, ओमकुमार, राजीव, अरुण, अंकुश, सुखदेव, राहुल, सुमित, अशोक वालिया, मैनपाल सहित सैंकड़ो की संख्या में संगत मौजूद रही।

## जमीयत ने की गोमांस के शक में किए गए हमले की निंदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** गोमांस के शक पर अलीगढ़ में अल्पसंख्यक व्यापारियों पर हुए हमले को लेकर जमीयत उलेमा–ए–हिंद ने आरोपी संगठन के खिलाफ कानूनी कार्यवाई करने की मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएं देश के लिए शर्मनाक और कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह हैं।

जमीयत उलेमा–ए–हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने रविवार को मीडिया में जारी बयान में कहा कि गोरक्षा के नाम पर इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं जिसमे एक वर्ग के लोगों की जानें जा रही हैं। उन्होने कहा कि सख्त कानून और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद गौरक्षक समूह बेखौफ होकर लोगों की जान ले रहे हैं जिनके खिलाफ कार्रवाई के बजाए उनका समर्थन किया जा रहा है। मौलाना मदनी ने कहा कि सरकारों को स्पष्ट रूप से घोषणा करनी चाहिए कि इस तरह की हरकत किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और देश में कानून के दायरे से बाहर कोई भी समूह इस तरह का तथाकथित इंसाफ करने का हकदार नहीं है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को अमल में लाया जाए। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष, त्वरित और प्रभावी जांच की जाए। सभी हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ माब लिंचिंग रोधी कानून और अन्य कड़े धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए। घायलों के समुचित इलाज, सुरक्षा और मुआवजे का इंतजाम किया जाए।

## सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया पुरस्कृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा इंटरमीडिएट में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त करने वाली होनहार छात्रा वलिया उस्मानी एवं सातवां स्थान पर रही खदीजा उस्मानी समेत हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बाईपास रोड उर्दू गेट के निकट नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिद. शक मुकुल गोयल शामिल हुए जबकि अध्यक्षता मां शाकुंभरी विश्व. विद्यालय सहारनपुर की कुलपति प्रोफेसर विमला वाई ने की। मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय हैदराबाद के पूर्व कुलपति प्रोफेसर असलम परवेज और वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कक्षा बारह में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वलिया उस्मानी एवं सातवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा खदीजा उस्मानी को स्कूल प्रबंधन की ओर से 50 हजार रुपये का चेच, प्रमाण पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य अतिथियों ने भी देवबंद का नाम रोशन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। इनके अलावा 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की छात्राओं को भी 5100–5100 रुपये और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और शिक्षा के विषयों पर शानदार भाषण और गीत प्रस्तुत किए।





कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के सम्मान में भी विशेष देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने जमकर सराहा। इस दौरान पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, प्रसिद्ध चिकित्सक डा. डीके जैन, पूर्व विधायक माविया अली, समाजसेवी ठा. श्याम कुमार सिंह रावत, जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सचिव डा. अनवर सईद, जिला कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन चौ. राजपाल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य शमीम मुर्तज़ा फारूकी, सेठ कुलदीप कुमार, कांग्रेसी नेता राहत खलील, डा. अनीस अहमद, आदि नगर के गणमान्य लोग शामिल रहे। अंत में प्रधानाचार्य फौजिया अब्दुल्ला व प्रशासक अब्दुल्ला नवाज ने सभी आगंतुको का आभार जताया।

## पूर्व विधायक ने आमिर नौशाद को दी बधाई



**देवबन्द।** भारतीय वन सेवा अधीकारी (आईएफएस) के पद पर चयन होने पर आमिर नौशाद को बधाई देने वालो का सिलसीला रूकने का नाम नहीं ले रहा हैं। पूर्व विधायक माविया अलि ने आमिर नौशाद को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। भारतीय वन सेवा अधिकारी बनने के बाद दिल्ली से अपने गृह नगर देवबन्द पहुंचे आमिर नौशाद को बधाई देने वालो का तांतां लगा हुआ हैं मजनू बाला रोड़ स्थित आमिर नौशाद के निवास पर पहुंचे पूर्व निधायक माविया अलि व समा नेता हैदर अलि ने उनकी सफलता पर हर्ष जताते हुए फूलो का गुलदस्ता पेश कर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आंधी तूफान से विद्युत विभाग को हर रोज लग रहा चूना

शाह टाइम्स संवाददाता

**बडौत।** शनिवार की देर रात आई बारिश तेज गति के साथ आंधी तूफान ने बरपाया। क्षेत्र में आम की फसल को हुआ भारी नुकसान 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी तूफान आया हालांकि मौसम विभाग ने आंधी तूफान की पहले से ही चेतावनी दी थी। आंधी और तूफान तेज हवा एन चलने से क्षेत्र में विद्युत विभाग को भी रोजाना भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। आंधी तूफान से क्षेत्र में विद्युत खंबे खम्बो से मिटर उखड़ जाना तार टूट कर गिर जाना यह भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खेलना पड़ रहा है। आंधी तूफान से विद्युत विभाग को हर रोज चूना लग रहा है। भारी बारिश के चलते दर्जनों गांव में जल भराव हो गया है।

## वांछित वारंटियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाकर बीते 24 घंटे में 39 गैर–जमानती वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया। कोतवाली पुलिस ने थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार दबिशें देकर फरार चल रहे 24 घंटे में 39 वांछित वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया पुलिस की कार्यवाई के चलते अपराधियों के होसले पस्त हो गए। कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता जनता की सुरक्षा और एक अपराध मुक्त समाज का निर्माण करना है। उन्होने कहा कि चाहे कोई भी अपराधी कितना ही शातिर क्यों न हो, उसे जेल जाना पड़ेगा। क्योंकि क्षेत्र में अपराध करने वालो को किसी भी दशा में बक्शा नहीं जाएगा।



### दहेज हत्यारोपी को पेश किया

**देवबन्द।** दहेज हत्यारोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से अदालत के आदेश पर हत्यारोपी पति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्तराखंड के थाना लक्सर के फतवा निवासी दलसिंह ने बताया कि उसकी पुत्री निता देवी का विवाह देवबंद कोतवाली के गांव नन्हेड़ा टीपटान निवासी अनिकेत के साथ हुआ था। दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने के चलते पति अनिकेत, ससुर सुरेश और देवर अर्जुन ने फांसी लगाकर उसकी पुत्री की हत्या करदी। पुलिस ने मुकदमें में वांछित अनिकेत को रविवार को दहेज अधिनियम एक्ट सहित बीएनएस की विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# संभल में युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

### सम्भल के सराय चौक पर टहले रहे युवक को अचानक केंटर ने मारी टक्कर, परिवार में कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रटौल।** ढिकोली के एक 45 वर्षीय युवक की सम्भल में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव को गांव लाया गया जहां गमगीन माहौल में उसका अन्तिम संस्कार कर दिया गया है।

ढिकोली निवासी 45 वर्षीय अजित पुत्र मलखान सिंह सम्भल में एक कपड़े की एक्सपोर्ट कम्पनी मे काम करता था। वह वही किराये के मकान मे पत्नी और बच्चों के साथ रहता था शुक्रवार शाम वह सम्भल के सराय चौक पर टहले गया था जहां एक केंटर गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने उसके शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सूचना मिलते ही ढिकोली से उसके परिजन वहां पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शव ढिकोली गांव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।



मृतक का फाइल फोटो



## जलभराव में बाइक सवार युवक व बच्चा डूबने से बचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बड़ौत।** शनिवार की रात हुई बारिश के बाद रेलवे अंडरपास में करीब 8 फुट पानी भर गया। जलभराव में एक बाइक सवार युवक और उसके साथ बैठा बच्चा डूबने से बच गए। युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह बाइक निकालकर अपनी और बच्चे की जान बचाई।

इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जलभराव की वजह से कई अन्य वाहन भी फंस गए। चालकों को पूरे दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी विनोद, अनिल और राजेंद्र ने बताया कि बार–बार शिकायत के बावजूद रेलवे अधिकारी इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर पा रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब अंडरपास में जलभराव से लोगों की जान खतरे में पड़ी है। डेढ़ साल पहले बड़का रेलवे अंडरपास में बाइक डूबने से एक युवक की मौत हो गई थी। बड़ौत–बिनौली रेलवे क्रक्ङसिंग पर बने इस अंडरपास में हर बारिश के दौरान पानी भर जाता है। रेलवे विभाग के अधिकारियों की लाप. रवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



## बडौत धर्म नगरी के जैन मंदिर में मनाया भगवान शांति नाथ मोक्ष दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**बडौत।** शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कैनाल रोड बडौत पर भगवान शांतिनाथ के जन्म तप एवं मोक्ष कल्याणक के अवसर पर चल रहे त्री दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 24 मई दिन शनिवार रात्रि में आर्यिका विकक्षाश्री ससंघ के सानिध्य में णमोकार मंत्रदीपार्चना की गयी। शांतिधारा के मत्रोचार आर्यिका ज्ञाताश्री एवं आर्यिका ज्ञप्तज्ञश्री के द्वारा किए गए तत्पश्चात डा. श्रेयांश जैन के मार्गदर्शन में शांति विधान का आयोजन किया गया, जिसमें 150 सौधर्म इंद्र का सौभाग्य वीरेंद्र जैन (पीन्टी) किताबो वालों को प्राप्त हुआ। विधान में लगभग 150 पुरुषों एवं महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शांतिनाथ मंदिर कमेटी का योगदान रहा। इसी क्रम में रात्रि में पाठशाला के बच्चों द्वारा मनमो. हक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सोमवार को प्रात: बजे भगवान की पालकी यात्रा हर्सोल्लास के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी।



## बारिश व आंधी तूफान से फसलों को भारी नुकसान, किसान परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रटौल।** बारिश और तूफान के चलते जहां सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है। वही आम की फसल गिरने से भी आम ठेकेदारों को नुकसान हुआ है। शनिवार देर रात आयी तेज बारिश और आंधी तूफान के चलते किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश के चलते जगह जगह जलभराव की स्थिति बन गयी है। वही सब्जी की फसल लोकी, खीरा, टमाटर, तुरई आदि की फसल को नुकसान पहुंचा है। किसानों ने बताया कि सब्जी की फसल पर बना फूल बारिश के चलते खराब हो गया है जिससे किसानों को नुकसान हुआ है। वही रटौल के आम बागानों को भी नुकसान पहुंचा है। आधीं के चलते दूसरी बार फिर पेड़ो के कच्चा आम गिर गया है। किसानों ने बताया किी आम की फसल को अबकी बार भारी नुकसान हुऔ जिससे किसान और आम बागान ठेकेदार परेशान है।





## बैठक में 35 लाख रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागपत।** जनपद की नगर पंचायत दोघट में शनिवार को महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक आयोजित की गई। चेयरपर्सन संगीता पंवार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 35 लाख रुपए के विकास कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक में नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। नगर में विशेष सफाई अभियान चलाने का प्रस्ताव पारित किया गया। नियमित रूप से कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव और फॉगिंग कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही सफाई उपकरणों की खरीद और वाहनों की मरम्मत का प्रस्ताव भी पास किया गया।

पेयजल व्यवस्था के सुधार के लिए खराब हैंडपंप की मरम्मत और पेयजल लाइन की लीकेज की समस्या को दूर करने का निर्णय लिया गया। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालों की सफाई का प्रस्ताव भी पारित हुआ। राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली धनराशि से सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण का काम किया जाएगा। बैठक का संचालन डिप्टी कलेक्टर और अधिशासी अधिकारी अमर. चंद वर्मा ने किया। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक विनोद कुमार के साथ विभिन्न वार्ड के सभासद मौजूद रहे।




**कार्यालय ग्राम पंचायत फतेहपुर कलां विकास खण्ड नागल जिला–सहारनपुर**

पत्रांक केन्द्रीय / राज्य वित्त आयोग/मनरेगा/2025 26 दिनांक 22/05/2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय / राज्य वित्त आयोग / मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत फतेहपुर कलां में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27/05/2025 को दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत के टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी। जो उसी दिनांक 27/05/2025 को अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

| क्र0 सं0 | ग्राम पं0 का नाम / माजरा | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (लाखों में) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फतेहपुर कलां | ग्राम पंचायत फतेहपुर कलां में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | केन्द्रीय / राज्य वित्त आयोग / मनरेगा | 1216970 | 24339 | 250 | 6 माह |

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत– फतेहपुर कलां
वि0 ख0 नागल, जनपद सहारनपुर।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– फतेहपुर कलां
वि0 ख0 नागल, जनपद सहारनपुर।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जौला डिडौली विकास खण्ड नागल जिला सहारनपुर**

पत्रांक: केन्द्रीय / राज्य वित्त आयोग / मनरेगा/2025–26 दिनांक– 22/05/2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय / राज्य वित्त आयोग / मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जौला डिडौली में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27/05/2025 को दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत के टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी। जो उसी दिनांक 27/05/2025 को अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

| क्र0 सं0 | ग्राम पं0 का नाम/माजरा | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (लाखों में) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जौला डिडौली | ग्राम पंचायत जौला डिडौली में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | केन्द्रीय/राज्य वित्त आयोग/मनरेगा | 1216970 | 24339 | 250 | 6 माह |

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत – जौला डिडौली
वि0 ख0 नागल, जनपद–सहारनपुर।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत – जौला डिडौली
वि0 ख0 नागल, जनपद–सहारनपुर।


### एक नजर

## दो बाईक सवार युवक घायल उपचार के दौरान एक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रटौल।** रटौल–ढिकोली मार्ग पर नाले के समीप अनियंत्रित होकर बाईक फिसलने से दो युवक घायल हो गये जिन्हें दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरे की हालत गम्भीर बनी हुई है।

रटौल निवासी 35 वर्षीय शाहनवाज पुत्र आसू व 55 वर्षीय शाहिद पुत्र करमू किसी कार्य से खेकड़ा बाईक द्वारा गये थे जब वह वापस ढिकोली रटौल मार्ग से आ रहे थे तो वह गंदे नाले के समीप पहुंचे जहां उनकी बाईक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी जिससे दोनों युवक घायल हो गये। राहगीरों ने देखा तो उनके परिजनों को सूचना दी। मौकें पर पहुंचे परिजन उन्हें रटौल चिकित्सक के यहा लेकर पहुंचे जहां से उन्हें दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान शाहनवाज की मौत हो गयी। मौत का पता चलते ही परिजनों का रो–रो बुरा हाल है। वही कस्बें के लोग शव लेने के लिए अस्पताल के लिए रवाना हो गये जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा जायेगा मौत के बाद कस्बें मे मातम का माहौल है।

## प्रधान के हत्यारोपी हिस्ट्रीशीटर पर घोषित होगा 50 हजार का इनाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिनौली।** सिरसली गांव के प्रधान धर्मेंद्र तोमर उर्फ धर्मा में फरार हिस्ट्रीशीटर आयुष पर जल्द ही पचास हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया जाएगा। इसमें एसपी सूरज कुमार राय ने पचास हजार रुपये के इनामी की संस्तुति कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। उधर पुलिस ने हरिद्वार समेत कई जगहों पर हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी की तलाश में दबिश दी, लेकिन हाथ नहीं आए। सिरसली गांव में पांच दिन पहले चुनाव लड़ने से रोकने के लिए प्रधान धर्मेंद्र तोमर उर्फ धर्मा की हिस्ट्रीशीटर आयुष ने अपने साथी के साथ मिलकर पिस्टल से छह गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। इसमें गोली लगने से सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे विनीत भी घायल हो गया था। इसमें मृतक प्रधान के भाई गजेंद्र ने हिस्ट्रीशीटर आयुष, उसके भाई अर्जुन, दादा निर्भय सिंह और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने फरार हत्यारोपियों पर 25–25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर आरोपी निर्भय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद हत्यारोपियों को शरण देने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि फरार हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# इंग्लैंड में भारत को सीरीज जिता पाएंगे गिल!

## कप्तान के रूप में शुभमन गिल के सामने पहला चैलेंज, इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज है, भारत यहां 2007 से कोई सीरीज नहीं जीत सका

**नई दिल्ली, वार्ता।** 25 साल के शुभमन गिल भारत के नए टेस्ट कप्तान बनाए गए। वे रोहित शर्मा की जगह लेंगे। जिनकी कप्तानी में टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली 2 सीरीज हार गई। शुभमन के सामने सबसे पहली और बड़ी चुनौती टीम इंडिया का विनिंग कमबैक कराना ही है। शुभमन के सामने 5 चैलेंज हैं-1. इंग्लैंड में 18 साल बाद सीरीज जिताना 2. टेस्ट में भारत का विनिंग कमबैक कराना 3. विदेश में खुद की बैटिंग साबित करना 4. ट्रांजिशन फेज में युवा टीम को संभालना 5. भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में फिर पहुंचाना। मई में भारतीय टेस्ट टीम के 2 सीनियर प्लेयर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास ले लिया।

उनसे पहले रविचंद्रन अश्विन भी रिटायर हो गए थे। जिसके बाद टीम को नए कप्तान की जरूरत पड़ी, जो टीम का परमानेंट मेंबर भी हो और लंबे समय तक जिम्मेदारी संभाल सके। जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल भी दावेदार थे, लेकिन बुमराह को फिटनेस के कारण कमान नहीं सौंपी गई। वहीं सिलेक्टर्स का मानना है कि राहुल को परमानेंट कप्तान नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में कमेटी ने युवा गिल को कमान सौंपी, जो लंबे समय तक टीम की बागडोर संभाल सके। कप्तान के रूप में गिल के सामने पहला चैलेंज इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज है। भारत को यहां 2007 से सीरीज जीत नहीं मिली। 2011, 2014 और 2018 में टीम ने तीनों सीरीज गंवाई। इस दौरान भारत 14 में से 2 ही टेस्ट जीत सका, टीम को 11 में हार मिली, जबकि 2 मुकाबले ड्रा रहे। 2021 में आखिरी बार विराट की कप्तानी में भारत ने सीरीज 2-2 से ड्रा कराई थी।

इंग्लैंड फिर 2024 में भारत आई, जहां उन्हें 4-1 से हार मिली। यानी इंग्लैंड ने 7 साल से टीम इंडिया को टेस्ट सीरीज नहीं हराई है। गिल के सामने भारत को 18 साल बाद इंग्लैंड में सीरीज जिताने की चुनौती तो है ही, इंग्लैंड के खिलाफ 7 साल से अजेय टीम को अजेय रखने का चैलेंज भी है। रोहित की कप्तानी में भारत को अपने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की हार मिली। टीम फिर ऑस्ट्रेलिया में भी 1-3 से हार गई। जिससे टेस्ट रैंकिंग में भारत नंबर-4 पर फिसल गया। गिल के सामने चुनौती है कि टीम इंडिया अपना विनिंग फार्म वापस हासिल करे। न्यूजीलैंड से पहले भारत को 12 साल से घर में किसी ने टेस्ट सीरीज नहीं हराई थी, वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी भारत को 10 साल बाद हार मिली।

इतने खराब फार्म से उबारने के लिए शुभमन को नई स्ट्रैटजी के साथ टीम को जिताने पर फोकस करना होगा। 2020 में टेस्ट डेब्यू करने वाले शुभमन के नाम 32 टेस्ट में 35.05 की औसत से 1893 रन हैं। उनके डेब्यू के बाद से ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के कारण दुनियाभर की पिचें गेंदबाजों के लिए मददगार रहीं। इसके बावजूद गिल ने 5 सेंचुरी और 7 फिफ्टी लगा दी। हालांकि, होम कंडीशन के मुकाबले विदेश में उनका फार्म थोड़ा कमजोर है। गिल ने भारत में 17 टेस्ट खेले और 42.03 के औसत से 1177 रन बनाए। उन्होंने 4 सेंचुरी और 5 फिफ्टी लगाईं। विदेश में शुभमन 15 टेस्ट में 1 सेंचुरी और 2 ही फिफ्टी लगा सकें। उनका औसत भी महज 27.53 का रहा। विदेश में गिल की इकलौती सेंचुरी भी बांग्लादेश में आई। यानी इंग्लैंड सीरीज से ही गिल को खुद की बैटिंग भी साबित करनी होगी। विराट, रोहित और अश्विन जैसे सीनियर प्लेयर्स ने टेस्ट से संन्यास ले लिया। शमी इंजरी के कारण स्क्वाड का हिस्सा नहीं हैं। टीम में जसप्रीत बुमराह, जडेजा और केएल राहुल ही सीनियर प्लेयर्स हैं। इंग्लैंड में भारत की बहुत युवा टीम खेलने वाली है, 9 प्लेयर्स की उम्र तो 21 से 28 साल के बीच ही है। ऐसे में गिल के सामने भारत का ट्रांजिशन प ़े ज संभालने की चुनौती भी है।





# नोवाक ने जीता जिनेवा ओपन

● दिग्गज टेनिस स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर जीता यह खिताब

**जिनेवा, वार्ता।** सर्बियाई दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर अपना 100वां एटीपी खिताब जीता। जिनेवा ओपन के फाइनल मुकाबले में शनिवार रात जोकोविच ने हर्काज पर 5-7, 7-6, 7-6 से हराकर जीत दर्ज की। शुरुआत में एक सेट से पिछड़ने के बाद जोकोविच ने वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद जोकोविच कहा कि मैं यहां 100वां खिताब जीतकर बेहद खुश हूं। मुझे इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ी है। नोवाक जोकोविच ने इस जीत के साथ ही 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी का रविवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन से पहले आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने जिनेवा ओपन जीतकर रोजर फेडरर और जिमी कोनर्स के 100 खिताब जीतने की बराबरी कर ली है। जिमी कोनर्स 109 खिताब के साथ सबसे ज्यादा एटीपी खिताब जीतने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं। वहीं रोजर फेडरर 103 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है।

**खेल विशेष**

## दार्जिलिंग में आईएसकेएफ कराटे चैंपियनशिप का आगाज

**दार्जिलिंग, वार्ता।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में चल रही द्वितीय आईएसकेएफ इंडिया शोटो कप राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में रविवार को एक विशेष अवसर देखने को मिला जब इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बंगाल, सिक्किम, उत्तराखंड, केरल, कर्नाटक, गुजरात सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर दार्जिलिंग के सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्टा ने कार्यक्रम में भाग लिया और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन दिखाने के लिए हौसलाअफजायी भी की। अपने संबोधन में श्री बिष्टा ने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास का एक सशक्त साधन हैं।ह उन्होंने यह भी ज़ोर दिया कि आज की तेज़-रफ्तार दुनिया में खेल युवाओं को तनाव, अवसाद और बुरी आदतों से बचाने में मदद करते हैं। कराटे जैसे मार्शल आर्ट की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल मेडल जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मबल, चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी बढ़ावा देता है। श्री बिष्टा ने केंद्र सरकार की 'खेलो इंडिया' योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार खेल प्रतिभाओं को गांव-गांव से पहचान देने के लिए सक्रिय प्रयास कर रही है।ह साथ ही उन्होंने गर्वपूर्वक उल्लेख किया कि दार्जिलिंग और आस-पास के क्षेत्रों के युवा विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

# श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारे



**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को रविवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। यहां खेले गए पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत को विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीन के ली शिफेंग ने 36 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-11, 21-9 से हराया। किदांबी श्रीकांत की ली शिफेंग के खिलाफ पांच मैचों में चौथी हार है। मैच की शुरुआत भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला अंक हासिल करके की लेकिन इसके बाद शिफेंग ने श्रीकांत पर दबाव बनाना शुरू किया और 6-3 की अहम बढ़त बना ली। मिड गेम ब्रेक तक विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी शिफेंग ने 11-6 की बढ़त बना ली थी।

इसके बाद श्रीकांत ने कुछ अंक बटोरे लेकिन शिफेंग ने लगातार अंक हासिल करते हुए स्कोर 16-9 से अपने हक में कर लिया। इसके बाद चीन शटलर ने श्रीकांत को कोई मौका नहीं देते हुए पहले गेम मात्र 15 मिनट में 21-11 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में चीनी शटलर ने श्रीकांत पर दबदबा बनाते हुए 21-9 से जीत दर्ज की और मलेशिया मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया।

# पत्रकार अग्रिम पंक्ति के योद्धा है, उनके लिए भी फिटनेस जरूरी : मांडविया

● केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया के साथ पत्रकारों और मीडिया बिरादरी के सदस्यों ने साइकिल चलाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में कहा कि पत्रकार अग्रिम पंक्ति के योद्धा हैं, उनके लिए भी फिटनेस आवश्यक है।

यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खराब मौसम में बावजूद केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के साथ पत्रकारों और मीडिया बिरादरी के सदस्यों ने साइकिल चलाई। इस चार किलोमीटर की साइकिल यात्रा में दिल्ली पत्रकार संघ, दिल्ली खेल पत्रकार संघ, एथलीट और 300 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया।इस अवसर डा. मांडविया ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज का संडे ऑन साइकिल बारिश के बावजूद सफल रहा। हमारे पत्रकार मित्र पूरे जोश के साथ आए और यह देखकर वाकई खुशी हुई। पत्रकारों की दिनचर्या शायद ही कभी शांतिपूर्ण होती है, वे दिन-रात काम करते हैं। हम हर सुबह जो सुर्खियां पढ़ते हैं, वे रात भर उनके अथक प्रयासों का नतीजा होती हैं।

यह महत्वपूर्ण काम जारी रखने के लिए उन्हें फिट रहना जरूरी है। इसीलिए मैंने उन्हें आमंत्रित किया। दिल्ली पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश थपलियाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय मंत्री द्वारा आमंत्रित किया जाना एक अद्भुत अनुभव था। बारिश और हमारे देर रात तक काम करने के बावजूद, इतने सारे पत्रकार आए- यह साबित करता है कि फिटनेस मजेदार हो सकती है। साइकिल चलाने जैसी केवल एक घंटे की गतिविधि स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और चिकित्सा व्यय को कम करने में काफी मददगार हो सकती है।

दिल्ली खेल पत्रकार संघ के अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि साइकिल पर मंत्री के साथ शामिल होने इस वास्तविकता का एहसास हुआ कि फिटनेस कितनी महत्वपूर्ण है, विशेषकर उन मीडिया पेशेवरों के लिए जो हमेशा सक्रिय रहते हैं। साइकिल चलाना न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए बल्कि पर्यावरण के लिए भी बहुत अच्छा है।

# 'खेलो इंडिया' में इस बार बने 26 रिकॉर्ड: पीएम

■ विश्व के लोगों ने हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को सराहा



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'खेलो इंडिया' के तीन प्रमुख विजेताओं महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान को बधाई देते हुये रविवार को कहा कि इस बार 'खेलो इंडिया' में 26 रिकॉर्ड बने हैं। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 122वीं कड़ी में कहा कि हाल ही में 'खेलो इंडिया' गेम्स की बड़ी धूम रही।

खेलों इंडिया के दौरान बिहार के पाँच शहरों ने मेजबानी की थी। वहाँ अलग-अलग वर्ग के मैच हुए थे। पूरे भारत से वहाँ पहुंचे एथलिटों की संख्या पांच हजार से भी ज्यादा थी। इन एटलिटों ने बिहार की खेल भावना की, बिहार के लोगों से मिली आत्मीयता की, बघी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती बहुत खास है। इस आयोजन में यहाँ कई अनूठी चीजें हुई हैं। खेलों इंडिया यूथ गेम्स का ये पहला आयोजन था, जो ऑलम्पिक चैनल के जरिए दुनिया-भर में पहुंचा। पूरे विश्व के लोगों ने हमारे युवा खिलाघ्यिों की प्रतिभा को देखा और सराहा।

इस बार खेलो इंडिया में कुल 26 रिकॉर्ड बने। भारोतोल्लन स्पर्धाओं में महाराष्ट्र की अस्मिता धोने, ओडिशा के हर्षवर्धन साहू और उत्तर प्रदेश के तुषार चौधरी के शानदार प्रदर्शन ने सबका दिल जीत लिया। महाराष्ट्र के साईराज परदेशी ने तो तीन रिकॉर्ड बना डाले। एथलिटों में उत्तर प्रदेश के कादिर खान और शेख जीशान और राजस्थान के हंसराज ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बार बिहार ने भी 36 पदक अपने नाम किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो खेलता है, वही खिलता है। युवा खिलाड़ियों के लिए यह बहुत मायने रखता है। इस तरह के आयोजन भारतीय खेलों के भविष्य को और सँवारने वाले हैं।

## मोदी ने हरियाणा के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया : नायब सैनी



**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को कहा कि बिहार की पावन भूमि पर हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हरियाणा के प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई देकर हमारे सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया है। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू कये गए इन खेलों से हरियाणा के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में हुए व्यापक परिवर्तन के कारण देश-विदेश की प्रतियोगिताओं में हम निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी प्रदर्शन के बलबूते हमारे खिलाघी लगातार मेडल जीत कर प्रदेश का गौरव भी बढ़ा रहे हैं।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को हराया

**रोसारियो (अर्जेंटीना), वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को चार देशों के टूर्नामेंट में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला टीम के लिए सुखवीर कौर ने (39वें) और कनिका सिवाच ने (58वें) मिनट में गोल किए। वहीं चिली की ओर से एकमात्र गोल जावेरिया सेंज ने (20वें)मिनट में गोल दागा। मैच के दूसरे हॉफ में चिली की जावेरिया सेंज ने 20वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत की सुखवीर कौर ने 39वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। भारतीय टीम सोमवार को अपने अगले मैच में उरुग्वे से मुकाबला करेगी।

# वापस लौटे हेजलवुड आरसीबी से जुड़ेंगे



■ प्लेऑफ में खेलेने के लिए टीम से फिर जुड़े जोश हेजलवुड

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सबसे सफल गेंदबाज जॉश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद यहां लौट आए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जॉश हेजलवुड के वापसी की जानकारी देते हुए कहा कि उसके तेज गें. दबाज हेजलवुड प्लेऑफ में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया से भारत वापस लौट आए है। वह इस सत्र में आरस. ीबी के सबसे अच्छे गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 17-27 की औसत और 8-44 की इकॉनमी से 18 विकेट लिये है और आईपीएल 2025 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, लेकिन शुक्रवार को हैदराबाद से साथ उच्च स्कोर वाले मुकाबले में हार के बाद उसके आईपीएल की अंक तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद को झटका लगा था। ऐसा माना जा रहा है कि ऐसे समय में हेजलवुड की वापसी उसके लिए उपयोगी सिद्ध होगी। आईपीएल के एक सप्ताह के लिए स्थगित किए जाने पर वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। वहां वह रिहैब करने के साथ-साथ द. अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी के फाइनल की तैयारी के तहत ब्रिस्बेन में अभ्यास भी कर रहे थे।

# चेन्नई ने गुजरात को 83 रनों से हराया



जीटी हारकर भी आईपीएल टेबल टॉपर, सीएसके सबसे नीचे

**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल 2025 के 67वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 83 रन से हरा दिया है। जीटी यह मैच हारकर भी पाइंट्स टेबल के टॉप पर है, जबकि सीएसके यह मैच जीतकर भी 10वें स्थान पर रही है। रविवार के पहले मुकाबले में 231 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। नूर अहमद और अंशुल कम्बोज ने 3-3 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा को दो विकेट मिले। गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। अरशद खान ने 20 रन का योगदान दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 230 रन बनाए थे। रवींद्र जडेजा 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 23 बाल पर 57 रनों की पारी खेली। डेवोन कान्वे (52 रनद्ध ने भी अर्धशतक लगाया। ओपनर आयुष म्हात्रे ने 34, उर्विल पटेल ने 37 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट मिले। ब्रेविस को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। गुजरात ने लगातार दूसरा मैच गंवाया है। टीम के पास 18 अंक हैं। इस हार के बाद गुजरात को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए अन्य टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर रहना होगा। चेन्नई ने सीजन में चौथा मैच गंवाया है। धोनी की टीम 14 मैचों के बाद 8 अंक ही हासिल कर सकी है। टीम पाइंट्स टेबल के 10वें स्थान पर है।

## संन्यास पर सोचने के लिए मेरे पास अभी बहुत समय है: धोनी

**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने आज कहा कि संन्यास पर सोचने के लिए मेरे पास अभी बहुत समय है। यहां इंडियन प्रीमियर लीग में अपने आखिरी मैच में गुजरात टाइटंस को 83 रनों से शिकस्त देने के बाद संवाददाता सम्मेलन में धोनी कहा कि हमारा सत्र अच्छा नहीं गया। इस सत्र में हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि आज के मैच में हमने परफेक्ट प्रदर्शन किया और हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा रहा। हमने कई अच्छे कैच पकड़े हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरे पास फैसला लेने के लिए चार पांच महीने हैं, कोई जल्दबाजी नहीं है। शरीर को फिट रखना जरूरी है। अब रांची जाऊंगा, थोड़ी बाइक राइड्स का आनंद उठाऊंगा। मैं ये नहीं कह रहा कि मैं अब रिटायर हो रहा हूं, और ये भी नहीं कह रहा कि मैं वापस आ रहा हूं।

# कयादत के नाम पर मुसलमानों को किया गुमराह: आशु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व मंत्री एवं देहात विधायक आशु मलिक ने कहा कि कांग्रेस सांसद इमरान मसूद का नाम लिये बिना कहा कि इस परिवार ने कयादत पर मुसलमानो को डराकर व गुमराह कर राजनीति की है। कयादत के अलावा इस परिवार के पास ऐसा कुछ नही जिससे मुसलमानों का भला हो।

आशु मलिक देहरादून रोड स्थित ग्राम सड़क दूधली में अपने सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश बुरे दौर से गुजर रहा है ऐसे में चाहिए कि सभी धर्मनिरपेक्ष लोग एक मंच पर आए और संप्रदायिकताओं को सत्ता से बेदखल करें। विधायक आशु मलिक का संबोधन शुरू से लेकर आखिर तक सांसद इमरान मसूद के



इर्द-गिर्द बिना नाम लिए ही घूमता दिखाई दिया। विधायक आशु मलिक ने कयादत पर मुसलमानो को डराकर व गुमराह कर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस परिवार ने हमेशा मुसलमानो में फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई है। इसी के सहारे ही वह सत्ता हथियाते आए हैं। वरना कयादत के परिवार का कोई ऐसा कारनामा नहीं है जिससे समाज को और मुसलमान को कोई लाभ पहुंचा हो। बल्कि इस परिवार ने पूरे समाज को जात बिरादरी में बाटकर अपना उल्लू सीधा करने का काम किया है। आगे कहा कि इनका काम केवल लड़ना भिड़ाना और फिर छुड़ाना रहा है। कभी कौम की तरक्की के लिए कोई काम नहीं किया गया है। ताकि समाज का कुछ भला होता। उन्होंने कहा कि कयादत जनपद में बढ़ते नशे के कारोबारियो के लिए भी आश्रय स्थल बना है जिससे समाज के कई परिवार तबाह व बरबाद हो रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में साबिर, वसीम, आरिफ, माजिद मुखिया, वाजिद प्रधान, इरसाद सलमानी, आबिद मुखिया, सलमान मुखिया, महताब, यावर मुखिया ने सहयोग किया।

# भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान है सर्वोपरि: लक्ष्मीकांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई का बेहट कस्बे के मोहल्ला महाजनान स्थित पूर्व सभासद व युवा भाजपा नेता मोहित जैन के आवास पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अभय राणा, जिला कोषाध्यक्ष अनिल सिंघल, जिनेंद्र जैन, सभासद सत्य प्रकाश रोहिला, व्यापारी नेता अवनीश अग्रवाल, सुधीर कर्णवाल, अमित



जैन, प्रदीप मुसैल, ठाकुर तेजवीर सिंह सोहन मुखिया आदि मौजूद रहे।

# भारी संख्या में लोगों ने स्वैच्छा से किया रक्तदान



**सहारनपुर।** रक्तदान को महादान बताते हुए लगाये गये रक्तदान शिविर में भारी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

सिटी ब्लड बैंक की ओर से साहिल मेडिकल स्टोर रहमानी चौक हबीबगढ़ रोड पर रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान करने वालों का डा. मोहम्मद मोहतसीम पार्षद वार्ड 67 समाजसेवी शाहनवाज चांद, नौशाद, दानिश व ब्लड बैंक की पूरी टीम मौजूद रही। पार्षद डा.मौ.मोहतसिम ने कहा कि रक्तदान करने से तीन इंसानों की जान बचाई जा सकती है। हमारा रक्त किसी नेक काम में लाया जा रहा है यह हमारे लिये फख्र की बात है।

# उमंग पर सपा नेताओं के गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के प्रतिनिधि मंडल ने थाना जनकपुरी में पहुंचकर उमंग जैन पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की।

थाने में सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव की रूही अंजुम ने बताया कि उमंग जैन 5-6 महीने से उन्हें तंग कर रहे हैं। सपा महानगर प्रभारी व पार्षद टिंकू अरोड़ा ने कहा कि हमारी छोटी बहन का चरित्र हनन कर, उसके साथ अभद्रता करना, यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे व्यक्ति को जेल जाना चाहिये।

नगर में उमंग जैन की अभद्रता की घटनाएं सामने आई हैं। उमंग जैन पर आरोप है कि उन्होंने एक मुस्लिम महिला के प्रति अभद्रता की और एक वाल्मीकि महिला को थप्पड़ मारा। इसके अलावा उन्होंने शेखपुरा की



एक महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना में भी माफी मांगी थी।

बता दे कि वाल्मीकि समाज के लोगों ने उमंग जैन की इस हरकत के खिलाफ हंगामा किया था और सदर थाने में उमंग जैन और उनके पिता को बंद कर दिया गया था। बाद में माफी मांगने के बाद उनकी तरफ से एससी एसटी में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था, बल्कि 151 में कार्रवाई करवाई गई थी।

एक ऑडियो में उमंग जैन को एक मुस्लिम महिला को निर्वस्त्र करके पीटने के लिए कहते हुए सुना गया है। इस ऑडियो के सामने आने के बाद जनता में आक्रोश है और लोग उमंग जैन के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# अलीगढ़ की घटना में हैवानियत की हदे पार: इमरान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि अलीगढ में हुई घटना नाकाबिले बर्दाश्त है। यह मानवता पर एक बदनुमा दाग है।



इमरान मसूद ने कहा कि अलीगढ में अल अम्मार फ्रोजन फूड कम्पनी से मीट लेकर मैक्स गाडी से घर लौट रहे अरबाज, कदीम और अकील के साथ जिस तरह की दरिन्दगी और बर्बरता की गयी वह नाकाबिले बर्दाश्त है। भीड ने इन सबको घेरकर बेरहमी से पीटा उनके शरीर पर पडे हर घाव हैवानियत की इंतेहा की कहानी बयां कर रहे है। इस मामले में हुकूमत से कोई उम्मीद नही है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट इस पर स्वयं संज्ञान लेकर सख्त कार्यवाही के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को निर्देशित करें ओर ऐसी कार्यवाही हो जो भविष्य के लिए नजीर बने। उन्होने यूपी पुलिस पर भी सवाल खडे करते हुए कहा कि भीड को पुलिस द्वारा क्यों नही रोका गया, ऐसे मामलों में पुलिस का ढीला रवैया ऐसे आतंकियों का मनोबल बढाते है। मुकदमे में हत्या के प्रयास की धारा जोडी जाये और घटना को अंजाम देने वालों पर रासुका लगाई जाये। उन्होने कहा कि वह जल्द ही अलीगढ पहुंचकर पीडितों से मुलाकात करने के साथ ही हरसंभव मदद करेंगे।

# पिटाई प्रकरण में हो सख्त कार्यवाही: हाजी फजलुर्रहमान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने अलीगढ़ में मीट व्यापारियों के साथ कुछ संगठनों द्वारा की गई बेरहमी से पिटाई की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत निंदनीय और कायरतापूर्ण कृत्य बताया है।

हाजी फजलुर्रहमान ने उत्तर प्रदेश पुलिस से मांग की है कि वह इस घटना के दोषियों को चिन्हित करके कड़ी सजा दे और आगे इस तरह की कोई घटना घटित न हो इसे सुनिश्चित करे। पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए और प्रदेशों की सरकारों को इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी करने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं प्रधानमंत्री की योजनाओं पर भी पलीता लगा रही हैं।

# विधायक किरत के नेतृत्व में उमड़ा हजारों का सैलाब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा में गंगोह विधायक चौ.कीरत सिंह के नेतृत्व में जन सैलाब उमड पडा। तिरंगा लिये हजारों लोगों ने सडकों पर पैदल मार्च किया।

चौ.किरत सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा अंबेहटा से आरंभ होकर नानौता में समाप्त हुई। चौ.किरत सिंह ने कहा कि हर भारतवासी के दिल में तिरंगे का मान और देशभक्ति की भावना को और प्रबल करने का यह अवसर मेरे लिए गर्व और सम्मान से भरा रहा। उन्होंने विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूरष की सफलता पर सभी विधानसभा वासियों की ओर से सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार जताया। विधायक किरत सिंह ने कहा कि यह जीत हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विधायक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि हमारी सेना किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसरों पर हम सभी को एकजुट होकर अपने वीर जवानों का मनोबल बढ़ाना चाहिए।

# बिजली आपूर्ति न मिलने से किसानों का हंगामा

**कई दिनों से नहीं हो रही थी विद्युत आपूर्ति, फूटा गुस्सा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** विद्युत आपूर्ति न होने से नाराज किसानों ने बिजली घर पर पहुंच कर हंगामा किया। पावर कारपोरेशन के उच्च अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए।

कई दिनों से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पटरी से उतर गई है। कल पूरा दिन भीषण गर्मी होने के बावजूद विद्युत आपूर्ति नहीं की गई। देर रात तथा रविवार की सुबह किसानों का गुस्सा फूट पड़ा।

उन्होंने बिजली घर पर पहुंचकर हंगामा किया। नाराज किसानों ने पावर कारपोरेशन के उच्च अधिकारियों को मामले की शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान बताया गया कि खेत फीडर तथा कस्बे को रोस्टर के हिसाब से बिजली सप्लाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली न मिलने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। उच्च अधिकारियों के आश्वासन के पश्चात लोग शांत हुए।

इस दौरान सभासद प्रतिनिधि रवि चौधरी, सोहेल खान, सभासद अदीब खान, देवराज चौधरी, रमेश चौधरी, दानिश खान, जिक्रिया खान, सभासद प्रतिनिधि सलीम अहमद, मुजस्सम खान, बाबर खान, मिंकु चौधरी, सुशील कुमार, बॉबी मुखिया आदि सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे

# प्रगतिशील सैनी सभा कार्यकारिणी को दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विचाराधीन मामले में जीत के बाद आज प्रगतिशील सैनी सभा की कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई।

बता दे कि प्रगतिशील सैनी सभा का विवाद न्यायालय में विचाराधीन था जिसका फैसला न्यायालय ने एडवोकेट धर्मपाल सैनी एवं महामंत्री मांगेराम सैनी एवं कोषाध्यक्ष धर्मवीर सैनी के पक्ष में सुनाया। आज संरक्षक मंडल ने समिति के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जिसमें धर्मपाल सैनी एडवोकेट को अध्यक्ष, डॉ जितेंद्र सैनी को उपाध्यक्ष, मांगेराम सैनी को महामंत्री, सुभाष सैनी को मंत्री एवं धर्मवीर सैनी को कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में संरक्षक तेलुराम सैनी, सहीराम सैनी, प्रमोद सैनी, सूर्यकांत सैनी, सुंदरलाल सैनी मास्टर, रवि सैनी, अनिल सैनी डायरेक्टर, अमित सैनी, अनिल सैनी एडवोकेट, मास्टर कर्मवीर सिंह सैनी, बबलू प्रधान, विजय सैनी, वेद प्रकाश सैनी, राजकुमार सैनी, श्रीमती ऋतु सैनी, अंकित सैनी ककराला, शेर सिंह सैनी, डॉ.हंसराज सैनी, डॉ. धीरज सैनी, नवीन सैनी सहित अन्य सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अध्यक्षता हुकम सिंह सैनी पूर्व प्रधान और संचालन एडवोकेट सुनील सैनी ने किया।

# घटतौली के खिलाफ अभियान में सात के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** बाट माप विभाग ने घटतोली के खिलाफ अभियान चला. सात दुकानदारों के चालान किए।

कस्बे के मेन बाजार पहुंचे बाट माप निरीक्षक धनंजय कुमार ने व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर कांटों तथा बाट को चेक किया। इस दौरान एक मिठाई को डिब्बे सहित मिठाई तोलने तथा 6 अन्य दुकानदारों का बाटों पर मोहर नहीं होने के कारण चालान किया गया। बात माप निरीक्षक के द्वारा की गई कार्रवाई के कारण दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। बाट माप निरीक्षक धनंजय कुमार ने बताया कि एक मिठाई विक्रेता को डिब्बे के साथ मिठाई तोलने तथा अन्य दुकानदारों के बाटों पर मोहर नहीं होने के कारण चालान किया गया।

# क्षेत्र का विकास प्राथमिकता: डा.अजय

## मेयर ने विधायक देवेंद्र निम के साथ किया निर्माण कार्यों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड 20 ग्राम दाबकी में मेयर डॉक्टर अजय सिंह व रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने लाखों रुपए की लागत से निर्मित होने वाले कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

आज वार्ड 20 जनकपुरी अंतर्गत ग्राम दाबकी में प्राइमरी स्कूल, तालाब के पास 60 लाख रुपए की लगात से निर्मित सड़क एवं नाली तथा वार्ड 23 में 30 लाख रुपए की लगात से निर्मित सीसी रोड एवं नाली तथा क्रेजी नाला की दीवार 45 लाख रुपए लागत से निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेयर डॉ अजय सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास कराया जाना हमारा दायित्व है और इसी श्रृंखला में इन विकास कार्यो कराए जाने का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे महानगर में क्षेत्र वासियों की मांग के अनुरूप विकास कार्य कराए जा रहे हैं ताकि सभी लोगों की मूलभूत सुविधा मिल सके उन्होंने इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं को सुना और हर संभव निश्चित कराए जाने का आश्वासन दिया इस शुभ अवसर पर मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा, पार्षद सुभाष चंद, पार्षद मुकेश गखक्ड़ सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# महिलाओं को सिलाई मशीनों का किया वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोकहित चैरिटेबल ट्रस्ट ने वार्षिक कार्यक्रम महिला जागरूकता एवं सम्मान अभियान के अंतर्गत द्वितीय सिलाई मशीन वितरण समारोह में महिला सशक्तीकरण को बढावा देने के लिये महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया।

हसनपुर के जयभीम नगर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी कृष्णानंद व समाजसेवी राजेश्वर दयाल रहे। उन्होंने बुद्ध वंदना प्रस्तुत करते हुए दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि समाज को गतिशील बनाने के लिये ऐसे आयोजनों की बेहद जरूरत है। समाज में खासतौर महिलाओं के उत्थान और उनके सर्वांगीण विकास के लिये काम करना होगा। दलित सेना के राष्ट्रीय महासचिव दीपक जाटव, परिवहन



विभाग के वरिष्ठ लिपिक प्रेमचंद मोघा, परमवीर सिंह, कुलदीप जाटव, सुदर्शन कपटियाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम संयोजक संस्थाध्यक्ष पंकज कुमार मौर्य, मनिता डाबरे, प्रवेश गौतम ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया और संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला।

ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल श्रमन, सचिव प्रवेश कुमार गौतम, सह सचिव संदीप कटारिया, प्रचारक पिंकू गौतम ने महिलाओं को सम्मान दिये जाने का आहवान किया गया। अध्यक्षता सुभाष सिंह व संचालन उदय भारती ने किया।

# राहुल, अखिलेश व ओवैसी देश के जयचंद: सोम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** भाजपा के फायर ब्रांड नेता और सरधना से पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि आज देश को जयचंदों से बचने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, असदुद्दीन उवैसी को जयचंद तक कह डाला तथा सपा कांग्रेस के गठबंधन को ठगबंधन बताया।

दरअसल, क्षत्रिय समाज द्वारा तहसील बेहट इलाके के गांव फतेहपुर कलां में क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मौसम खराब होने के कारण कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन कर नौगांवा में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा के फायर ब्रांड नेता और सरधना से पूर्व विधायक ने कहा कि क्षत्रिय समाज एकजुट था, है और



रहेगा। उन्होंने शिक्षा का स्तर बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज को जयचंदों से बचने की जरूरत है। इसके साथ साथ उन्होंने कहा कि कुछ लोग से सेना के पराक्रम के भी सबूत मांगते है, देश को भी ऐसे जयचंदों से बचने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और असदुद्दीन उवैसी तक को जयचंद कह दिया। सहारनपुर में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद और विधायक आशु मालिक के बीच चल रहे विवाद और गठबंधन में दरार से भाजपा को होने वाले फायदे के सवाल पर संगीत सोम ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस भाजपा के गठबंधन को ठगबंधन बताते हुए कहा कि ऐसे गठबंधन को भाजपा ध्वस्त कर देगी।

कार्यक्रम में सरधना से वरिष्ठ भाजपा नेता अभय राणा, डीसी डीएफ के चेयरमैन सोनेन्द्र राणा, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा, शेखर प्रधान, मुजफ्फराबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर, महेंद्र प्रमुख, मुकेश राणा, भाजपा नेता साहब सिंह पुंडीर आदि मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजामात किए गए और एसडीएम मानवेंद्र सिंह, सीओ मुनीश चंद्र, सीओ अभितेष सिंह, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर बेहट सूबे सिंह, इंस्पेक्टर मिर्जापुर अजय कुमार भी मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे पकड़े

**ईंट भटटे के मुनीम के साथ लूट की घटना को दिया था अंजाम**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना बड़गांव पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद ईंट भट्टे के मुनीम के साथ लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर लुटेरों को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी, अवैध असलाह, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात थाना बड़गांव पुलिस थाना प्रभारी विनय शर्मा, स्वाट टीम के निरीक्षक संजीव कुमार, उपनिरीक्षक हितेश कुमार, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, उपनिरीक्षक पंकज कुमार के नेतृत्व में आशाराम त्यागी डिग्री कालेज जड़ौदा पांडा के पास सड़क पर संदिग्ध वाहनों /व्यक्तियों की चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान गांव बिरालसी की तरफ से मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए जिन्हें चौकिंग के लिए रूकने का इशारा किया गया तो वह रूके नहीं। पुलिस टीम पर फायर करते हुए आशाराम त्यागी डिग्री कालेज से कल्लनहेड़ी जाने वाले रास्ते की तरफ भागने लगे तभी अचानक मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस को नजदीक आते देख दोनों बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

बडगांव पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की जिसमें दो बदमाशों के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दबोचे गए घायल बदमाशों में गोटू पुत्र पप्पू निवासी ग्राम सम्भलहेड़ी थाना रामपुर मनिहारान तथा अंशुल पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम सूभरी थाना नानौता शामिल हैं।

पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर मय दो जिंदा व एक खोखा कारतूस, 1 पोना बंदूक मसकट 12 बोर मय एक जिंदा व एक खोखा कारतूस, 20 हजार रूपए की नगदी, दो मोबाइल व एक बिना नम्बर की मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

पुलिस ने दोनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। दबोचे गए बदमाशों ने पूछताछ के दौरान बताया कि हमने 21 मई को अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर ग्राम भटपुरा के रास्ते पर ओम ईंट के भट्टे के मुनीम से पोना बंदू दिखाकर थैले में रखे ढाई लाख रूपए व दो हिसाब की कॉपी, एक कैलकुलेटर लूटकर फरार हो गए थे।

# पुलिस ने डूबते युवक की बचाई जान

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली क्षेत्रांतर्गत पीआरवी 0968 पर तैनात पुलिस के जवानों का मानवता वाला चेहरा उस समय देखने को मिला। जब चिलकाना रोड पर स्थित बड़ी नहर में नहा रहे डूबते एक युवक को पुलिस के जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर नहर में कूदकर बचा लिया, जबकि दूसरा युवक पानी गहरा होने के कारण लापता हो गया।

इब्राहिम पुत्र सानी निवासी चंडीगढ़ पैलेस एवं ईस्माइल पुत्र बबलू निवासी पुल कम्बोहान दोनों ही लगभग 16 वर्षीय कल शाम लगभग 5.45 बजे हलालपुर के पास स्थित बड़ी नहर में नहा रहे थे। इसी दौरान अचानक दोनों युवक डूबने लगे। इसी दौरान डायल-112 की गाड़ी संख्या 0968 पर तैनात हैड कांस्टेबल कमल सिंह, कांस्टेबल पुनीत यादव एवं चालक जसवीर सिंह ने एक को बचा लिया।

# सम्पादकीय

सोमवार, 26 मई 2025

## नया भारत

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम का 122वां एपिसोड प्रस्तुत हुआ। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्य मुद्दों के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर व सेना के पराक्रम पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया वह अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनियाभर के आतंक के खिलाफ लड़ाई को एक नया उत्साह दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उनकी सफलता में शामिल थी भारत में बने हथियार, उपकरणों और तकनीकी ताकत। ऑपरेशन सिंदूर में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था, हमारे इंजीनियर, हमारे टैक्नीशियन हर किसी का पसीना इसमें शामिल है। उनके अनुसार ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश के भाव से भर दिया है। यही कारण है कि देश के कई शहरों में, गांवों में, छोटे कस्बों में तिरंगा यात्राएं निकल रही हैं। सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही हैं, संकल्प गीत गाए जा रहे हैं और छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे हैं। बिहार के कटिहार, यूपी के कुशीनगर के साथ-साथ अन्य शहरों में भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जन्मे बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पूरे देश में एक गजब का जज्बा देखने में आ रहा है। पूरा देश एकजुटता के साथ अपनी सेना के साथ खड़ा हुआ है और इस युद्ध की खास बात यह है कि भारत की तरफ से जो हथियार इस्तेमाल किए गए, जिन्होंने सटीक परिणाम दिए वे भारत में ही बने हैं। इस तरह हम कह सकते हैं कि रक्षा के क्षेत्र में अब भारत किसी का मोहताज नहीं रहा है और उसे अपनी रक्षा व लड़ाई के लिए किसी की तरफ देखने की आवश्यकता नहीं है। भारत ने यह भी साफ किया है कि उसकी लड़ाई किसी देश से नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ है। पाकिस्तान में भी दोनों स्थानों पर हमारी सेना ने कार्रवाई की है, वे आतंकी ठिकानों पर की गई है, जिसमें सैकड़ों आतंकवादी मारे गए। भारत को बार-बार कहने के बावजूद भी यह कार्रवाई आतंकवाद के विरुद्ध है। पाक की तरफ से बेहद कड़ी प्रतिक्रिया देखने में आई है। जिससे पाक का चेहरा पूरी दुनिया में बेनकाब हुआ कि वह न केवल आतंकवादियों को पालता-पोसता है बल्कि उनका पूरी तरह संरक्षण करता है। पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में उन्हीं तमाम बातों का जिक्र किया और भारत की सेना की इस बात के लिए प्रशंसा की कि उसने अपने काम को बड़ी कुशलता से अंजाम दिया। विकट परिस्थितियों में देश की जनता ने जिस तरह की एकजुटता दिखाई और अपनी सेना का मनोबल बढ़ाया, ऐसी मिसाल कम ही देखने को मिलती है। तिरंगा यात्राएं जगह-जगह निकलना इस बात का ठोस परिणाम हैं कि हमारे लिए अपनी सेना के लिए बहुत सम्मान है।

## सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे भाजपा नेता



भाजपा और उसके नेता नैतिकता को ताक पर रखकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने की हो में बहादुर सेना तथा हमले के पीड़ितों को अपमानित कर रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, भाजपा नेता एक के बाद एक पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे हैं, लेकिन श्री मोदी और भाजपा नेतृत्व उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, ऐसा लगता है कि शीर्ष नेतृत्व से आदेश पाकर वे जहां मौका मिले ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय प्रधानमंत्री को दे रहे हैं, श्रेय देने की होड़ में भाजपा नेता संयम खोते हुए अपनी भाषा भूल गए और सेना का अपमान करने लगे।

**-अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**



# हमारे बीच पहुंचे कोविड-19 के दो नए वेरिएंट्स



**एम. इमरान**

भारत में कोविड-19 के नए वेरिएंट्स NB.1.8.1 और LF.7 की पहचान एक महत्वपूर्ण चेतावनी के रूप में देखी जा रही है। कोविड-19 महामारी, जिसने 2020 में पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया था, समय-समय पर अपने नए स्वरूपों में सामने आती रही है। यह वायरस निरंतर रूपांतरण (म्यूटेशन) के माध्यम से नए वेरिएंट्स उत्पन्न करता है जो कभी-कभी अधिक संक्रामक और खतरनाक बन सकते हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग और भारतीय सार्स-कोविड जीनोमिक्स कंसोर्टियम INSACOG के अनुसार, इन नए वेरिएंट्स पर निगरानी बढ़ा दी गई है और वैज्ञानिक समुदाय इनकी विशेषताओं को गहराई से समझने की कोशिश कर रहा है।

### NB.1.8.1

NB.1.8.1 वेरिएंट अप्रैल 2025 में तमिलनाडु में पहली बार पाया गया जबकि LF.7 वेरिएंट मई 2025 में गुजरात में चार लोगों में पाया गया। इन दोनों वेरिएंट्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने Variants Under Monitoring की श्रेणी में रखा है, जिसका अर्थ है कि ये वेरिएंट्स कुछ विशेष गुणों के कारण निगरानी के योग्य हैं। इनमें ऐसे म्यूटेशन्स पाए गए हैं जो वायरस को शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली से बच निकलने में मदद कर सकते हैं, जिससे यह ज्यादा तेजी से फैल सकता है और टीकाकरण के प्रभाव को कम कर सकता है।

NB.1.8.1 वेरिएंट में A435S/ V445H और T478I जैसे म्यूटेशन्स पाए गए हैं जो वायरस के स्पाइक प्रोटीन को प्रभावित करते हैं। यह वही स्पाइक प्रोटीन है जो वायरस को मानव कोशिकाओं से जोड़ने और उनमें प्रवेश करने में सहायता करता है। अगर इस प्रोटीन में परिवर्तन होता है, तो वायरस अधिक संक्रामक हो सकता है और कुछ मामलों में यह प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा पहचाना नहीं जा सकता। इससे पहले ओमिक्रॉन और डेल्टा जैसे वेरिएंट्स में भी इसी प्रकार के म्यूटेशन्स देखे गए थे, जिससे इनकी संक्रामकता बढ़ गई थी।

### LF.7

LF.7 वेरिएंट की उत्पत्ति संभवतः ओमिक्रॉन परिवार से हुई है, जो पहले ही कई उपवेरिएंट्स उत्पन्न कर चुका है। LF.7 की विशेषताओं पर अब तक बहुत कम जानकारी उपलब्ध है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह भी तीव्र गति से फैल सकता है और लोगों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। इस वेरिएंट से संबंधित मामलों की संख्या अभी तक सीमित है, लेकिन इसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए क्योंकि प्रारंभिक मामलों से ही महामारी की दूसरी लहरें शुरू हो चुकी हैं।

इन वेरिएंट्स के प्रसार की संभावना को देखते हुए हमें न केवल सतर्क रहने की आवश्यकता है, बल्कि अपने व्यक्तिगत और सामाजिक व्यवहार में भी सावधानी अपनानी होगी। टीकाकरण, स्वच्छता, मास्क पहनना, सामाजिक दूरी बनाए रखना और समय-समय पर जांच कराना ये सभी आवश्यक कदम हैं जो इस संक्रमण से बचने में मदद कर सकते हैं। आइए इन सभी उपायों को विस्तार से समझते हैं। सबसे पहले बात करें टीकाकरण की। आज भी टीकाकरण ही कोविड-19 के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार है। भले ही नए वेरिएंट्स किसी हद तक प्रतिरक्षा प्रणाली को चकमा देने में सक्षम हों, लेकिन टीकाकरण से शरीर को गंभीर बीमारी से बचाव मिलता है। यह देखा गया है कि जिन लोगों को कोविड-19 के खिलाफ पूरी तरह से टीका लगाया गया है, उन्हें संक्रमित होने पर भी गंभीर लक्षण नहीं होते और अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यदि आप पात्र हैं और आपने बूस्टर डोज नहीं ली है, तो बिना देर किए बूस्टर डोज जरूर लें। दूसरा महत्वपूर्ण उपाय है मास्क का उपयोग। कई लोग अब यह सोचने लगे हैं कि महामारी खत्म हो चुकी है, लेकिन वायरस अभी भी हमारे बीच है और नए स्वरूपों में आ रहा है। विशेष रूप से बंद जगहों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों और सार्वजनिक परिवहन में मास्क पहनना अत्यंत आवश्यक है। मास्क न केवल दूसरों को आपसे संभावित संक्रमण से बचाता है, बल्कि आपको भी संक्रमित हवा से बचाने में मदद करता है।

हाथों की स्वच्छता भी एक बुनियादी लेकिन अत्यंत प्रभावी उपाय है। वायरस हाथों के माध्यम से मुंह, नाक और आंखों तक पहुंच सकता है, जिससे संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए दिन में कई बार साबुन और पानी से हाथ धोना या अल्कोहल-बेस्ड सैनिटाइजर का उपयोग करना आवश्यक है, खासकर जब आप बाहर से घर लौटते हैं, भोजन से पहले या किसी वस्तु को छूने के बाद। सामाजिक दूरी भी एक अहम भूमिका निभाती है। संक्रमण से बचने के लिए यह जरूरी है कि हम सार्वजनिक स्थानों पर लोगों से कम से कम छह फीट की दूरी बनाए रखें। यह विशेष रूप से तब और भी जरूरी हो जाता है जब आपको किसी के लक्षण जैसे कि खांसी, बुखार या गले में खराश नजर आएं। कई लोग लक्षणों के बावजूद बाहर निकलते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य निगरानी या सेल्फ मॉनिटरिंग भी बेहद जरूरी है। अगर आपको कोविड-19 जैसे लक्षण महसूस होते हैं जैसे कि बुखार, थकान, गले में खराश, सिरदर्द, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, या स्वाद और गंध का चला जाना . तो आपको तुरंत जांच करानी चाहिए और खुद को दूसरों से अलग कर लेना चाहिए। यदि जांच में संक्रमण की पुष्टि होती है, तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुझाई गई होम आइसोलेशन की गाइडलाइंस का पालन करना चाहिए। इन सबके अलावा मानसिक रूप से जागरूक और सकारात्मक रहना भी अत्यंत आवश्यक है। महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत प्रभाव पड़ा है और नए वेरिएंट्स की खबरें फिर से चिंता पैदा कर सकती हैं। लेकिन यदि हम सतर्कता, सावधानी और विज्ञान पर विश्वास बनाए रखें, तो इन वेरिएंट्स का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां समय-समय पर दिशा-निर्देश और सलाह जारी करती रहती हैं। जनता का यह कर्तव्य बनता है कि वे इन निर्देशों का पालन करें और अफवाहों पर विश्वास न करें। सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही असत्य खबरों से बचें और केवल विश्वसनीय स्रा. ेतों से ही जानकारी प्राप्त करें। आज की तारीख में वैज्ञानिक और चिकित्सक समुदाय ने कोविड-19 के खिलाफ काफी हद तक सफलता प्राप्त की है। उनके अथक प्रयासों के कारण ही हम आज इस महामारी को बेहतर तरीके से समझ पा रहे हैं और इससे निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा पा रहे हैं, लेकिन यह लड़ाई अब भी पूरी नहीं हुई है। नए वेरिएंट्स, चाहे वे अभी कम प्रभावी दिखें, लेकिन समय के साथ उनके प्रभाव गंभीर हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम सामूहिक रूप से जिम्मेदारी निभाएं और कोविड-19 की रोकथाम के लिए हरसंभव उपाय करें। यही समय है कि हम अपनी व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझें और सतर्कता के साथ आगे बढ़ें। यदि आप माता-पिता हैं, तो अपने बच्चों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें स्वच्छता के नियमों के पालन की शिक्षा दें। यदि आप वरिष्ठ नागरिकों के साथ रहते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है क्योंकि ये नए वेरिएंट्स बुजुर्गों को अधिक प्रभावित कर सकते हैं। वहीं जो लोग पहले से किसी बीमारी से ग्रसित हैं जैसे कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा या हृदय रोग, उन्हें और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

कोविड-19 से संबंधित किसी भी लक्षण को नजर. अंदाज न करें। संक्रमण का समय रहते पता चलना और इलाज शुरू करना ही आगे की जटिलताओं से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। यदि आपको कोविड-19 की पुष्टि होती है तो स्वयं को आइसोलेट करें और अपने संपर्क में आए लोगों को सूचित करें ताकि वे भी सतर्क हो सकें।

**इसके अलावा मुनक्का एनीमिया से छुटकारा भी दिलाता है। इसमें भरपूर मात्रा में आयरन, फोलेट और विटामिन बी होता है, जो हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करता है और खून की कमी को दूर करता है। मुनक्का एक ऐसा सूपरफूड है, जो कब्ज से राहत दिलाने में मदद करता है, फाइबर से भरपूर मुनक्का पाचन तंत्र को मजबूत करता है।**

# रोज खाली पेट पिएं भीगे मुनक्के का पानी

रोज सुबह खाली पेट भीगे मुनक्के का पानी पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यहां जानिए मुनक्के का पानी किन 5 बड़ी बीमारियों में राहत देने में मददगार हो सकता है। सुबह की शुरुआत अगर सेहतमंद तरीके से की जाए तो पूरा दिन अच्छा गुजरता है। आयुर्वेद में कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताए गए हैं जो रोजाना की छोटी-छोटी दिक्कतों को जड़ से दूर कर सकते हैं। इन्हीं में से एक है मुनक्के का पानी। रोज सुबह खाली पेट भीगे मुनक्के का पानी ढ्ढडनदां ̋जमतत्र पीना कई बीमारियों से बचाव में मददगार माना जाता है। आइए जानते हैं मुनक्के का पानी पीने से किन 5 बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम्स में राहत मिल सकती है।



### 1. पेट की समस्याएं होती हैं दूर

आजकल की खराब लाइफस्टाइल और खानपान की वजह से कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी दिक्कतें आम हो गई हैं। मुनक्का फाइबर से भरपूर होता है जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। अगर आप रोज सुबह खाली पेट मुनक्के का पानी पीते हैं तो पेट साफ रहता है और कब्ज से राहत मिलती है।

### 2. खून की कमी होगी दूर

अगर शरीर में खून की कमी यानी एनीमिया है तो मुनक्का आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसमें आयरन, कॉपर और विटामिन ठ-कॉम्प्लेक्स होता है जो रेड ब्लड सेल्स बढ़ाने में मदद करता है। नियमित रूप से मुनक्के का पानी पीने से शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और कमजोरी दूर होती है।

### 3. दिल रहेगा हेल्थी

मुनक्का हार्ट के लिए भी बहुत अच्छा माना जाता है। इसमें पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखते हैं और कोलेस्ट्रॉल कम करते हैं। इससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। अगर आप दिल की सेहत को लेकर सजग हैं तो मुनक्के का पानी आजमा सकते हैं।

### 4. इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार

मौसम बदलते ही अगर आपको बार-बार सर्दी-जुकाम हो जाता है तो आपकी इम्युनिटी कमजोर हो सकती है। मुनक्का शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। इसमें नैचुरल शुगर और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो शरीर को वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने की ताकत देते हैं।


### 5. ब्लड शुगर रहता है कंट्रोल

भले ही मुनक्का मीठा होता है, लेकिन इसमें जो मिठास होती है वो धीरे-धीरे पचती है। इससे शुगर तेजी से नहीं बढ़ता। डायबिटीज के मरीज भी डॉक्टर से पूछकर थोड़ी मात्रा में इसे ले सकते हैं। इससे एनर्जी भी मिलती है और शुगर भी कंट्रोल में रहता है।

### सेवन

रात को 7-8 मुनक्के को एक ग्लास पानी में भिगो दें। सुबह छानकर पी लें और चाहें तो मुनक्के को चबा भी सकते हैं। इसे रोजाना करने से कुछ ही दिनों में असर दिखने लगेगा।

# देश की राजनीति में अपशब्दों का बढ़ता प्रचलन!



**विनीत नारायण**

भारत, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, एक ऐसा देश है जहां विविधता उसकी ताकत और चुनौती दोनों है। यहां की राजनीति में विभिन्न दलों के राजनेता अपने विचारों, नीतियों और नेतृत्व के माध्यम से जनता का विश्वास जीतने का प्रयास करते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में, भारतीय राजनीति में अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का बढ़ता उपयोग एक गंभीर मुद्दा बन गया है। यह न केवल सार्वजनिक विमर्श के स्तर को नीचे लाता है, बल्कि यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों, जैसे स्वतंत्रता, समानता, सम्मान और संवादके खिलाफ भी है। भारतीय राजनीति में अपशब्दों का प्रयोग पहले कतई नहीं होता था, लेकिन हाल के दशकों में इसकी तीव्रता और आवृत्ति में चिंताजनक वृद्धि हुई है। विभिन्न दलों के राजनेता, चाहे वे सत्ताधारी हों या विपक्षी, अक्सर एक-दूसरे पर निजी हमले करने, अपमानजनक टिप्पणियां करने और समाज को विभाजित करने वाले बयान देने में संकोच नहीं करते। उदाहरण के लिए, कुछ राजनेताओं ने अपने विरोधियों को नीच, मवाली, गद्दार, जैसे शब्दों से संबोधित किया है। ऐसे बयानों का उद्देश्य अक्सर अपने समर्थकों को उत्तेजित करना और विपक्ष को कमजोर करना होता है। लेकिन यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तोड़ता है। 2017 में, एक सांसद ने एक धार्मिक आयोजन में जनसंख्या वृद्धि के लिए एक विशेष समुदाय को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, देश में समस्याएं खड़ी हो रही हैं जनसंख्या के कारण। इसके लिए हिंदू जिम्मेदार नहीं हैं। जिम्मेदार तो वो हैं जो चार बीवियों और चालीस बच्चों की बात करते हैं। इस तरह के बयान न केवल सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में विभाजन को और गहरा करते हैं। बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है पर उस पर प्रहार जनसंख्या नियंत्रण की नीति बना कर किया जाना चाहिए न कि केवल भड़काऊ बयान देकर। लोकतंत्र का गुण यह है कि ए जनता की भागीदारी, स्वतंत्र अभिव्यक्ति और विचारों के खुले आदान-प्रदान का मौका देता है। भारत का संविधान, विशेष रूप से अनुच्छेद 19, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। लेकिन इसके साथ ही यह अपेक्षा भी करता है कि यह स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ प्रयोग की जाए। जब राजनेता अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का सहारा लेते हैं, तो वे लोकतंत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। जब राजनेता नीतियों और विचारों के बजाय व्यक्तिगत हमलों और अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, तो यह विमर्श का स्तर गिराता है। सार्वजनिक जीवन में हमें एक-दूसरे की नीयत पर भरोसा करना चाहिए, हमारी आलोचना नीतियों पर आधारित होनी चाहिए, व्यक्तित्व पर नहीं। आज के काफी राजनेताओं का व्यवहार इस सिद्धांत के विपरीत हो रहा है। गत दस वर्षों से मुसलमानों के लेकर कार्यकर्ताओं और नेतृत्व के लगातार आने वाले विरोधी बयानों ने देश में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी। उदाहरण के लिए, एकमहिला नेता ने 2014 में एक सभा में लोगों को हरामजादोंह्व और हहरामजादोंह्व में बांटने की बात कही। दूसरी तरफ सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत कहते हैं कि 'हिंदू और मुसलमानों का डीएनए एक है, या मुसलमानों के बिना हिंदुत्व नहीं हैं।' ऐसे विरोधाभासी बयानों से समाज में वैमनस्य और भ्रम की स्थिति फैलती है। जब राजनेता गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं, तो यह लोकतांत्रिक संस्थाओं, जैसे संसद और न्यायपालिका, के प्रति जनता के विश्वास को कम करता है। उदाहरण के लिए, 2024 में एक सांसद ने भाजपा पर संविधान को हहजार घावों से खून बहाने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा नेताओं ने विपक्षी नेताओं पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। इस तरह के आपसी आरोप-प्रत्यारोप संसद जैसे मंच की गरिमा को कम करते हैं। अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का उपयोग अक्सर असहमति को दबाने के लिए किया जाता है। पत्रकारों और आलोचकों को प्रेस्टीट्यूट जैसे शब्दों से संबोधित करना या उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करता है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, क्योंकि असहमति और आलोचना लोकतंत्र के आधार हैं। राजनेताओं के अपशब्द और गैर-जिम्मेदाराना बयान समाज पर गहरा प्रभाव डालते हैं। यह बयान न केवल जनता के बीच नकारात्मक भावनाओं को भड़काते हैं, बल्कि सामाजिक समरसता को भी नुकसान पहुंचाते हैं। सोशल मीडिया के युग में, जहां ए बयान तेजी से वायरल होते हैं, इनका प्रभाव और भी व्यापक हो जाता है। इससे न केवल राजनीतिक तनाव बढ़ता है, बल्कि सामाजिक ध्रुवीकरण भी होता है। इसके अलावा, जब राजनेता लैंगिक, धार्मिक या जातीय आधार पर अपमानजनक टिप्पणियां करते हैं, तो यह समाज के कमजोर वर्गों, जैसे महिलाओं, अल्पसंख्यकों और दलितोंके प्रति असंवेदनशीलता को बढ़ावा देता है। उदाहरण के लिए, 2013 में एक नेता ने अपनी ही पार्टी की सांसद को सौ टंच माल कहकर संबोधित किया, जो न केवल अपमानजनक था, बल्कि लैंगिक रूप से असंवेदनशील भी था। इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। चुनाव आयोग को राजनेताओं के अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। 2019 में, चुनाव आयोग ने कुछ नेताओं को नोटिस जारी किए थे, लेकिन ऐसी कार्रवाइयों को और प्रभावी करने की आवश्यकता है।मीडिया को भी गैर-जिम्मेदाराना बयानों को बढ़ावा देने के बजाय, स्वस्थ विमर्श को प्रोत्साहित करना चाहिए। सोशल मीडिया पर भी ऐसी सामग्री को नियंत्रित करने के लिए नीतियां बनानी चाहिए। जनता को जागरूक करने की आवश्यकता है कि वे ऐसे नेताओं का समर्थन न करें जो अपशब्दों और विभाजनकारी बयानों का सहारा लेते हैं। शिक्षा और जागरूकता अभियान इस दिशा में मदद कर सकते हैं।राजनेताओं को अपने बयानों के लिए जवाब. देह ठहराया जाना चाहिए। संसद और विधानसभाओं में आचार समितियों को और सक्रिय करना होगा। जब से संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण टीवी पर होना शुरू हुआ है, तब से देश के कोने-कोने में बैठे आम जन अपने राजनेताओं का आचरण देख कर उनके प्रति हेय.ष्टि अपनाने लगे हैं। युवा पीढ़ी पर तो इसका बहुत ही खराब असर पड़ रहा है। भगवान कृष्ण भगवद गीता में कहते हैं कि बड़े लोग जैसा आचरण करते हैं तो समाज उनका वैसे ही अनुसरण करता है। नेताओं के उद्दंड व्यवहार से समाज में अराजकता और हिंसा बढ़ रही है जो सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# टैरिफ-जाल के सहारे ट्रम्प की भारत पर नजर

## अमेरिका की नौ बड़ी कंपनियां 80% प्रोडक्ट बाहर बना रहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भले ही एपल को भारत में स्मार्टफोन न बनाने के लिए धमका रहे हों, लेकिन खुद यूएस डिपार्टमेंट आफ कामर्स की रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका हर साल 425 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद और सेवाएं (भारत की जीडीपी से 32 प्रतिशत ज्यादा) दुनिया से आयात करता है। 9 बड़ी अमेरिकी कंपनियां अपने 80प्रतिशत उत्पाद दूसरे देशों में बनाती या खरीदती हैं।

2002 में 77 प्रतिशतअमेरिकी मेड इन यूएसए प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते थे। 2023 में यह संख्या घटकर सिर्फ 46 प्रतिशत रह गई है। अमेरिका में 90 प्रतिशत इलेक्ट्रिक सामान, 50 प्रतिशत दवाएं, 75 प्रतिशत कपड़े, 60 प्रतिशत घरेलू सामान बाहर से आ रहे हैं। सरकार न



### अमेरिका में 90% प्रतिशत इलेक्ट्रिक सामान, 50% दवाएं, 75 फीसद कपड़े, 60 फीसद घरेलू सामान बाहर से आ रहे

कोविड के बाद अमेरिका ने देसी मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दिया। 300 कंपनियां इसमें शामिल हुईं, लेकिन अमेरिका में 3207 रुपये/घंटे की मजदूरी के चलते वे उत्पादन शुरू नहीं कर पाईं। चीन में यह 116 रुपये है। कोविड के बाद के दो साल में अमेरिका की इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स पर निर्भरता 34 प्रतिशत से 52 प्रतिशत हो गई है। एपल पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दक्षिण कोरियाई स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरर्स सैमसंग पर भी एक्शन ल

### कोविड के बाद के दो साल में अमेरिका की इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स पर निर्भरता 34% से 52% हो गई है

सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट बताती है कि सैंमसंग पर भी टैरिफ की तलवार लटकी है, क्योंकि ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ उन सभी कंपनियों पर लागू होगा, जो अमेरिका से बाहर अपने उत्पाद बना रही हैं। भारत के कुल स्मार्टफोन फोन निर्यात में एपल और सैमसंग का योगदान 94 प्रतिशत है। 2024 में इसमें 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी इन्हीं दो कंपनियों की वजह से हुई। सैमसंग भारत में 6 करोड़ स्मार्टफोन हर साल बना रही है। भारत में अगले साल तक सैमसंग 9.3 करोड़ फोन बनाने लगेगी। अमेरिका दुनियाभर से सामान ले रहा, लेकिन दिक्कत सिर्फ भारत से है।

### निम्न अमेरिकी कंपनियों की विस्तृत रिपोर्ट

**1 एपल:**

29 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद अमेरिका से बाहर बनाता है। इसमें 1.87 लाख करोड़ का उत्पादन भारत में है। वह अपने 80 प्रतिशत आईफोन, 55 प्रतिशत आईपेड और 80 प्रतिशत मैकबुक चीन में बनाता है। वियतनाम में 65 प्रतिशत एयरपोड और 90प्रतिशत एपल वाच बनाता है। ताइवान में हिस्सेदारी 2 से 5 प्रतिशत तो ब्राजील और थाईलैंड में 1-1 प्रतिशत है। अमेरिका में सिर्फ मैक प्रो, एआई सर्वर चिप कंपोनेंट ही बनाता है।

**2 गूगल:**

60 से 70 प्रतिशत फोन चीन, 20 से 30 प्रतिशत वियतनाम और 10 प्रतिशत भारत में बनाती है। अमेरिका में एक फोन नहीं बनाती। सालाना बाहरी उत्पादन 44 हजार करोड़ रुपये है।

**3 टेस्ला:**

55 प्रतिशत उत्पाद चीन, 10 प्रतिशत जर्मनी, शेष 35 प्रतिशत अमेरिका में बनाती है। कंपनी आने वाले दिनों में भारत में उत्पादन करना चाहती है। टेस्ला के राजस्व में बाहर से बने उत्पादों की हिस्सेदारी 4.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है।

**4 ऐनवीडिया:**

चिप मेकर। 60-70 प्रतिशत जीपीयू, टेंसर चिप और टेग्रा एसओसी चीन और ताइवान में बनाती है। महज 5-10 प्रतिशत उत्पाद ही अमेरिका और इतना ही दक्षिण कोरिया में उत्पादन है। इसका सालाना 10.20 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन अमेरिका से बाहर का है।

**5 नाइकी:**

इसका 50 प्रतिशत उत्पादन वियतनाम, 20 प्रतिशत चीन, 20 प्रतिशत इंडोनेशिया, 5-10 प्रतिश तथाईलैंड, 1-5 प्रतिशत अमेरिका में है। 4.33 लाख करोड़ का उत्पादन बाहर करती है।

**6 जानसन एंड जानसन:**

फार्मा और कंज्यूमर हेल्थ प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी अपने 40 प्रतिशत उत्पाद ही अमेरिका में बनाती है। शेष 30 प्रतिशत यूरोप 15 प्रतिशत चीन और 10 प्रतिशत भारत में बनाती है। बाहर बने उत्पादों का मूल्य 3.23 लाख करोड़ रुपये है।

**7 प्राक्टर एंड गेंबल:**

उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली यह कंपनी 40 प्रतिशत उत्पाद अमेरिका, 15 प्रतिशत चीन, 15 प्रतिशत यूरोप और 5-10 प्रतिशत उत्पाद फीलीपींस, थाईलैंड और भारत में बनाती है।

# ट्रम्प ने रूस पर मिसाइल तकनीक चोरी का जड़ा इल्जाम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस पर अमेरिका की हाइपरसोनिक मिसाइल टेक्नोलाजी को चुराने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि हाइपरसोनिक तकनीक को हमने डिजाइन किया है। उन्होंने दावा किया कि ओबामा के राष्ट्रपति रहते रूस ने इस चोरी को अंजाम दिया। ट्रम्प शनिवार को यूएस मिलिट्री एकेडमी, वेस्ट पाइंट के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने एकेडमी से पासअकिमीट हुए 1000 कैडेट को संबोधित भी किया।

मेरे सामने मैदान में मौजूद हर कैडेट को आज की सुबह का आनंद लेना चाहिए, क्योंकि यह एक ऐसा दिन है जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। थोड़ी देर बाद आप मानव इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित सैन्य अकादमी से पासअकिमीट होंगे और दुनिया की अब तक की सबसे महान और सबसे शक्तिशाली सेना में अधिकारी बनेंगे। इस दौरान ट्रम्प ने यह भी बताया कि 8 कैडेट ने हाइपरसोनिक मिसाइल को बनाने का चैलेंज लिया है, जिनका इस्तेमाल अमेरिका कर सकता है। ट्रम्प ने सेना में ट्रांसजेंडर की भर्ती पर लगाए गए बैन को सही ठहराते हुए बचाव भी किया। ट्रम्प ने सभी कैडेट को बधाई देते हुए उन्हें विजेता बताया। पासअकिमीट होने वाले इन कैडेट में 250 महिला

- आरोप: ओबामा के राष्ट्रपति रहते ऐसा हुआ, सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती बैन करने को सही ठहराया
- ट्रम्प ने सभी कैडेट को बधाई देते हुए उन्हें विजेता बताया

कैडेट भी शामिल थीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मिलिट्री हेलिकाप्टर से एकेडमी पहुंचे। ट्रम्प ने भाषण के दौरान ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में सेवा देने से बैन करने पर अपने प्रशासन की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि हमने अपने सैनिकों को विभाजनकारी ट्रेनिंग से आजाद कर दिया है। अब हमारे देश में क्रिटिकल रेस थ्योरी या ट्रांसजेंडर फार एवरीबाडी को महिला या पुरुष सैनिकों पर थोपा नहीं जाएगा। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 27 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश के जरिए अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की भर्ती और सेवा पर प्रतिबंध लगा दिया। इस आदेश में कहा गया कि सेना में जेंडर के होने से अनुशासन, एकजुटता पर असर पड़ता है। फिलहाल ट्रांसजेंडर को नौकरी से निकालने का मामला अभी कोर्ट में है। अगले महीने इस पर फैसला आ सकता है। अमेरिकी सेना में लगभग 21 लाख सक्रिय सैनिक हैं।

# शांति और सद्भाव में विश्वास करता है भारत: रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान की सच्चाई बताने के लिए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला डेलीगेशन भारत से रवाना हो गया है।

ये डेलीगेशन 25 मई से 7 जून तक यूरोप के छह देशों- फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, बेल्जियम और जर्मनी का दौरा करेगा। रवाना होने से पहले रविशंकर ने कहा कि हम दुनिया को साफ-साफ बताएंगे कि भारत शांति और सद्भाव में विश्वास करता है, लेकिन अगर निर्दोष भारतीयों पर बर्बर हमला होता है तो उसका जवाब जरूर दिया

- लेकिन अगर हमारी माताओं- बहनों का सिंदूर उजाड़ा, तो ऑपरेशन सिंदूर से जवाब मिलेगा

जाएगा। अगर हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर कोई उजाड़ेगा तो उसे ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि हम दुनिया को बताएंगे कि आतंकवाद एक वैश्विक कैंसर है और इसका केंद्र पाकिस्तान है। हम ये भी बताएंगे कि इस आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होकर एक ही आवाज में बोलने की जरूरत है। डेलीगेशन में शामिल शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है। पाकिस्तान आज 'आतंकिस्तान' बन गया है। सभी आतंकवादियों की जड़ें पाकिस्तान में पाई जाती हैं। आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस का हमारा संकल्प पाकिस्तान को कमजोर करेगा और उसके 'आतंकवाद' को खत्म करेगा। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए भारत से सभी 7 डेलीगेशन रवाना हो गए हैं। इनमें से 6 डेलिगेशन अपने-अपने निर्धारित देश पहुंच गए हैं। दो डेलीगेशन 21 मई को, एक 22 मई को, तीन 24 मई को और एक डेलीगेशन 25 मई को विदेश रवाना हुआ।

# डैनियल नोबोआ ने इक्वाडोर के राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

**क्विटो।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने शनिवार को क्विटो में नेशनल असेंबली में एक समारोह के दौरान अपने पहले पूर्ण कार्यकाल के लिए शपथ ली। अप्रैल में फिर से चुनाव जीतने वाले 37 वर्षीय व्यवसाई, जिन्होंने ने 2023 के अंत में स्नैप चुनाव जीतने के बाद अभी-अभी अपना 18 महीने का प्रारंभिक कार्यकाल पूरा किया था। उनका नया कार्यकाल 2029 तक चलेगा। नोबोआ ने शासन में एक नया दृष्टिकोण लाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हम चक्रों को तोड़ने आए हैं। उन्होंने स्थाई परिवर्तन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# इजरायल का कहर जारी: नौ बच्चों की मौत

## इजरायल के युद्ध में अब तक कम से कम 53901 फलस्तीनी मारे गए और 122,593 घायल हुए

**खान यूनिस।** गाजा में एक डॉक्टर के घर पर हुए इजरायली हवाई हमले में उसके दस बच्चों में से नौ की मौत हो गई है। नासेर अस्पताल के एक डॉक्टर के अनुसार, डॉ. अला अल-नज्जर का एक बच्चा और उनके पति घायल हो गए, लेकिन बच गए। अस्पताल में काम करने वाले ब्रिटिश सर्जन ग्रीम ग्रूम ने जीवित बचे 11 वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन किया।

उन्होंने बीबीसी को बताया कि यह 'असहनीय रूप से क्रूर' है कि उनकी मां जिन्होंने बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में बच्चों की देखभाल में कई साल बिताए एक ही मिसाइल हमले में अपने लगभग सभी बच्चों को खो सकती हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इजरायल की सेना ने कहा कि वह 'गैर-संलग्न नागरिकों को

- अस्पताल में काम करने वाले ब्रिटिश सर्जन ग्रीम ग्रूम ने जीवित बचे 11 वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन किया

नुकसान पहुंचाने के दावे की समीक्षा कर रही है।' इजरायली सेना ने कहा कि उसके विमान ने शुक्रवार को खान यूनिस में कई संदिग्धों पर हमला किया था। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक द्वारा साझा किए गए एक वायरल वीडियो में खान यूनिस में हमले के मलबे से छोटे जले हुए शवों को उठाया गया था। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसके 'विमान ने कई संदिग्धों पर हमला किया, जिनकी पहचान खान यूनिस के क्षेत्र में आईडीएफ सैनिकों के बगल में एक संरचना से संचालन करते हुए की गई थी।' आईडीएफ ने कहा, "खान यूनिस क्षेत्र एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र है। वहां अभियान शुरू करने से पहले आईडीएफ ने अपनी सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र से नागरिकों को निकाला। स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक डॉ. मुनीर अलबोर्श ने 'एक्स' पर कहा कि डॉ. अल-नज्जर के पति हम्दी के अपनी पत्नी को काम पर ले जाने के बाद घर लौटने के कुछ ही मिनटों बाद अल-नज्जर के घर पर हमला किया गया। डॉ. ग्रूम ने कहा कि बच्चों के पिता बहुत बुरी तरह से घायल हो गए, उनके 'सिर में गहरी चोट' आई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गाजा पर इजरायल के युद्ध में कम से कम 53,901 फलस्तीनी मारे गए और 122,593 घायल हुए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार हालांकि सरकारी मीडिया कार्यालय ने मृतकों की संख्या 61,700 से अधिक बताई।

# पाकिस्तान में आंधी-तूफान से 19 लोगों की मौत, 90 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के कारण कम से कम19 लोगों की मौत हो गई और 90 अन्य घायल हो गए। खराब मौसम की वजह से कई जिलों में भारी बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं जिससे व्यापक स्तर पर जानमाल का नुकसान हुआ।

एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रांत के कई जिलों में मुख्य रूप से मकान ढहने और पेड़ गिरने से मौतें हुईं। तूफान और वर्षा के कारण कई स्थानों पर मिट्टी के मकान और कमजोर इमारतें गिर गईं। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार तूफान में पेड़ गिरने, बिलबोर्ड उखड़ने और सौर पैनलों को नुकसान पहुंचने की घटनाएं भी व्यापक रूप से हुईं जिससे बड़ी संख्या में लोग मारे गये और घायल हुए। पूरे प्रांत में यातायात काफी प्रभावित हुआ। मोटरवे पुलिस ने खराब दृश्यता और तूफान के कारण सड़क मार्ग को कई स्थानों पर बंद कर

- खराब दृश्यता और तूफान के कारण सड़क मार्ग को कई स्थानों पर बंद कर दिया था

दिया था। प्रांत की राजधानी लाहौर में भी उड़ान संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। परेशान और घबराए हुए यात्रियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर देखा गया। कराची से लाहौर जाने वाली एक निजी एयरलाइन की उड़ान को अल्लामा इकबाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। विमानन सूत्रों ने बताया कि पायलट ने अशांत मौसम को देखते हुए लैंडिग को रोक दिया और हवाई यातायात नियंत्रण के निर्देशों के बाद विमान को सुरक्षित रूप से कराची वापस कर दिया। सूत्रों ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण से निर्देश प्राप्त करने के बाद विमान सुरक्षित रूप से कराची के दक्षिणी बंदरगाह शहर में लौट आया, जबकि कई अन्य उड़ानें भी तेज हवाओं के कारण विलंबित हुईं।



गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर जलभराव वाले रोड पर चलते वाहन।

# मुनीर ने फील्ड मार्शल बनने पर डिनर दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने फील्ड मार्शल का पद मिलने के बाद शनिवार रात डिनर का आयोजन किया। इस डिनर में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पीएम शहबाज शरीफ भी शामिल हुए। पीपुल्स पार्टी के लीडर और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी डिनर में शामिल होने पहुंचे। मुनीर ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान तेजी से फैसले लेने के लिए पाकिस्तान की पालिटिकल लीडरशिप को शुक्रिया कहा है।

डिनर में पाकिस्तान की सीनेट के अध्यक्ष, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, जाइंट चीफ आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष, वायु सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख, तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख राजनीतिक दलों के सीनियर लीडर शामिल थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज से तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर जाएंगे। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे।

- पीएम शहबाज और राष्ट्रपति जरदारी पहुंचे और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी शामिल हुए

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor

# अफगानिस्तान में बारूदी सुरंगों से गई 200 लोगों की जान

**काबुल।** अफगानिस्तान में दशकों तक चले संघर्षों के बाद, अब भी ज़मीन में दबे बारूदी सुरंगों से जान जाने का खतरा बना हुआ है। इन्हीं सुरंगों के कारण परवान प्रांत के कोह सफी जिले के एक गांव में तीन दशकों में अब तक करीब 200 लोगों की जान जाने की खबर है। अफगानिस्तान के दूरस्थ गांव जौज़ाक में आज भी ज़मीन में दबे बारूदी सुरंगों का खतरा बना हुआ है। यहां करीब एक हजार परिवार रहते हैं। टोलो न्यूज़ को स्थानीय निवासी मोहसिन खान ने बताया कि पिछले 30 वर्षों में बारूदी सुरंगों ने लगभग 200 लोगों की जान ले ली है और कई लोग घायल भी हुए हैं। एक अन्य ग्रामीण उमर गुल ने कहा कि जहां भी जाओ, हर पहाड़ी और खेत में बारूदी सुरंगें बिछी हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर से खौफ के साये में पाक

## चीन की सहायता से कर रहा अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण

**वाशिंगटन।** पहलगाम हमले के बाद भारत के आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान अब तक खौफ में है। उसे अपनी स्थिति का अंदाजा हो गया है, इसीलिए वह चीन की मदद लेकर अपने परमाणु शस्त्रागार को विकसित कर रहा है। ऐसा दावा अमेरिका ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा रविवार को जारी 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' में पाकिस्तान को लेकर कई दावे किए हैं।

इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान चीन से सैन्य और आर्थिक सहायता लेकर अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहा है। इतना ही नहीं, इसमें यह भी कहा गया है कि वह भारत को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। बता दें कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी द्वारा

- अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने रिपोर्ट मं 2024 में पाकिस्तान को लेकर कई दावे किए

जारी की गई यह रिपोर्ट अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा उपसमिति के लिए बनाई गई है। 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' में पाकिस्तान की सेना उसके सैन्य अभियानों और परमाणु हथियारों के बारे में विस्तार के जानकारी दी गई है। इसमें दावा किया गया है कि आने वाले साल में पाकिस्तान की शीर्ष प्राथमिकता सैन्य ढांचे को विकसित और मजबूत करने के साथ ही क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ सीमा पार होने वाली झड़पें और अपने परमाणु शस्त्रागार का निरंतर आधुनिकीकरण शामिल होगा। अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता है। ऐसे में वह भारत की सैन्य ताकत का मुकाबला करने के लिए खुद को और अपनी सेना को विकसित कर रहा है। वहीं, वह अपने परमाणु हथियारों सहित उनकी सुरक्षा और कमान प्रणाली को भी विकसित और आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कर रहा है। इसके लिए वह विदेशी आपूर्तिकर्ताओं और बिचौलियों से सामूहिक विनाश के हथियार (डब्ल्यूएमडी) से जुड़े सामान खरीद रहा है। इसमें चीन उसका सबसे बड़ा मददगार है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान चीन से सामूहिक विनाश के हथियार (डब्ल्यूएमडी) विकसित करने के लिए सामग्री और प्रौद्योगिकी हासिल कर रहा है। इनमें से ज्यादातर सामग्री हांगकांग, सिंगापुर, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के जरिये हो रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया इस आपरेशन में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमलों की कोशिश की, जिसका भारत ने कड़ा जवाब दिया। पाकिस्तान को सबसे बड़ा झटका 10 मई की सुबह लगा, जब भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिनमें हवाई अड्डे, रडार इकाइयां और गोला-बारूद के भंडार शामिल थे।